CMYK

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 22°C
81,451.01
24,750.70
98,010
99,900

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

नई दिल्ली, सोमवार 2 जून 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 61 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2082 5 ज़िलहिज्जा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## मई में जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष 2025 के दूसरे महीने मई में जीएसटी राजस्व संग्रह 2,01,050 करोड़ रुपये रहा है, जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 1,72,739 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 16.4 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर रविवार को जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2025 में सीजीएसटी संग्रह 35434 करोड़ रुपये रहा है। एसजीएसटी 43902 करोड़ रुपये और आईजीएसटी 108836 करोड़ रुपये रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12879 करोड़ रुपये रहा है। रिफंड के बाद मई 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 173841 करोड़ रुपये रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 144381 करोड़ रुपये के संग्रह की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक है। मई 2025 में 27210 करोड़ रुपये का रिफंड किया गया है।

## आर्मी अफसर की याचिका खारिज, बर्खास्तगी बरकरार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय सेना के एक अधिकारी की बर्खास्तगी को सही ठहराया है, जिसे धार्मिक परेड में हिस्सा न लेने के कारण 2017 में सेवा से हटा दिया गया था। अधिकारी सैमुअल कमलेसन ने यह कहते हुए परेड में शामिल होने से इन्कार कर दिया था कि वे ईसाई धर्म से हैं। कमलेसन ने कोर्ट में याचिका दायर कर बर्खास्तगी को चुनौती दी थी। उन्होंने पेंशन और ग्रेच्युटी की मांग के साथ नौकरी पर दोबारा बहाल करने की अपील की थी, लेकिन 30 मई को जस्टिस नवीन चावला और जस्टिस शालिंदर कौर की पीठ ने सेना के फैसले को बरकरार रखा।

## मान ने वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला

**नई दिल्ली।** एयर मार्शल जसवीर सिंह मान ने रविवार को भारतीय वायुसेना की पश्चिमी वायु कमान के वरिष्ठ एयर स्टाफ ऑफिसर का पदभार संभाला। वह राष्ट्रपति के 'अति विशिष्ट सेवा पदक' और 'वायुसेना पदक' से सम्मानित एयर मार्शल मान इससे पहले वायुसेना मुख्यालय में महानिदेशक (हथियार प्रणाली) थे। एयर मार्शल मान राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के छात्र रहे हैं और 16 दिसम्बर-1989 को भारतीय वायुसेना में लड़ाकू पायलट के रूप में नियुक्त हुए थे। उन्हें विभिन्न प्रकार के लड़ाकू विमानों में 3000 घंटे से अधिक की उड़ान का अनुभव है। वह एक पायलट अटैक इंस्ट्रक्टर हैं और अपने ऑपरेशनल करियर में उन्होंने एक फाइटर स्क्वाड्रन की कमान संभाली है।

# ऑपरेशन सिंदूर से उजागर हुआ जासूसी नेटवर्क

## पाक से हुए यूपीआई, हवाला लेनदेन से पकड़े गए 12 जासूस

शाह टाइम्स ब्यूरो



**■ नौ आतंकी ठिकाने तबाह होने पर पाक ने भारत में एक्टिव किए थे जासूस**

**नई दिल्ली।** ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत में गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान के 12 जासूसों तक आखिर खुफिया एजेंसियां कैसे पहुंचीं? इस सवाल का जवाब चौंकाने वाला है।

इन एजेंसियों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि जब भारत ने 9 आतंकी ठिकाने तबाह किए, तभी बौखलाए पाक ने भारत में अपने सभी जासूस एक्टिव किए। उनसे सोशल मीडिया व अन्य माध्यमों से भारतीय सैन्य ठिकानों, सेना के मूवमेंट्स, सैन्य बेस, एयरबेस की संवेदनशील जानकारियां मंगाना तेज कीं। इसके लिए इन्हें पाकिस्तान से पे-पल पेमेंट एप, ऑनलाइन गैंबलिंग एप, ब्लॉक चेन टेक्नोलॉजी, हवाला, यूपीआई और क्रिप्टोकरेंसी के जरिये 20 हजार से लेकर एक लाख रुपये तक मिले। सीजफायर के बाद भारतीय खुफिया एजेंसियों के रडार पर वे सोशल मीडिया अकाउंट और फोन नंबर आए, जो लड़ाई के दौरान लगातार एक्टिव थे और आईएसआई उनसे संपर्क में थी। सूत्रों ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक से भारत में हुए हवाला, यूपीआई और बिटकॉइन ट्रांजेक्शन की जानकारी डार्क वेब पर मिली। इन ट्रांजेक्शन्स की पड़ताल में पाकिस्तान की जासूस ज्योति मल्होत्रा, अरमान, देवेंद्र सिंह ढिल्लो, मोहम्मद मुर्तजा अली, सुखप्रीत सिंह, करनबीर सिंह, नोमान इलाही, हारून, तुफैल, सुखदेव सिंह गोहिल, शहजाद और मोतीराम जाट की जानकारी मिली। गृह मंत्रालय को इसकी जानकारी दी गई। यदि कार्रवाई में जरा भी देरी होती, तो जासूस भाग सकते थे। इसलिए तय हुआ कि जो जासूस जिस राज्य का है, वहां की जांच एजेंसी को पकड़ने की जिम्मेदारी दें। नतीजा इन 12 समेत 15 पकड़े गए।

## दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी और बारिश, छाया अंधेरा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**■ 76 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली हवाएं**

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में एक बार फिर से मौसम ने करवट ली है। रविवार शाम को दिल्ली और आसपास के इलाकों में तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई।

शाम करीब 5 बजे 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। कई जगहों पर हल्की से मध्यम और भारी बारिश भी देखने को मिली है। शाम को दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में काले बादलों की वजह से अंधेरा छा गया। कई जगहों पर तेज आंधी की वजह से नुकसान की खबरें आ रही हैं। मौसम विभाग ने दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों में तेज आंधी और बारिश के लिए पहले ही अलर्ट जारी किया था। दिल्ली के प्रगति मैदान में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं। नोएडा और गाजियाबाद के क्षेत्रों में भी 65 से 75 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार की हवाएं दर्ज की गईं। कई जगहों पर पेड़ों के टूटने और वाहनों को नुकसान होने की खबरें सामने आ रही हैं। बिजली विभाग की ओर से सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए कई इलाकों में बिजली सप्लाई को बंद किया गया है। दिल्ली के पालम, झरोदा कलां, सफदरजंग समेत कई इलाकों में शाम करीब 4.30 बजे 37 से 65 किलोमीटर प्रति घंटे की हवाएं दर्ज की गईं।

## मणिपुर में नई सरकार पर भाजपा में बनी सहमति

**इंफाल।** जातीय हिंसा से जूझ रहे मणिपुर में नई सरकार बनाने की कवायद तेज हो गई है। भाजपा के 27 विधायकों ने 30 मई को बैठक की थी। इसमें नई सरकार बनाने पर सहमति बन गई है। बैठक से पूर्व मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह और स्पीकर रहे सत्यव्रत सिंह को दूर रखा गया था। बैठक में बीरेन सिंह के खिलाफ विद्रोह करने वाले भाजपा विधायकों के साथ-साथ 9 फरवरी को सीएम पद से इस्तीफा देने तक उनका समर्थन करने वाले विधायक भी शामिल थे। एक विधायक ने बताया कि बीरेन सिंह को नहीं बुलाया गया था। बैठक के बाद विधायकों ने बयान जारी कर कहा है कि सरकार गठन की दिशा में काम करने के लिए व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाओं को अलग रखने का संकल्प लिया गया है।



## अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की मऊ सदर सीट से सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) के विधायक अब्बास अंसारी को एक चुनावी रैली के दौरान भड़काऊ भाषण देने के मामले में दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उत्तर प्रदेश विधानसभा की सदस्यता से रविवार को अयोग्य घोषित कर दिया गया।

इस संबंध में प्रमुख सचिव विधानसभा प्रदीप दुबे ने रविवार को अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के अनुसार अब्बास अंसारी को 31 मई से अयोग्य माना जाएगा और मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया गया है। अब्बास अंसारी मुख्तार अंसारी के बेटे हैं। अब्बास अंसारी ने 2022 के चुनावों में मऊ सीट से जीत दर्ज की थी, जब सुभासपा का समाजवादी पार्टी (एसपी) के साथ गठबंधन था।

## नौ दिन में देश में 1300 प्रतिशत बढ़े कोरोना केस

### 48 घंटे में 21 मौतें, 3783 एक्टिव केस, बेंगलुरु में वैक्सीन की तीनों डोज ले चुके मरीज की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 3783 पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग की वेबसाइट के मुताबिक 22 मई को भारत में 257 केस थे। 9 दिन में कोरोना के मामलों में 14 गुना की बढ़ोतरी हुई है। केरल में सबसे ज्यादा 1400 मामले हैं। वहीं महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 एक्टिव केस हैं। जनवरी 2025 से अब तक कोरोना से 28 मौतें हो चुकी हैं। यह जानकारी केंद्र सरकार ने जारी की है। इससे पहले 30 मई को सुबह 8 बजे तक सिर्फ 7 मौतों का आंकड़ा सामने आया था। ऐसे में बीते दो दिनों में देश के अंदर 21 लोगों की मौत दर्ज की गई। 31 मई को बेंगलुरु में 63 साल के एक व्यक्ति की मौत हो गई। उसे दोनों वैक्सीन के साथ बूस्टर डोज भी लगी थी। वहीं दिल्ली में 60 साल के बुजुर्ग की मौत हुई है। महाराष्ट्र-केरल में सबसे ज्यादा 7-7 लोगों ने जान गंवाई है। कर्नाटक सरकार ने पब्लिक एडवाइजरी जारी की। इसमें लोगों से भीड़-भाड़ वाली जगहों पर मास्क लगाने, शारीरिक दूरी बनाए रखन




## डांटना आत्महत्या के लिए उकसाना नहीं

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा: कोई नहीं सोच सकता ऐसी घटना हो सकती है, आरोपी हॉस्टल वार्डन बरी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसी को डांटना उसे सुसाइड के लिए उकसाना नहीं माना जा सकता। इसके साथ ही कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को खारिज कर दिया। जिसमें हॉस्टल वार्डन को आईपीसी की धारा 306 के तहत स्टूडेंट को सुसाइड के लिए उकसाने का दोषी माना था। जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा- कोई यह सोच भी नहीं सकता कि डांटने से ऐसी घटना हो सकती है।

दरअसल, वार्डन ने एक स्टूडेंट की शिकायत पर एक अन्य स्टूडेंट को डांट लगाई थी। इसके बाद स्टूडेंट ने अपने कमरे में फांसी लगा ली थी। वार्डन का तर्क था कि उसने पैरेंट के तौर पर स्टूडेंट को डांटा था, जिससे वो आगे से गलती न करे। वार्डन ने कहा था कि उसके और सुसाइड करने वाले स्टूडेंट के बीच कोई निजी संबंध नहीं था। इससे पूर्व कोर्ट ने अन्य मामले जिनमें सुप्रीम कोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसावा नहीं माना। दिसम्बर 2024 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि व्यक्ति पर किसी की आत्महत्या के लिए उकसाने का दोष तभी लगाया जा सकता है, जब इसका पुख्ता सबूत हो। सिर्फ प्रताड़ना का आरोप इसके लिए काफी नहीं है। दरअसल, गुजरात हाईकोर्ट ने एक महिला के उत्पीड़न और उसे आत्महत्या के लिए मजबूर करने के आरोप में उसके पति और ससुराल वालों को बरी करने से इन्कार किया गया था। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस पीबी वराले की बेंच ने हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए बरी कर दिया था।





## संक्षिप्त समाचार

### पुणे में झील में डूबने से चार किशोरों की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में पुणे जिले के चाकन के पास एक झील में शनिवार को तैरते समय चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। अधिकारियों ने आज इसकी पुष्टि की। उन्होंने बताया कि कल शाम को चारों शव पझर झील से बरामद किए गए। अधिकारियों के अनुसार कल तैरते समय लड़के झील की गहराई का अंदाजा नहीं लगा पाए। जब वे घर नहीं लौटे, तो उनके परिजनों ने अधिकारियों को सूचित किया। पीड़ितों की पहचान ओमकार बाबासाहेब हांगे (13), श्लोक जगदीश मानकर (11), प्रसाद शंकर देशमुख (11) और नैतिक गोपाल मोरे (12) के रूप में हुई है। ये सभी मेदंकरवाड़ी के रहने वाले थे। वे प्रवासी श्रमिकों के परिवारों से थे और रोजगार के लिए चाकन में आए हुए थे। पुलिस के अनुसार झील के किनारे लड़कों के कपड़े और जूते मिलने के बाद तलाशी अभियान शुरू किया गया। स्थानीय निवासी, चाकन पुलिस और ट्रेकिंग समूह बचाव प्रयासों में शामिल हुए और शाम तक चारों शव बाहर निकाल लिए गए।

### कर्नाटक में मछली पकड़ने पर दो माह का प्रतिबंध

**कारवार।** कर्नाटक के तटीय इलाकों में मछली पकड़ने पर दो महीने का वार्षिक प्रतिबंध लागू हो गया है। इसका उद्देश्य समुद्री संसाधनों का संरक्षण करना और मानसून के मौसम में मछलियों की संख्या में वृद्धि करना है। एक जून से 31 जुलाई तक के प्रतिबंध के दौरान हालांकि गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर निर्भर हजारों मछुआरों की आजीविका के नुकसान की आशंका के कारण नाव मालिकों और मछली पकड़ने वाले समुदाय के नेताओं ने सरकार से इस अवधि के दौरान प्रभावित लोगों की सहायता के लिए वित्तीय सहायता की घोषणा करने का आग्रह किया है। प्रतिबंध के तहत ट्रॉल बोट और पर्स सीन जहाजों के संचालन पर रोक लगा दी गई है, जबकि केवल पारंपरिक, गैर-मशीनीकृत मछली पकड़ने वाली नौकाओं को समुद्र में जाने की अनुमति है। कारवार में, नाव संचालकों ने प्रतिबंधों का पालन करते हुए अपने जहाजों को बैथकोल बंदरगाह पर लंगर डाला है।

### पूर्व युवा कल्याण अधिकारी का शव मिलने से हड़कंप

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लाइन बाजार थाना क्षेत्र स्थित वाजिदपुर तिराहे के पास रविवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही इलाके में सनसनी फैल गई। प्रथम दृष्टया मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या की आशंका जताई जा रही है। घटनास्थल की फोरेंसिक जांच भी कराई जा रही है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार पूर्व जिला युवा कल्याण अधिकारी रामकृपाल यादव (65) मूल रूप से खुटहन थाना क्षेत्र के मैरवां गांव के रहने वाले थे, और वर्तमान में शहर के पॉलिटेक्निक के पास स्थित सुंदर नगर कॉलोनी में निवास कर रहे थे। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मौत के कारणों का सही पता चल सकेगा, वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्चाधिकारी भी मौके पर पहुंचे हैं और जांच की निगरानी कर रहे हैं।

# उप्र की चुनाव व्यवस्था में बड़े बदलाव की तैयारी

■ सांसद और विधायक की ही तरह आम जनता चुनेगी जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लॉक प्रमुख

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार सांसद और विधायक की ही तरह यूपी में जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव भी सीधे जनता से कराने पर मंथन कर रही है।सूत्रों की माने तो प्रदेश सरकार जल्द ही इस बारे में केंद्र सरकार को प्रस्ताव भेज सकती है। माना जा रहा है कि अगर केंद्र ने राज्य सरकार के इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दिया, तो आगामी पंचायत चुनाव में ही इस नई चुनाव प्रक्रिया को लागू कर दिया जाएगा। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने भी इसकी पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में उन्होंने शुक्रवार को ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात करके चर्चा की है। उन्होंने मुख्यमंत्री के सामने प्रस्ताव रखा कि वह अधिकारियों को निर्देशित करें कि जिला पंचायत अध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख का चुनाव सीधे जनता से कराने के संबंध में प्रस्ताव तैयार करें। प्रस्ताव तैयार कर इसे जल्द से जल्द केंद्र सरकार को भेजा जाए जिससे समय रहते इसकी तैयारी की जा सके। राजभर का कहना है कि मुख्यमंत्री ने उनके इस प्रस्ताव से सहमति जताई है और जल्द ही प्रस्ताव केंद्र को भेजने का आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि वह पिछले चुनाव में ही यह चाहते थे। अधिकारियों से इसके लिए प्रस्ताव तैयार कराने के लिए कहेंगे। इस मुलाकात के दौरान ओम प्रकाश राजभर के पुत्र सुभासपा के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव अरविंद राजभर भी साथ थे। राजभर ने बताया कि पिछले महीने उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मिलकर भी इस मुद्दे पर चर्चा की थी।

# मुख्यमंत्री योगी से मिले उत्तर प्रदेश के नए डीजीपी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ पदभार ग्रहण करने के बाद राजीव कृष्णा बोले: सरकार की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाऊंगा



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने वर्ष 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कृष्णा को डीजीपी नियुक्त किया है। उप्र पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड के अध्यक्ष के साथ डायरेक्टर विजिलेंस की जिम्मेदारी संभाल रहे राजीव कृष्ण 11 वरिष्ठ आईपीएस अफसरों को सुपरसीड कर डीजीपी बनाए गए हैं।

बता दें कि निवर्तमान डीजीपी प्रशांत कुमार को सेवा विस्तार नहीं मिल सका, जिसके बाद देर शाम राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी है। उन्होंने रात करीब 9 बजे डीजीपी का कार्यभार ग्रहण कर लिया। नवनियुक्त डीजीपी ने कार्यभार संभालने के बाद रविवार को सीएम योगी से शिष्टाचार भेंट की। मुलाकात के बाद डीजीपी ने एक्स पर कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस का नेतृत्व करने का महत्वपूर्ण दायित्व मुझे सौंपने के लिए मैं मुख्यमंत्री जी का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। उनके मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद से मैं राज्य सरकार की प्राथमिकताओं- अपराध एवं भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टालरेंस, महिला सुरक्षा, नागरिक केन्द्रित पुलिसिंग तथा उत्कृष्ट कानून-व्यवस्था- को पूरी निष्ठा से आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हूं। शनिवार को पूरे दिन प्रशांत कुमार का सेवा विस्तार होने की अटकलें लगती रहीं। देर शाम तक प्रशांत कुमार द्वारा डीजीपी पद का कार्यभार नहीं छोड़ने पर इन अटकलों को बल मिलता गया, हालांकि रात करीब आठ बजे राजीव कृष्णा को डीजीपी बनाने की घोषणा कर दी गई। देर शाम प्रशांत कुमार, राजीव कृष्णा और प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर उन्हें पुलिस विभाग की काफी टेबिल बुक भेंट की। वर्ष 1989 बैच के शफी अहसान रिजवी, आशीष गुप्ता, आदित्य मिश्रा, वर्ष 1990 बैच के संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी, रेणुका मिश्रा, बिजय कुमार मौर्य, एमके बशाल, तिलोत्तमा वर्मा, वर्ष 1991 बैच के आलोक शर्मा और पीयूष आनंद। बता दें कि राजीव कृष्णा प्रदेश के पांचवें कार्यवाहक डीजीपी बनाए गए हैं।

### यूपी में नए डीजीपी के सामने हैं बड़ी चुनौतियां: मायावती

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि यूपी में कानून का राज ठीक तरह से काम नहीं कर रहा है। नवनियुक्त डीजीपी राजीव कृष्ण के सामने कानून व्यवस्था को सुधारने में बड़ी चुनौतियां आएंगी। उन्होंने एक्स पर बयान जारी कर कहा कि देश के विभिन्न राज्यों में से खासकर यूपी में सामंती व आपराधिक तत्वों का वर्चस्व होने से जातिवादी एवं साम्प्रदायिक द्वेष, हिंसा, अन्याय-अत्याचार तथा लोगों को उजाड़ने आदि की कार्रवाइयों से यह साबित है कि यहां कानून का राज सही से नहीं चल रहा है। ऐसे माहौल में यूपी पुलिस के नए प्रमुख के सामने राज्य में अपराध नियंत्रण व कानून का राज स्थापित करके सर्वसमाज के लोगों को उचित राहत पहुंचाने की बड़ी चुनौती है। राज्य सरकार व सत्ताधारी दल के लोगों को भी यूपी में कानून का राज स्थापित करने में हर प्रकार का सहयोग व सक्रियता जरूरी है। वैसे भी भारत के बहुआयामी विकास व यहां की विशाल आबादी की समग्र उन्नति में यूपी को देश की प्रगति की रीढ़ होना चाहिए किन्तु इसके ग्रोथ इंजन बनकर उभरने के बजाय ज्यादातर अपराध नियंत्रण व कानून व्यवस्था की बदहाली को लेकर निगेटिव चर्चाओं में रहना क्या यह जन व देशहित में उचित है।

## अमित शाह ने कोलकाता में ममता बनर्जी पर साधा निशाना

# 'दीदी' सरकार का समय अब हुआ समाप्त

कोलकाता, वार्ता



■ कहा: अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भाजपा यहां सत्तारुढ़ होगी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर जबरदस्त निशाना साधा और कहा कि राज्य में ममता दीदी की सरकार का समय समाप्त हो गया है और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के बाद भारतीय जनता पार्टी यहां सत्तारुढ़ होगी।


शाह ने यहां नेताजी इंडोर स्टेडियम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिसा मुक्त चुनाव में राज्य की जनता तृणमूल कांग्रेस की हार सुनिश्चित करेगी और वर्ष 2026 में भाजपा सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि मैं आपको बता रहा हूं, आपका (सरकार का) समय समाप्त हो गया है। अगले वर्ष राज्य में भाजपा सरकार बनाएगी। मैं अपने सभी मंडल पदाधिकारियों को आश्वस्त करता हूं कि तृणमूल सरकार के सत्ता से बाहर होने के बाद, हम जरूरत पड़ने पर दोषियों को जमीन के नीचे से निकालेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि हमारे कार्यकर्ताओं की हत्या के लिए उन्हें सजा मिले। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिसा का कोई स्थान नहीं है। बंगाल में चुनावों के दौरान और दीदी (सुश्री बनर्जी) की जीत के बाद सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मारे गए। दीदी, आप कब तक उनकी रक्षा करेंगी? अगर आप में हिम्मत है, तो हिसा के बिना चुनाव कराएं और देखें कि क्या होता है। बंगाल की जनता सुनिश्चित करेगी कि आपकी जमानत जब्त हो जाए। मुख्यमंत्री के उस आरोप का जवाब देते हुए कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजनीतिक लाभ के लिए 'ऑपरेशन सिदूर' बेच रहे हैं, उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले पहलगाम में पाकिस्तान द्वारा भेजे गए आतंकवादियों ने परिवारों के सामने निर्दोष नागरिकों का धर्म पूछकर उनकी बेरहमी से हत्या कर दी। आप मुझे बताएं- क्या पाकिस्तान द्वारा भेजे गए उन आतंकवादियों को सजा नहीं मिलनी चाहिए? क्या मोदी जी ने ऑपरेशन सिदूर को अंजाम देना सही नहीं था? यही बात दीदी के पेट में दर्द पैदा कर रही है। जब बंगाल के लोगों को वहां मारा जा रहा था, तब दीदी अगर इस दर्द को व्यक्त करतीं तो सही होता। लेकिन तब उन्होंने कुछ नहीं कहा। अब जब मोदी जी ऑपरेशन सिंदूर के बाद यहां आते हैं, तो ऑपरेशन का विरोध करते हुए सस्ती राजनीतिक टिप्पणी की जाती है। आप सिर्फ ऑपरेशन सिदूर का विरोध नहीं कर रही हैं - आप इस देश की करोड़ों माताओं और बहनों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने बंगाल की मातृशक्ति से अपील की कि वे मुख्यमंत्री को ऑपरेशन सिदूर पर सवाल उठाने की हिम्मत करने के लिए आगामी चुनाव में सिंदूर का सही मूल्य समझाएं। उन्होंने कहा कि माताओं और बहनों, उन्हें दिखाएं कि सिदूर का अपमान करने का सही मतलब क्या होता है! शाह ने कहा कि बंगाल की भूमि ने पीढ़ियों से भारत का मार्गदर्शन किया है। चाहे वह ज्ञान हो, विज्ञान हो, अध्यात्म हो या स्वतंत्रता संग्राम हो, बंगाल ने हमेशा नेतृत्व किया है। कई वर्षों तक बंगाल पर कम्युनिस्टों का शासन रहा। फिर ममता दीदी अपने 'मां-माटी-मानुष' (मां, मातृभूमि और लोग) के नारे के साथ आईं। आज उन्होंने बंगाल की इस महान भूमि को घुसपैठ, भ्रष्टाचार, महिलाओं पर अत्याचार, अपराध, बम विस्फोट और हिदुओं के साथ दुर्व्यवहार का केंद्र बना दिया है। इससे पहले शाह दोपहर 14.16 बजे विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के साथ नेताजी इंडोर स्टेडियम पहुंचे। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत रवींद्रनाथ टैगोर, स्वामी विवेकानंद, रामकृष्ण परमहंस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस को श्रद्धांजलि देकर की।

### पश्चिम बंगाल को नॉर्थ कोरिया न बनाओ शर्मिष्ठा के सपोर्ट में आई कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया एन्फ्लुएंसर शर्मिष्ठा की गिरफ्तारी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। इसी को लेकर भाजपा सांसद कंगना रनौत का बयान सामने आया है। एन्फ्लुएंसर की गिरफ्तारी को लेकर वे पश्चिम बंगाल सरकार की आलोचना करती नजर आ रही हैं। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल को नार्थ कोरिया की तरह मत बनाओ। भाजपा सांसद ने कहा कि पश्चिम बंगाल में स्थितियां ठीक नहीं हैं। अगर कोई इनजनरल अपनी बात कहता है, तो उसके खिलाफ इतनी कठोर कार्रवाई करना कहीं से भी सही नहीं ठहराया जा सकता है। सरकार को इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा है यहां इस तरह का माहौल न खड़ा जाए, जिससे यह नार्थ कोरिया लगने लगे। उन्होंने ममता सरकार से ए मांग की है कि उसे जल्द से जल्द रिहा किया जाए। कंगना ने कहा कि जब शर्मिष्ठा ने अपनी पोस्ट डिलीट कर दी और माफी मांग ली है, तो सरकार को उसके खिलाफ इस तरह की कठोर कार्रवाई नहीं करनी चाहिए। कंगना ने कहा कि किसी बेटी को जेल में डाल देना और उसका पूरा करियर खराब कर देना बिल्कुल भी ठीक नहीं है।

# पश्चिमी यूपी में फिर करवट लेगा मौसम

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पश्चिमी क्षेत्रों में सोमवार को मौसम में आंशिक परिवर्तन के आसार हैं। तापमान में गिरावट हो सकती है। लेकिन, बाकी जगहों पर रविवार जैसा ही मौसम बना रहने की संभावना है।

मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश के आसार बन रहे हैं। इससे तापमान में दो से चार डिग्री की कमी दर्ज की जाएगी। रविवार को झांसी, प्रयागराज और अमेठी में तापमान 40 डिग्री से ऊपर दर्ज किया गया। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी यूपी सोमवार से ही छिटपुट बारिश की शुरुआत हो जाएगी। तराई वाले क्षेत्रों में इस बारिश की वजह से तापमान में भी दो से चार डिग्री की गिरावट की उम्मीद है। मंगलवार को पूरे प्रदेश में बारिश होगी। बुधवार और गुरुवार को भी कई इलाकों में ए बारिश जारी रह सकती है।

इस दौरान कई जगह 60 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। इससे मौसम में राहत मिल सकती है। अतुल ने बताया कि इसके बाद पांच जून से गर्मी बढ़ना शुरू होगी। तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़ोतरी हो सकती है। पछुवा हवा चलेगी। देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, फर्रुखाबाद, लखनऊ, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड़, गौतम बुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, हाथरस, कासगंज, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल, बदायूं एवं आसपास के इलाकों में मेघगर्जन व वज्रपात की संभावना है।

## अर्थ व्यापार

# आरबीआई के नीतिगत निर्णय पर रहेगी बाजार की नजर

मुंबई, वार्ता



वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय बाजार में सकारात्मक उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति से निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने के दबाव में बीते सप्ताह आधे प्रतिशत से कम गिरे बाजार की अगले सप्ताह भारतीय रिजर्व बैंक की द्विमासिक मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक के निर्णयों पर नजर रहेगी।

बीते सप्ताह बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 270.07 अंक अर्थात 0.33 प्रतिशत की गिरावट लेकर सप्ताहांत पर 81451.01 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 102.45 अंक यानी 0.41 प्रतिशत टूटकर 24750.70 अंक पर आ गया। वहीं समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई की दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में तेजी का रुख रहा। इससे मिडकैप 274.93 अंक अर्थात 0.61 प्रतिशत उछलकर 45136.35 अंक और स्मॉलकैप 891.83 अंक यानी 1.7 प्रतिशत की छलांग लगाकर 52413.25 अंक पर पहुंच गया। विश्लेषकों के अनुसार घरेलू शेयर बाजारों ने लगातार दूसरे सप्ताह गिरावट दर्ज की, क्योंकि वैश्विक स्तर पर कमजोर संकेत और स्थानीय स्तर पर सकारात्मक ट्रिगर्स की अनुपस्थिति ने निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। विशेषज्ञों का मानना है कि अमेरिकी व्यापार नीतियों में अस्थिरता, विशेष रूप से राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की पारस्परिक व्यापार रणनीति की वापसी के संकेत, वैश्विक बाजारों में व्यापक आर्थिक चिंताओं को और गहरा सकते हैं, जिससे उभरते बाजारों पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। वहीं, मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने उम्मीद से बेहतर तिमाही नतीजों के दम पर मजबूती दिखाई, जबकि लार्जकैप कंपनियों के ब्लूचिप परिणाम अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर सके, जिससे इन शेयरों का प्रदर्शन कमजोर रहा। विशेष रूप से निफ्टी पीएसयू बैंक और निफ्टी रियल्टी इंडेक्स ने दरों में संभावित कटौती की उम्मीदों के चलते प्रमुख सूचकांकों की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया। विशेषज्ञों का कहना है कि बाजार फिलहाल चौथाई फीसदी की दर कटौती को मूल्यांकन में शामिल कर चुका है, जिससे ब्याज दर के प्रति संवेदनशील क्षेत्रों के लिए दृष्टिकोण सकारात्मक बनता है।

### विदेशी मुद्रा भंडार इजाफे के साथ 692.7 अरब डॉलर पर

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी बढ़ोतरी होने से 23 मई को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 6.9 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.7 अरब डॉलर पर पहुंच गया। वहीं इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.9 अरब डॉलर लुढ़ककर 685.7 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक की ओर से जारी साप्ताहिक आंकड़े के अनुसार 23 मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 4.5 अरब डॉलर की मजबूती के साथ 586.2 अरब डॉलर पर पहुंच गई।

# खाद्य तेल और दाल-दलहन में रहा मिलाजुला रुख

नई दिल्ली, वार्ता



विदेशी बाजारों के मिश्रित रुझान के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव सामान्य रहने से बीते सप्ताह दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल और दाल-दलहन में मिलाजुला रुख रहा, वहीं अन्य जिंसों में स्थिरता रही।

तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जून वायदा सप्ताहांत पर 13 रिंगिट बढ़कर 3838 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। वहीं जून का अमेरिकी सोया तेल वायदा 2.47 सेंट की गिरावट लेकर 47.16 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 439 रुपए, सूरजमुखी तेल 146 रुपए, सोया रिफाइंड 219 रुपए और वनस्पति तेल 513 रुपए प्रति क्विंटल महंगे हो गए, जबकि मूंगफली तेल 220 रुपए और पाम ऑयल के भाव 147 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए।सप्ताहांत पर सरसों तेल 15824 रुपए प्रति क्विंटल, मूंगफली तेल 17582 रुपए प्रति क्विंटल, सूरजमुखी तेल 16849 रुपए प्रति क्विंटल, सोया रिफाइंड 14871 रुपए प्रति क्विंटल, पाम ऑयल 13919 रुपए प्रति क्विंटल और वनस्पति तेल 16190 रुपए प्रति क्विंटल पर रहा। दाल-दलहन: बीते सप्ताह दाल-दलहन के बाजार में मिलाजुला रुख रहा। चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 150 रुपए और उड़द दाल 50 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती रही, वहीं मूंग दाल 50 रुपए और अरहर दाल 400 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। सप्ताहांत पर चना 6000-6100, दाल चना 7000- 7100, मसूर काली 7500-7600, मूंग दाल 9900-10000, उड़द दाल 9200-9300, अरहर दाल 9000-9100 रुपए प्रति क्विंटल रही। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान गेहूं और चावल के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। इस दौरान (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3600-3700 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: बीते सप्ताह मीठे के बाजार में स्थिरता रही। सप्ताहांत पर चीनी एस 3590-3690, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3470-3570 और गुड़ 4400-4500 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

# राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारी पूरी



**अयोध्या।** मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में नवनिर्मित दिव्य और भव्य राम मंदिर की द्वितीय प्राण प्रतिष्ठा की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने बताया कि राम मंदिर की दूसरी प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। इससे पूर्व दो जून को अर्थात कल महिलाओं के द्वारा मंगल कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सरयू तट के संत तुलसी घाट से अपरान्ह चार बजे से शुरू होगी और लता चौक से रामपथ होते हुए हनुमानगढ़ी, बड़ा स्थान व रंगमहल होकर श्रीराम मंदिर परिसर में यज्ञ मण्डप तक जाएगी। उन्होंने बताया कि इसके लिए पहले मां सरयू का पूजन एवं यजमान का प्रायश्चित कर्म भी सम्पादित होगा। तीन जून से अनुष्ठान का विधिवत शुभारम्भ शुरू हो जाएगा। तीन व चार जून को सुबह साढ़े छह बजे से सायंकाल साढ़े छह बजे तक बारह-बारह घंटे का अनुष्ठानन होगा। इस दौरान मध्यान्ह में एक घंटे फलाहार के लिए विश्राम दिया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि ट्रस्ट के मुताबिक पांच जून को अनुष्ठान सुबह साढ़े छह बजे प्रारम्भ होगा और अभिजीत मुहूर्त के बाद देवविग्रहों में प्राणों के आधान की प्रक्रिया होगी और फिर आरती के साथ अपरान्ह एक बजे अनुष्ठान की पूर्ण आहुत हो जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा के लिए सभी तैयारियां वैदिक रीति-रिवाज के साथ की जा रही है ताकि यह समारोह पूर्ण विधि-विधान के साथ सम्पन्न हो। अयोध्या में श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्थायें की जा रही हैं ताकि वे इस ऐतिहासिक क्षण का हिस्सा बन सकें।

# जम्मू-कश्मीर भारत-पाक के बीच युद्ध का मैदान बना

## हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचली जा रही घास जैसी: मुफ्ती

श्रीनगर, वार्ता



■ हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें

पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कहा कि जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए। पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है। हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है।

महबूबा ने कहा कि पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है। हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके। महबूबा बोलीं- हमारी पाकिस्तानी लोगों से असहमति नहीं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला की पाकिस्तान के खिलाफ सख्त सैन्य कार्रवाई की मांग समेत नेशनल कांफ्रेंस के नेताओं के हालिया बयानों पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान खतरनाक सोच को दर्शाते हैं। महबूबा ने कहा कि जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब जम्मू-कश्मीर के तत्कालीन मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी।

उन्होंने ने कहा कि हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, लेकिन वहां के लोगों से नहीं। यह दुख की बात है कि देश के एकमात्र मुस्लिम बहुल राज्य का नेता इस तरह की बातें कर रहा है। शांति और बातचीत के प्रति अपनी पार्टी की प्रतिबद्धता दोहराते हुए उन्होंने कहा कि युद्ध और नफरत की भाषा बोलने वाले नेताओं को और लाशें चाहिए, लेकिन पीडीपी ही एकमात्र पार्टी है जो लगातार शांति की बात कर रही है और लोगों के सम्मान से जीने के हक के लिए आवाज उठा रही है।

पहलगाम आतंकी हमले के बाद फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि ये हमला लोकल सपोर्ट के बिना नहीं हो सकता। क्योंकि आतंकवादी वहां कैसे आए, ये सवाल आज भी बना हुआ है। किसी लोकल ने उनकी मदद तो जरूर की है। अब्दुल्ला के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने कड़ी आपत्ति जताई थी। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि फारूक अब्दुल्ला का ऐसा बयान देश के बाकी हिस्सों में रह रहे कश्मीरी लोगों के लिए खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे कुछ मीडिया चैनलों को कश्मीरियों और मुस्लिमों को बदनाम करने का मौका मिल जाएगा।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer — HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# हंसापुर में पीडिए की सभा में गरजे नेता

■ 2027 में बनेगी सपा की सरकार: योगेश वर्मा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आह्वान पर बहसूमा के गांव हंसापुर स्थित जय विलास फार्म हाउस में हस्तिनापुर एवं मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के पीडीए की सभा हुई। सभा में आगामी होने वाले चुनाव में एकजुट होकर सपा की जीत दिलाने पर जोर दिया। सभा में पूर्व विधायक योगेश शर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में कोई भी वर्ग सुरक्षित नहीं है, खुलेआम गुंडागर्दी भ्रष्टाचार महंगाई बढ़ती जा रही है। इस सरकार में बहन बेटियां सुरक्षित नहीं है। गढ़ विधानसभा प्रत्याशी रही नैना नीरज पाल ने कहा भाजपा देश में जातियों के दम पर झगड़े कराकर अपनी राजनीति कर रही है। अब वक्त आ गया है कि आने वाले चुनाव में भाजपा को नकार कर सपा की जीत दिलाएं। सपा जिला अध्यक्ष विपिन चौधरी, श्यामलाल बच्ची सैनी, डॉक्टर केपी सिंह, मनोज बुटार, पूर्व आईआरएस आदर्श कुमार ने भी सभा को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद कादिर राणा, वीर कर्मवीर गुमी, मास्टर खिलाड़ी सिंह, इकराम बालियान, पूर्व प्रधान महबूब अली, महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मृदुल सिंह, नैना पाल, नीरज पाल, शमीम अहमद प्रमोद तंवर आदि ने अपने विचार व्यक्त किया और पीडीए पर चर्चा की गई। सभा की अध्यक्षता मेरठ जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी तथा संचालन मोनू पंवार ने किया। इस मौके पर मुख्य रूप से राष्ट्रीय सचिव उदयवीर सिंह, जिला सचिव खलील सलमानी, प्रमोद त्यागी, काले खां, अरशद प्रधान, सुभाष गुर्जर, निर्मित यादव,अजय सागर, निर्मित यादव, बालेंद्र प्रधान, इंतेजार प्रधान, अनुज चपराणा, संदीप पाल, पवन यादव, नूर मोहम्मद, नूर उल्ला खां आदि लोग सैकड़ों लोग शामिल रहे। कार्यक्रम के आयोजक कुंवर देवेंद्र सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर को पगड़ी एवं पटका पहनाकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/फलावदा।** अखिल भारतीय गुर्जर महासभा तथा कई सामाजिक संगठनों की ओर से प्रदेश सरकार के ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेन्द्र तोमर को पगड़ी एवं पटका पहनाकर सम्मानित किया गया है। विगत दिनों मंत्री सोमेंद्र तोमर द्वारा अपने विधानसभा क्षेत्र में सभी मुख्य मार्गों और हाइवे पर सर्वसमाज के महापुरुषों के नाम पर स्मृति द्वार बनवाकर समाज को गौरवान्वित किया है, यह बहुत ही अच्छा और सराहनीय कार्य किया है। राज्य मंत्री को सम्मानित करने के लिए इस प्रतिनिधि मंडल में नितिन कसाना, मोहन गुर्जर, आयुष चपराना, विजय धामा विनोद राणा तथा राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा पंजी. जिला अध्यक्ष, राजीव बंसला, नीरज खौंजापुर, आकाश गुर्जर पुट्ठी, वरुण धामा जिठोला एवं बहुत से सम्मानित सदस्यगण कैंप कार्यालय पर मौजूद थे। मंत्री सोमेंद्र तोमर को समस्याओं से अवगत कराया। मंत्री सोमेन्द्र तोमर ने जल्द ही समाधान करने का आश्वासन दिया। राष्ट्रीय वीर गुर्जर महासभा के जिला अध्यक्ष राजीव बैसला ने सभी जनप्रतिनिधि से अपने अपने क्षेत्र में सर्वसमाज के महापुरुषों को सम्मान देने की इस मुहिम को आगे बढ़ाने का आह्वान किया।



## पटेल मंडप में भोजपुरी म्यूजिकल नाइट का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रांतीय नौचंदी मेला पटेल मंडप में भोजपुरी म्यूजिकल नाइट आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित करके किया। भोजपुरी गायक सत्यांशु पटेल ने एक से एक भोजपुरी गीतों की प्रस्तुति देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। सर्वप्रथम अपना प्रमुख गीत-राम रघुरइया आए हैं। इसके उपरांत 'अल्लाह कहो या राम भगवान एक हैं''एक बार जो रघुवर की नजरों का इशारा हो जाए''जरा देर ठहरो राम तमन्ना यही है' 'आजु मिथिला नगरिया निहाल सखिया...' कई कव्वाली पर भी अपनी प्रस्तुति दी। गजल-कव्वाली 'किसको दिल दिया जाए सोचना जरूरी है, साथ छूटेगा कैसे मेरा आपका, आप बैठे हैं वालीं पे मेरी' आदि कव्वाली एंव भोजपुरी गाने गाए। अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार, नौचंदी मेला संचालन समिति के सदस्यगण नरेन्द्र राष्ट्रवादी, अंकुर गोयल, राकेश गौड़, नासिर सैफी रहे।

# कृषि मंत्री का कंकरखेड़ा के जंगेठी में स्वागत

■ कृषि मंत्री के गांव में आगमन से पहले पीडब्ल्यूडी ने कराया सड़क का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** रविवार को मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज चौहान किसानों की समस्या को लेकर उनके बीच जाकर समस्या को जानने के लिए दौरे पर है। रविवार को मेरठ जंगेठी गांव पहुंचे जहां उन्होंने किसानों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण पर बल दिया। इसके साथ-साथ उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए तकनीकी कृषि करने पर बल दिया। इससे पहले दौराला टोल प्लाजा पर काफी संख्या में भाजपा एवं लोकदल कार्यकर्ता एवं नेता पहुंचे जहां उन्होंने फूल माला पहनाकर कृषि मंत्री शिवराज चौहान का स्वागत किया। इसके बाद कृषि मंत्री का काफिला जगेठी गांव के ग्राम प्रधान नीतू के घर पहुंचा। इस दौरान कृषि मंत्री ने किसानों से संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनी और जल्द निस्तारण का आश्वासन दिया है। मिली जानकारी के अनुसार कृषि मंत्रियों के मेरठ आवागमन से पहले पीडब्लूडी ने जंगेठी गांव में रातों रात सड़क के गड्ढे भरे गए। गांव में कुछ समय रुकने के बाद मंत्री का काफिला दबथुवा गांव पहुंचे। जहां उन्होंने किसानों से सीधे संवाद किया। मोदीपुरम के गायत्री विन कॉलोनी पहुंचे। इस दौरान बागपत सांसद राजकुमार सांगवान समेत लोकदल नेता सुनील रोहटा के आवास पहुंचे उसके बाद मंत्री का काफिला दिल्ली के लिए रवाना हो गया। इस दौरान काफी संख्या में भाजपा नेता एवं लोकदल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

वहीं कार्यक्रम के बाद शिवराज सिंह चौहान गायत्री ग्रीन स्थित सुनील रोहटा के आवास पर पहुंचे जहां पर उन्होंने सुनील रोहटा के परिवार से मुलाकात कर सबको अपना आशीर्वाद दिया। इस दौरान रालोद के प्रदेश प्रवक्ता सुनील रोहटा ने न शिवराज सिंह चौहान को चौधरी चरण सिंह का चित्र भेंट किया।

## ढाक पीर मेले में रागनी कंपटीशन का उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर में चल रहे ढाक पीर मेले में रागनी कंपटीशन का उद्घाटन समाजसेवी गुल्लू प्रधान व रालोद नेता विजेंद्र भाटी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। नगर में चल रहे ढाक पीर मेला अपने पूरे शवाब पर है वहीं देहात क्षेत्र से लोगों की भीड़ मेले को आकर्षक बना रही हैं। देर रात मेले में रागनी कंपटीशन हुआ जिसमें कलाकार रोहित रामनगर ने कृष्ण द्रौपदी व मनोज फौजी ने राजा परीक्षित नवल देह की प्रसिद्ध रागिनी से समा बांध दिया। वहीं महिला कलाकार काजल तोमर, तनु चौहान के शानदार डांस से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मेला अध्यक्ष सतीश अग्रवाल ने आए हुए सभी कलाकारों का आभार व्यक्त किया। संचालन विष्णु अवतार रूहेला ने किया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष जीशान सैफी, पूर्व सभासद सलीम अहमद, सानू ठेकेदार, सरताज, असगर अली रुस्तम आदि मौजूद रहे।

# भाकियू आंदोलन का विस्तार, राष्ट्रीय अध्यक्ष ने बांटे नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर क्षेत्र के ग्राम राधना/नगला सलेमपुर गांव में रविवार को भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार यादव का कार्यक्रम था। इस अवसर पर भारतीय किसान यूनियन आंदोलन का विस्तार किया गया। इस मौके पर गांव के सैकड़ों लोग मौजूद थे। संगठन को मजबूत करने व किसानों के हित कों सर्वोपरि रखनें की बात पर जोर दिया गया। अमरोहा हसनपुर निवासी युसूफ अली को संगठन का राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी एवं मौलाना मुजीब अहमद को राष्ट्रीय सचिव डॉक्टर शादाब अली किठौर को भारतीय किसान यूनियन आंदोलन चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश एवं मुशाहिद अली नगला सलेमपुर को संगठन का उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष एवं मुजाहिद अली बहरोडा को मेरठ जिले का मीडिया प्रभारी एवं ढबारसी गाजियाबाद निवासी अयूब अलीको जिला उपाध्यक्ष गाजियाबाद एवं माजिद खान को प्रदेश सचिव मनोनीत किया गया। नगला सलेमपुर में संगठन द्वारा आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश कुमार यादव ने सभी को नियुक्ति पत्र दिया और कहा कि संगठन में ताकत होती है उन्होंने सभी नवनियुक्त पदा. धिकारी से कहा कि सभी पदाधिकारी किसान हित में कार्य करें। किसानों की सभी समस्याओं का अधिकारियों स्तर पर समाधान किया जाना चाहिए। किसान हित में हमको सर्वोपरि रहना चाहिए। उन्होंने केंद्र उत्तर प्रदेश सरकार से मांग करते हुए कहा दोनों सरकारों को किसान हित में कार्य करना चाहिए। किसानों की फसलों का वाजिब दाम मिलना चाहिए। आंधी तूफान के कारण किसानों के हुए नुकसान की समस्या को गंभीरता से लेना चाहिए तथा किसानों की हर संभव मदद करना चाहिए। किसानों के कर्ज माफी का ऐलान सरकार को करना चाहिए। जिस तरह से किसान देश का अन्नदाता है तथा किसान के बच्चे ही देश की सीमाओं पर डटकर मुकाबला करते हैं तो इसी तरह किसान खेत खलियान में रहकर देश के लिए उगाता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुंशी फरमान अली ने एवं संचालन भारतीय किसान यूनियन आंदोलन के राष्ट्रीय प्रवक्ता इकराम चौधरी ने किया। इस अवसर पर अनिल गुर्जर, सोमपाल प्रजापति, महेश शर्मा, अवधेश कुमार सिंह, चौधरी रामपाल सिंह, सुरेश पाल बालियान, नरेंद्र प्रजापति, उमेश कुमार पाल, नफीस अहमद आदि मौजूद रहे।



# ग्राम पिठलोकर में अखिलेश का संदेश लेकर घर-घर पहुंचे नदीम चौहान

■ सिवालखास विधानसभा में सपा को मजबूत बनाने की जमीनी कवायद में जुटे सपा नेता



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिवाल खास विधानसभा में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने के लिए नदीम चौहान लगातार लंबे समय से मेहनत कर रहे हैं। बीते विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के नेताओं ने रालोद के सिंबल पर चुनाव लड़े। गुलाम मोहम्मद को चुनाव लड़ाया था लेकिन आरएलडी के भाजपा में जाने के बाद यहां पर समाजवादी पार्टी अब अकेले चुनाव लड़ेगी और इस सीट पर अपना प्रत्याशी उतारेगी। सपा नेता नदीम चौहान बीते कुछ समय से अखिलेश यादव का संदेश लेकर सिवालखास विधानसभा के गांव-गांव घूम रहे हैं और लोगों को बता रहे हैं कि समा. जवादी पार्टी में ही सर्व समाज का भला है। उत्तर प्रदेश के अंदर जिस तरीके से हालात बदले हैं और हिंदू मुसलमान के बीच नफरत की खाई गहरी हुई है, उस खाई को अगर कोई कम कर सकता है तो वह अखिलेश यादव है। क्योंकि अखिलेश यादव पीडीए की लड़ाई लड़ रहे हैं ऐसे में अखिलेश यादव को मजबूत बनाना उत्तर प्रदेश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है जो कमजोरों की, दलितों की, पिछड़ों की लड़ाई लड़ते हैं। उनको मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। नदीम चौहान रविवार को सिवाल खास विधानसभा के ग्राम पिठलोकर में घूमते दिखाई दिए। इस दौरान वह मुस्लिम राजपूतों में समाजवादी पार्टी को मजबूत बनाने में लग रहे हैं। लोगों से मिलकर वह भाईचारे का भी संद. ेश दे रहे हैं और बता रहे हैं कि अगर इस बार उन्हें मौका मिला तो वह सिवालखास विधानसभा को मेरठ की सबसे खास विधानसभा बना देंगे और देखते ही देखे उत्तर प्रदेश के अंदर यह विधानसभा बेहद खास नजर आएगी। रविवार को उन्होंने घर-घर जाकर लोगों से जनसंपर्क किया और उनसे मिशन 2027 को लेकर वार्ता की। इस दौरान क्षेत्र की जनता ने भी नदीम चौहान को भरपूर प्यार दिया और कहा कि जिस समय वह बहुजन समाज पार्टी से चुनाव लड़े उस समय लोगों से कुछ गलतियां हुई हैं लेकिन वह गलतियां इस बार नहीं होंगी। इस बार समाजवादी पार्टी सिवाल खास में अपना परचम लहराएगी।

# पल्लवपुरम में भगवान महादेव मंदिर पहुंचे भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष वर्तमान में कैबिनेट सिंचाई जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह का ग्रेटर पल्लवपुरम स्थित निर्माणित भगवान महादेव मंदिर में बीजेपी के वरिष्ठ नेता राजकुमार छाबड़ा एवं पश्चिम उत्तर प्रदेश भाजपा किसान मोर्चा के क्षेत्रीय कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज भराला, दौराला भाजपा मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला एवं पल्लव पुरम मंडल अध्यक्ष संजय गुप्ता के साथ जलाभिषेक कर भगवान शंकर का आशीर्वाद प्राप्त किया। उसके पश्चात् राजकुमार छाबड़ा के आवास पर क्षेत्रीय भाजपा किसान मोर्चा के कोषाध्यक्ष पंडित अजय भारद्वाज एवं मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, संजय गुप्ता, डॉ. विजय शर्मा ने उन्हें भगवान परशुराम जी प्रतिमा और अंगवस्त्र पहनकर एवं चाली. सा भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया। स्वतंत्र देव ने कहा आज उत्तर प्रदेश में रामराज कायम है। भय मुक्त प्रदेश डबल इंजन की सरकार को लेकर विकास की गंगा बह रही है। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम, डॉ. विजय शर्मा, दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला, संजय गुप्ता, शिवम भारद्वाज, आकाश छाबड़ा, प्रशांत भारद्वाज मोहित शर्मा, अंकित शर्मा, आदि उपस्थित रहे।



## ईद को लेकर ईदगाह का किया निरीक्षण




**शाह टाइम्स संवाददाता हसनपुर।** ईदगाह कमेटी ने ईद उल अजहा के मद्देनजर ईदगाह का निरीक्षण किया। रविवार को ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने ईदगाह पर पहुंचकर सभी को ईद उल अजहा की जिम्मेदारियां सौंप दी। जिसमे माइक जनरेटर पंखे पानी के इंतजाम और सफाई का जयजा लिया। ईदगाह कमेटी का पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज सुबह 6.45 अदा की जायेगी। ईदगाह कमेटी के पदाधिकारियों ने बताया कि ईद उल अजहा की नमाज की सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली गई है। इस मौके पर हाजी इरशाद. जावेद जरताब. जीशान कुरैशी. हाजी मोहम्मद वसीम. हमजा अली. शहनावज आंसरी हाजी अनीस. अलीमुद्दीन मेंबर. नौशाद अहमद. नईम अहमद हाजी अब्बास खुर्रम आजाद खान मौजूद रहे।

## श्री रामकथा के तीसरे दिन कथा का श्रवण करने उमड़े भक्त

# राम का नाम जीवन का सबसे बड़ा धन

■ माता, पिता और गुरूओं का सम्मान करने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** महामण्डलेश्वर स्वामी श्री श्री जलेश्वरानन्द गिरि जी महाराज के सानिध्य में नगर के नागपाल इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित हो श्री राम कथा में रविवार को प्रवचन सुनाते हुए कथावाचक काशी पीठाधीश्वर श्रीमद् जगदगुरू रामानंदाचार्य डॉ. रामकमलाचार्य वेदांती जी महाराज ने कहा कि, हमें अपने माता पिता और गुरूओं का सम्मान करना चाहिये। उनके प्रति सदैव आदर के भाव रखने चाहियें। कहा कि जीवन में सबसे बड़ा धन 'राम' को पाने को धन है। सत्संग में जो यह राम नाम का धन मिलता है, उसे जितना भी खर्च करो, यह उतना ही बढ़ता है। इसे कोई लूट नहीं सकता। जीवन में काम, क्रोध लोभ व मद से ऊपर उठकर ही हमें भक्ति का सच्चा सुख मिल सकता है। कथावाचक ने कहा कि जीवन में परोपकार के साथ साथ सत्संग में भी अपनी भागीदारी करें। इस अवसर पर प्रमुख मुख्य संयोजक जिला सहकारी बैंक के निदेशक चौ.वेदपाल सिंह, सह संयोजक सतेन्द्र सिंह भोला, देवेन्द्र सिंह, श्याम वर्मा, प्रदीप वर्मा, प्रमोद अलूना आदि मौजूद रहे।






Truhome FINANCE

## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**फोन:** 1800 102 4345; **वेबसाईट:** website: http://www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018

**परिशिष्ठ-IV-A (नियम 8(6) का प्रावधान देखें) अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना**

**प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत अचल संपत्तियों की बिक्री के लिए ई-नीलामी बिक्री सूचना।**

इसके द्वारा नोटिस दिया जाता है आम जनता तथा विशेष रूप से ऋणी/ऋणी/गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां, जो ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मैसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास बंधक/प्रभारित हैं, तथा जिनका भौतिक कब्जा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें "जहां है, जैसा है" तथा "जो कुछ भी है" के आधार पर 08 जुलाई 2025 को प्रात: 11:00 बजे से अपराह्न 1:00 बजे के बीच ई-नीलामी में बेचा जाएगा, ताकि ऋणी/गारंटर से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली की जा सके, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है।
ऋणी/गारंटर का विवरण, देय राशि, अचल संपत्ति का संक्षिप्त विवरण, आरक्षित मूल्य तथा बयाना राशि तथा निरीक्षण की तिथि भी इस प्रकार दी गई है:

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तारीख | आरक्षित राशि (रू.) और बोली वृद्धि | नीलामी की दिनांक और समय | संपर्क व्यक्ति का विवरण - (एओ और निपटान टीम) |
|---|---|---|---|---|
| श्री अनुज कुमार पुत्र श्री अनूप गाँव में घर - गंगाहरी माजरा, निकट- शिव मंदिर, पोस्ट-मूंधी बकापुर, जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश-245407. श्रीमती रीना पत्नी श्री अनुज कुमार गाँव में घर - गंगाहरी माजरा, निकट- शिव मंदिर, पोस्ट-मूंधी बकापुर, जिला- बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश- 245407. इसके अलावा: मकान नंबर 11, मोहल्ला- मालियान अवल, औरंगाबाद जिला- बुलन्दशहर, उत्तर प्रदेश-245407. कब्जे की दिनांक और प्रकार 13-मई-2025 और भौतिक कब्जा भार ज्ञात - ज्ञात नहीं | डिमांड नोटिस की तिथि 19-फरवरी-2024 रू. 34,60,895/- संविदात्मक दर पर और ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर। | रू. 49,40,000/- (रूपये उनचास लाख चालीस हज़ार मात्र) बोली वृद्धि: रू. 10,000/- और ऐसे गुणकों में<br>धरोहर राशि जमा (ईएमडी) (रू.)<br>रू. 4,94,000/-(रू. चार लाख चौरानवे हज़ार मात्र) ईएमडी जमा करने की अन्तिम दिनांक : 04 जुलाई-2025 सुबह 10:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक | 08 जुलाई 2025 समय: सुबह 11:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक | श्री संजीव शर्मा 9810328494, श्री निखिल कुमार 7053869593 अशफाक पटका 9819415477 सम्पत्ति निरीक्षण दिनांक: 01 जुलाई 2024 |
| **सम्पत्ति का विवरण** | | | | |
| वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर, आवासीय खुला प्लॉट खेत नंबर 1397 का हिस्सा, क्षेत्रफल 75 वर्ग मीटर, सियाना रोड पावसरा रोड तिराहे से थाने तक,कस्बा-औरंगाबाद, परगना-बरना, तहसील और जिला-बुलंदशहर, उत्तर प्रदेश। उक्त सीमाऐं:- पूर्व:-खेत पिंटू सुनार, पश्चिम: -स्याना रोड, उत्तर:-प्रदीप का घर, दक्षिण:-सुखबीर की दुकान | | | | |

**संशोधित सरफेसी अधिनियम, 2002 के अनुसार नियम 8 (6) के तहत बाद की बिक्री के लिए वैधानिक 30 दिनों की बिक्री नोटिस।**
1) बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें।
2) इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता नंबर. चालू खाता नंबर. 911020045677633 आईएफएससी कोड: UTIB0000230

स्थान:- बुलन्दशहर
दिनांक:- 02.06.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

# आईटीएस ने 12वीं में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस मोहन नगर इन्स्टीट्यूट द्वारा दिल्ली एन सी आर क्षेत्र के 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। जिसके लिए आई टी एस, गाजियाबाद के चाणक्य सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी के पूर्व वाईस चांसलर डॉ0 आर के खंडाल, आईटीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, आईटीएस-यूजी परिसर के निर्देशक प्रो (डॉ) सुनील कुमार पांडेय, यू जी कैंपस की वाईस प्रिंसिपल डॉ नैंसी शर्मा व उपस्थित गण मान्य व्यक्तियों द्वारा माँ सरस्वती के चरणों में दीप प्रज्जवलित कर के किया गया। इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ एजुकेशन्स के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने छात्र-छात्राओं को अपने सन्देश में कहा कि आपकी यह उपलब्धि आपके जीवन को एक नई उड़ान प्रदान करेगी किन्तु आपको अपनी दिशा स्वयं निर्धारित करनी होगी इसलिए जीवन में सफल होने के लिए अपनी दिशा जरूर सुनिश्चित कर ले कि अब आगे आपको क्या करना है। उन्होंने अपने सन्देश में कहा कि आपकी यह सफलता सिर्फ आपकी ही नहीं अपितु आपके परिजनों एवं अध्यापकों की भी सफलता है। इस सफलता को बनाये रखने के लिए आपको और भी अनुशासित एवं संतुलित होने की आवश्यकता है। आई टी एस यू जी कैंपस के निर्देशक प्रो (डॉ) सुनील कुमार पांडेय ने अपने स्वागत सम्बोधन के दौरान कहा कि आईटीएस संस्थान हमेशा से प्रतिभाशाली छात्रों के मनोबल को बढ़ाने तथा उत्साह प्रदान करने हेतु इस प्रकार के आयोजन, समय-समय पर करता रहता है जिससे छात्र अपने सुनहरे भविष्य के प्रति जागरूक रहते हुए अपने मनोबल को दृढ रख सकें। सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित उत्तर प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी के पूर्व वाईस चांसलर डॉ0 आर के खंडाल ने अपने सम्बोधन में उपस्थित सभी छात्र छात्राओं को बोर्ड में उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ठ प्रदर्शन के लिए बधाई दी। और उन्हें भविष्य में ऐसा ही प्रदर्शन करते रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह में दिल्ली एन सी आर क्षेत्र के लगभग 150 विद्यालयों के 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 1000 से भी अधिक छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह स्वरूप सम्मान पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किये गये। इसके अलावा सभी स्कूलों के संकाय टॉपर को विशेष पुरस्कार दिए गए। सम्मान समारोह के दौरान, डी पी एस इंटरनेशनल द्वारिका दिल्ली, डी डी पी एस, कार्ल हूपर, नोएडा, के डी बी गाजियाबाद, रियान इंटरनेशनल, डी ए वी, विवेक. ानंद, छबीलदास, खेतान स्कूल, डी एल घ्फ साहिबाबाद, सिल्वर लाइन, इंग्राहम स्कूल, अरुणोदय, हौली एंजेल, जी डी गोयनका, उत्तम स्कूल जैसे लगभग 150 विद्यालयों के 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 1000 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। समारोह के उपरान्त सभी छात्र-छात्राओं ने आईटीएस ग्रुप ऑफ एजूकेशन्स का धन्यवाद करते हुए कहा कि इस सम्मान समारोह में आकर हम गौरवान्वित महसूस कर रहे है। उपस्थित अभिभावकों एवं अध्यापकों ने भी आईटीएस को अपना धन्यवाद प्रदान किया, साथ ही इस प्रकार के आयोजन करते रहने के लिए सुझाव भी दिया। इस अवसर पर आईटीएस ग्रुप ऑफ एजूकेशन्स के चेयरमैन डॉ आर पी चड्ढा, डायरेक्टर यूजी प्रो (डॉ) सुनील कुमार पांडेय, आई टी एस (यू जी कैंपस) की वाईस प्रिंसिपल डॉ नैंसी शर्मा तथा अध्यापकगण भी उपस्थित रहे




एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में

# सम सेमेस्टर की अंत परीक्षाएं सुचारु रूप से आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी में शैक्षणिक सत्र की सम सेमेस्टर की अंत परीक्षाएँ विश्व. विद्यालय के शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार पूर्णत: सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित की जा रही हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा परीक्षाओं के निष्पक्ष, अनुशासित एवं छात्र हितैषी संचालन हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। परीक्षा केंद्रों पर सभी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन किया जा रहा है ताकि छात्र-छात्राओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं पारदर्शी परीक्षा प्रणाली के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महेन्द्र अग्रवाल एवं कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसेनजीत कुमार ने सभी विद्यार्थियों को आगामी परीक्षाओं के लिए शुभकामनाएँ दी हैं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।






**मोदीनगर। गाजियाबाद में आयोजित भविष्य ज्योति कार्यक्रम में मोदीनगर के समाजसेवी दीपक वत्स की बिटिया मनी वत्स को 12वीं में अच्छे नम्बर लाने पर सम्मानित करते आईएएस आर्यन जैन, बेसिक शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश, डायरेक्टर गीति शर्मा आदि।**

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा हाउस टैक्स व दुकान किराया वृद्धि का कड़ा विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला कार्यालय पर बैठक का आयोजन जिलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में नगर निगम द्वारा गाजियाबाद की जनता पर हाउस टैक्स में प्रस्तावित बेतहाशा वृद्धि एवं 1702 दुकानदारों पर किराये में अनुचित रूप से की जा रही वृद्धि का तीव्र विरोध किया गया। जनप्रतिनिधियों के आग्रह के बावजूद नगर निगम अधिकारियों द्वारा एकतरफा और मनमाने ढंग से लिए गए इस निर्णय को पूरी तरह तुगलकी और जनवि. रोधी बताया गया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि कोरोना महामारी के बाद व्यापारी वर्ग अभी भी आर्थिक संकट से पूरी तरह उबर नहीं पाया है। ऐसे समय में टैक्स और किराया कई गुना बढ़ाकर व्यापारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है, जिससे साफ प्रतीत होता है कि यह सब आगामी विधानसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को नुकसान पहुँचाने की एक सोची-समझी साजिश है।

बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि यदि सरकार एवं नगर निगम द्वारा इस गंभीर समस्या का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो राष्ट्रीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी सड़कों पर उतरकर आंदोलन करने को बाध्य होंगे। बैठक में प्रमुख बालकिशन गुप्ता अशोक भारतीय प्रदीप चौधरी रितेश शर्मा समीर शर्मा आशु पंडित सोनू भाटी दिनेश पांडे आदि उपस्थित रहे।



# गिन्नी देवी कॉलेज में हिंदी पत्रकारिता दिवस पर हुआ संगोष्ठी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

मोदीनगर। मेरठ-दिल्ली मार्ग पर संचालित गिन्नी देवी मोदी कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. पूनम शर्मा ने लेखनी के सिपाहियों- पत्रकारों को समाज का दर्पण तथा लोकतंत्र का चौथ सशक्त स्तम्भ बताते हुए उनसे अनुरोध किया कि वे अपनी सशक्त लेखनी तथा निष्पक्ष पत्रका. रिता से समाज व देश को सही दिशा दें। प्रो. पूनम शर्मा हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के हिंदी विभाग के सौजन्य से आयोजित एक संगोष्ठी में बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता संघर्ष व चुनौतीपूर्ण है तथा पत्रकारों को चाहिए कि आने वाली चुनौतियों का डटकर मुकाबला करें तथा अपने निष्पक्ष एवं निर्भिक पत्रकारिता के दायित्वों को पूर्ण निष्ठा व इमानदारी से निवर्हन करें। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारों पर पूरे देश की नजर है। अत: वे तथ्यात्मक एवं विश्वसनीय समाचारों का ही प्रकाशन करें और शासन-प्रशासन का मार्गदर्शन करें। गीता त्यागी की पाकिस्तान को ललकार सहित कई देशभक्ति पूर्ण रचनाओं से वातावरण देशभक्ति पूर्ण हो गया। इस मौके पर डा. सरिता गर्ग, डा. ऐश्वर्या बहुगुणा, डा. मंजू कनोजिया, डा. ऋषिका पाण्डेय, डा. आकांक्षा सारस्वत, कु. शालू देवी, रविंद्र कुमार आदि मौजूद रहे। पत्रकार सच्चिदानंद पंत सुभाष शर्मा, राकेश शर्मा, अनिल वशिष्ट, सुरेंद्र गुप्ता, संजय तिवारी, अनिल कुमार आदि पत्रकारों ने भी पत्रकारिता दिवस की बधाई दी।

# पुलिस प्रशासन द्वारा निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई को लेकर सपाईयों ने सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट एवं महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में ग्राम नाहल में हुई घटना में गांव व क्षेत्र वासियों के खिलाफ पुलिस प्रशासन द्वारा निष्पक्ष कानूनी कार्रवाई के संबंध में समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधि मंडल पुलिस कमिश्नर से मिला और इस संबंध में ज्ञापन सोपा। प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति प्रदेश सचिव विनोद सविता पूर्व मेयर प्रत्याशी अभिषेक गर्ग पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विशाल वर्मा पूर्व मेयर प्रत्याशी सिकंदर यादव आदि कई समाजवादी अन्य नेतागण शामिल रहे।

# आईटीएस कॉलेज में मनाया गया विश्व तंबाकू निषेध दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुरादनगर।** आईटीएस डेंटल कॉलेज के पब्लिक हेल्थ डेन्टिस्ट्री एवं ओरल मेडिसिन एंड रेडियोलॉजी विभाग के द्वारा विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया गया। जिसका विषय ''आकर्षण का पर्दाफाश तंबाकू और निकोटीन उत्पादों पर उद्योग की रणनीतियों को उजागर करना'' था। इस वर्ष की थीम काफी खास है। यह दिवस विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के नेतृत्व में तंबाकू के उपयोग के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और खपत को कम करने के लिए प्रभावी नीतियों की वकालत करने के लिए एक वैश्विक अभियान है। इस अवसर पर आईटीएस डेन्टल कॉलेज ने मरीजों, छात्रों और दंत चिकित्सकों को प्रेरित करने के लिये विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया।

इसके अलावा सीओटीपीए अधिनियम के संबंध में गाजियाबाद के विभिन्न स्थानों पर विक्रताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न क्षेत्रीय गतिविधियां भी आयोजित की गयी। इसके साथ ही संस्थान की ओपीडी में आने वाले तंबकू उपयोगकर्तओं के लिए तंबाकू सिस. ेशन हेल्प डेस्क लगाया गया जिसमें मरीजों को तंबाकू के कारण होने वाले मौखिक कैंसर के बारे में जागरूक किया गया। इसके साथ ही संस्थान की डेन्टल ओपीडी में रोगियों के लिये नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया, जिसमें मरीजों को तंबाकू के सेवन के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके अलावा संस्थान द्वारा डासना जेल, पंची और मुरादनगर में जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से यह संदेष दिया गया कि तंबाकू और निकोटीन उत्पाद अत्यधिक नशे की लत वाले होते है औ इन्हें इस प्रकार बनाया गया है कि उपभोक्ता लंबे समय तक इनका सेवन करता रहे। इसके साथ ही संस्थान के बीडीएस एवं एमडीएस के विद्यार्थियों के लिये स्लोगन, क्विज प्रतियोगिता एवं पोस्टर प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, जो डब्ल्यूएचओ द्वारा निर्धारित की गयी थीम पर आधारित थी।

अंत में विजेता छात्रों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिये सभी प्रतिभागियों ने आईटीएस - द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन डॉ आरपी चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा एवं संस्थान के डायरेक्टर-प्रिंसिपल, डॉ देवी चरण शेट्टी को धन्यवाद दिया।



## एक नजर

हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल द्वारा

# साइकिल स्प्रिंट शो डाउन कार्यक्रम का भव्य आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** हाई-टेक वर्ल्ड स्कूल ने साइकिल दिवस के उपलक्ष्य में वेव सिटी में विशेष आयोजन साइकिल स्प्रिंट शो डाउन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। इस अनूठे कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में साइकिलिंग के प्रति रुचि एवं जागरूकता बढ़ाना, उन्हें स्वास्थ्य और पर्यावरण के प्रति संवेदनशील बनाना तथा उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में तीन आयु वर्गों-5 वर्ष से कम, 5 से 9 वर्ष और 10 से 15 वर्ष-के बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया। प्रतिभागियों ने न केवल अपनी साइकिलिंग प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण जागरूकता और स्वस्थ जीवनशैली का संदेश भी समाज को दिया। सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र और स्मृति पदक प्रदान किए गए, जबकि विभिन्न श्रेणियों के विजेताओं को ट्रॉफियों से सम्मानित किया गया। पुरस्कार वितरण समारोह में विद्यालय के निदेशक विहंग गर्ग और प्रधानाचार्या इंदु शर्मा ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

चीफ एडमिन एवं कार्यक्रम के संचालक अखिलेश वर्मा ने बताया कि कार्यक्रम की सफलता में वेव सिटी मैनेजमेंट टीम का विशेष योगदान रहा। रंजीत रंधावा (वेव सिटी के प्रबंधन प्रमुख), अरुण गुप्ता, रीना शर्मा, उदयराज सिंह और मुसेरल लईक का सहयोग उल्लेखनीय रहा साथ ही साथ उन्होंने पुलिस प्रशासन और मणिपाल हॉस्पिटल का भी आभार व्यक्त किया, जिनके सक्रिय समर्थन से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। विद्यालय की समर्पित टीम की भूमिका भी अत्यंत सराहनीय रही। अंत में विहंग गर्ग ने सभी प्रतिभागियों, उनके अभिभावकों तथा आयोजन टीम को हार्दिक बधाई दी और यह आश्वासन दिया कि विद्यालय भविष्य में भी इसी प्रकार के रचनात्मक, प्रेरणादायक और समाजहितैषी कार्यक्रमों का आयोजन करता रहेगा।

# जनरल वी.के सिंह ने स्व. ललित भाटी को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**साहिबाबाद।** महामहिम राज्यपाल मिजोरम जनरल वी.के सिंह अधिवक्ता सरदार सिंह भाटी के भतीजे पार्षद रवि भाटी के छोटे भाई ललित भाटी की आकस्मिक मृत्यु हो जाने पर निवास स्थान शालीमार गार्डन मैन साहिबाबाद मे शोक व्यक्त करने पहुंचे तथा राज्यपाल जनरल वी के सिंह ने इस दुखद घड़ी में परिवारजनों के बीच शोक संवेदनाएं भाटी परिवार को परिवार के साथ व्यक्त की ओर स्व. ललित भाटी पुत्र अजयचंद भाटी जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ में उनकी पुत्री मृणालिनी ने भी इस दुखद समय में परिवार को सांत्वना देने पहुंची।

## तीन मुठभेड़ में छह कुख्यात लूटेरे गिरफ्तार

**गाजियाबाद।** अपराध पर नकेल कसने के लिए पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। बीती रात गाजियाबाद के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई मुठभेड़ों में पुलिस ने छह खतरनाक बदमाशों को गिरफ्तार किया। ये सभी अपराधी लूट, स्नैचिंग, हत्या के प्रयास और अवैध हथियार जैसे गंभीर मामलों में वांछित थे। थाना लोनी क्षेत्र में पुलिस को सूचना मिली थी कि दिल्ली के सुभाष विहार निवासी वांछित अपराधी तनवीर निठौरा अंडरपास की ओर जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी की, लेकिन तनवीर बाइक से भागने की कोशिश करने लगा। बाइक फिसलने के बाद उसने पुलिस पर गोली चला दी। जवाबी फायरिंग में तनवीर के पैर में गोली लगी, जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल, तमंचा, कारतूस और चोरी की बाइक बरामद हुई।

# इंदिरापुरम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज में फेयरवेल पार्टी का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम इंस्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज (IIHS) में हाल ही में फेयरवेल पार्टी का भव्य आयोजन किया गया। जो शैक्षणिक सत्र के समापन और अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को विदाई देने के अवसर पर आयोजित की गई थी। इस खास मौके पर छात्र-छात्राओं, शिक्षकों और स्टाफ सदस्यों ने पूरे उत्साह के साथ भाग लिया। पार्टी में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, नृत्य और के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच की गहरी मित्रता और सौहार्द को दर्शाया। कार्यक्रम की खास बात यह रही कि सभी ने मिलकर हर पल को आनंदपूर्वक जिया। IIHS के निदेशक डॉ. के तारा शंकर ने छात्रों को संबोधित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और संस्थान में उनके योगदान की सराहना की। पार्टी का समापन शानदार डीजे नाइट के साथ हुआ, जहां सभी ने संगीत की धुन पर झूमकर विदाई को यादगार बना दिया। फेयरवेल पार्टी केवल एक विदाई नहीं थी, बल्कि यह एक जश्न था-संघर्षों, उपलब्धियों और नई शुरुआतों का। IIHS इस प्रकार के आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देता है।

# प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट का हुआ समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रथम मेजर अंडर-13 बैडमिंटन स्टेट टूर्नामेंट का समापन समारोह भव्य रूप से सम्पन्न हुआ। टूर्नामेंट के तीसरे और अंतिम दिन खेले गए फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल, अनुशासन और समर्पण का परिचय दिया, जिसे दर्शकों ने करतल ध्वनि से सराहा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में सुनील शर्मा उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में डॉ. पी.एन अरोरा चेयरमैन यशोदा ग्रुप; अंजुल अग्रवाल, वाइस चांसलर, HRIT यूनिवर्सिटी; एवं सतीश शर्मा, समापन समारोह की अध्यक्षता ललित जायसवाल अध्यक्ष बैडमिंटन एसोसिएशन ने की। बैडमिंटन एसोसिएशन के सचिव नरेंद्र शर्मा ने बताया कि सभी मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धी रहे।

खिलाड़ियों ने अनुशासन में रहते हुए पूरे जोश और लगन के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। टूर्नामेंट की सफलता में खिलाड़ियों के साथ-साथ आयोजन समिति और दर्शकों का भी विशेष योगदान रहा। फाइनल विजेताओं की सूची इस प्रकार रही:

बालक वर्ग - सिंगल्स: विजेता: शार्दूल खत्री कानपुर उपविजेता: कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ बालक वर्ग - डबल्स: विजेता: कुशाग्र द्विवेदी लखनऊ एवं शिवेश गुप्ता उपविजेता: शार्दूल खत्री कानपुर एवं कंदर्प खत्री कानपुर बालिका वर्ग - सिंगल्स:

विजेता: वन्या चौधरी नोएडा

उपविजेता: गर्विता त्रिपाठी मेरठ

बालिका वर्ग डबल्स: विजेता : गर्विता एवं वन्या नोएडा उपविजेता: प्रियंका जैसवाल एवं उर्वशी वाराणसी प्रतियोगिता के मुख्य रेफरी अजय सिंह ने टूर्नामेंट की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे उत्तर प्रदेश में अब तक की सबसे संगठित और सफल प्रतियोगिता बताया। उन्होंने सभी आयोजकों, कोचों और तकनीकी अधिकारियों का धन्यवाद किया। आयोजन समिति के टेक्निकल चेयरमैन अमित शर्मा की देखरेख में टूर्नामेंट का संचालन सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

इस सफल आयोजन ने बाल खिलाड़ियों को राज्यस्तरीय मंच प्रदान कर उनके आत्मविश्वास को नया आयाम दिया है। आगामी वर्षों में भी इस तरह की प्रतियोगिताएं आयोजित करने का संकल्प लिया गया है।

अन्य गणमान्य जो उपस्थित रहे बी एल बत्रा, राजीव मालिक, अतुल कुमार, दिवांशु सिंघल, सुमित कुमार, गिरीश चौहान, दिशा यादव, हर्षित आदि। सभी निर्णायक मंडल को प्रशस्ति पत्र एव स्मृति चिन्ह देकर श्री सुनील शर्मा एवं डॉ पी एन अरोरा जी ने सम्मानित किया। विजेता खिलाड़ियों को 100000/- रुपये पुरुस्कार राशि के रूप में दिए गए।



श्रीराम हनुमान भक्त हनुमान चालीसा मंडल टीम द्वारा

# छबील वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राज्यपाल डॉ. जनरल वीके सिंह के आवास पर श्रीराम हनुमान भक्त हनुमान चालीसा मंडल टीम द्वारा छबील वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमित पाराशर, वीरेन्द्र प्रताप त्यागी, अंकित गिरि, ज्योति चौहान, पूनम कौशिक, गगन अरोड़ा, संजना चौधरी, रेखा त्यागी, गौरव अरोड़ा, इंदिरा सैनी, सुनीता शर्मा, हेमलता चौधरी, गीता भाटी, शर्मिला राठी आदि सभी ने छबील वितरित किया।

# पारिवारिक विवाद में बीच-बचाव करना पड़ा परिवार को भारी

## झगड़े को शांत करने आए पति-पत्नी व बेटी-बेटों पर लाठी डंडों से हमला कर किया घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** गुराना गांव में पारिवारिक विवाद में बीच-बचाव करने गए सतेन्द्र, उसकी पत्नी वेदो, बेटी शिवानी व उसके दोनों बेटों शिवम व शुभम को लाठी-डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। इसमें शिवानी के सिर में 5 टांके, शिवम के हाथ में फ्रैक्चर आया। सतेन्द्र के दांत टूट गए।

शिवानी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि पड़ोसी अंगूरी के यहां पारिवारिक विवाद चल रहा था। झगड़े के दौरान अंगूरी के परिवार से कुछ लोग घर पर आए और झगड़े को शांत करने की बात कहने लगे। जैसे ही पिता सतेन्द्र, मां वेदो, भाई शिवम व शुभम के साथ में उनके घर पर झगड़े को शांत करने पहुंची तो, उन्होंने लाठी- डंडों से हमला कर दिया। सभी को गंभीर चोट लगी हैं।





## पीड़ित परिवार ने की पुलिस से हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बली गांव में घर की मरम्मत कराते समय एक परिवार पर जानलेवा हमला किया। हमले में चार सदस्य घायल हो गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर हमलावरो के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

रविवार को करीब साढे 11 बजे कस्बा टटीरी निवासी शहीदुद्दीन ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उनका एक मकान बली गांव में भी है। वह अपने परिवार के साथ मकान पर मरम्मत का कार्य करा रहा था। आरोप है कि एक परिवार के आठ सदस्यों ने मिलकर गाली-गलौच करते हुए परिवार पर एक राय होकर लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से जानलेवा हमला किया। हमले में उनके सहित परिवार के चार सदस्य घायल हो गए। इतना ही नहीं मोबाइल से पुलिस को सूचना देने पर आरोपियों ने मोबाइल भी छीन लिया था। वहीं घायल परिवार के सदस्यों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पीड़ित परिवार ने पुलिस से हमलावरों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।



## परीक्षा सुचारु रूप से हुई संपन्न, पुलिस बल रहा तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को बीएड संयुक्त प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। जिले में तीन परीक्षा केंद्र बनाए गए। इनमें बागपत का श्री यमुना इंटर कॉलेज, अग्रवाल मंडी टटीरी का डीएवी इंटर कॉलेज और बड़ौत का दिगंबर जैन इंटर कॉलेज में परीक्षा कराई गई।

सभी तीन केंद्रों पर कुल 1500 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। प्रशासन ने परीक्षा को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पुख्ता इंतजाम किए। परीक्षा केंद्रों पर पुलिस बल तैनात किया गया। इससे परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई।



## व्यापारियों ने दिल्ली बस स्टैंड पर विदेशी कंपनियों का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में स्वदेशी जागरण मंच एवं व्यापारी एकता एसोसिएशन के सयुक्त तत्वाधान में एक विरोध प्रदर्शन रैली पंचमुखी मंदिर से पुराने दिल्ली बस स्टैंड तक निकाली गई। रैली का नेतृत्व अखिल भारतीय जिला समन्वाहक प्रमुख अजय निरवाल ने किया। इस मौके पर अजय निरवाल ने कहा कि इस समय व्यापारी वर्ग घाटे में चल रहा है क्योंकि लोग ऑनलाइन सामान मंगवा रहे हैं। ऑनलाइन सामान नकली आ रहा है। उन्होंने इस सामान से लोगों को बचने के लिए कहा है।

रैली में सभी व्यापारियों और कार्यकर्ताओं ने अमेजन, फ्लिपकार्ट, वॉलमार्ट जैसी ऑनलाइन सामान बेचने वाली विदेशी कंपनियों का बहिष्कार कर अपने देश में बनने वाली वस्तुओं और अपने आसपास बाजार के दुकानदारों से सामान खरीदने के लिए प्रोत्साहित किया। इस पर स्वदेशी जागरण मंच प्रांत परिषद् सदस्य संदीप तोमर फ़ौजी बडोली ने बताया कि ऑनलाइन व्यापार ने लोकल मार्केट से रौनक छीन ली, क्योंकि जब सभी लोग दुकानों से सामान खरीदने के बजाय ऑनलाइन शॉपिंग कर समान मंगा लेते है। पैसा विदेशी कंपनिया हमारे देश पर होने वाले आतंकी हमलों में फंडिंग के तौर पर इस्तेमाल किया जाता है, जिसमे लक्ष्मी नगर सहसंयोजक राधेश्याम अखिल भारतीय जिला समन्वाहक प्रमुख अजय निरवाल जिला कोषाध्यक्ष मनोज जिला सहसंयोजक विशाल जिला सहसंयोजक सोनू जैन नगर संयोजक पुष्पेंद्र शर्मा रकम सोलंकी नगर सहसंयोजक विशु मनोज तोमर व्यापारी नेता अनिल महादेव चिकारा गारमेंट अमित चिकारा बडावद ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। समस्त व्यापारियों में नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर विदेशी कंपनियों का पुतला दहन किया।



## एक नजर

### 8 जून को होगा विराट वैचारिक यज्ञ धन्यवाद दिवस आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गोरक्ष पीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में एक विराट वैचारिक यज्ञ, धन्यवाद दिवस एव विभूति सम्मान समारोह का आयोजन 8 जून को किया जा रहा है। विश्व हिंदू महासंघ (शिक्षक/बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ) के 'राष्ट्रीय महामंत्री व मीडिया प्रभारी एड.गजेंद्र सिंह कुन्डु ने जानकारी दी कि 8 जून 2025 को विश्व हिंदू महासंघ के तत्वाधान में देवालय संघ व विश्व आर्यस महासंघ के सौजन्य से आशीर्वाद गार्डन बागपत में संपन्न होगा।

### नारी ही वीर वीरांगनाओं को देती है जन्म, जिससे राष्ट्र बनता है मजबूत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा द्वारा 4 जून से चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शोधक शिविर के लिए हिमालय ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटयूट लोयन मलकपुर में सभा मंत्री रवि शास्त्री ने बीएड की बेटियों को संबोधित करते हुए कहा संस्कारित बेटियां ही समाज का दर्पण है।

रविवार को विश्व सुंदरी प्रतियोगिताओं की बजाय सर्वगुण संपन्न नारियों की प्रतियोगिताएं होनी चाहिए, जिससे समाज में अच्छा बनने की प्रवृत्ति को बढ़ावा मिले। त्याग ,सेवा, बड़ों का सम्मान, शालीनता आदि गुणों से युक्त नारी ही समाज को वैचारिक रूप से स्वस्थ कर सकती है। अंग प्रदर्शन का चलन बंद होना चाहिए। नारी का स्थान समाज में ऊंचा है। नारी ही वीर वीरांगनाओं को जन्म देती है, जिससे राष्ट्र मजबूत बनता है। शिविर में बेटियों को जूडो कराटे, योगासन, आत्मरक्षा के अभ्यासों को सिखाया जाएगा। इस अवसर पर प्रबंधक विपिन राणा, अमित तोमर,आदेश राणा, प्राचार्य कुलदीप तोमर, कपिल आर्य, धर्मपाल त्यागी ,मनीष गोयल, पूजा गुप्ता, चंचल शर्मा, विधि चौधरी , प्राची खोखर आदि उपस्थित रहे।

### सेवा का पर्यावरण सप्ताह की हुई शुरुआत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को एफजीसीई दिल्ली की संस्था ने सेवा भारती के साथ मिलकर सीएचसी केन्द्र डोला में सेवा का पर्यावरण सप्ताह की शुरुआत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जितेंद्र प्रांत संगठन मंत्री मेरठ व विशिष्ट अतिथि योगेश मेरठ प्रांत के द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत वृक्षारोपण कर की गई। इस दौरान मुख्य अतिथि ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो जीवन सुरक्षित रहेगा। हर किसी को पौधारोपण करना चाहिए। पौधे रहेंगे तो सांस चलती रहेगी, जिस दिन पौधे खत्म उस दिन जीवन को बचाना मुश्किल होगा। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को गंभीरता से लेना चाहिए। यह कोई सामान्य बात नहीं है बल्कि इस संबंध हमारे अस्तित्व से है। अगर अस्तित्व और मानव को बचाना है तो पर्यावरण के लिए जरूरी प्रयास करने होंगे।




## सामाजिक संगठन ने चलाया परिंदे बचाओ अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को यूनाईटेड मैडिकेयर एसोसियेशन की एक बैठक नगर में स्थित जीनियसपब्लिक स्कूल में आयोजित की गयी।

बैठक की अध्यक्षता संगठन के संरक्षक डा.शराफत अली और संचालन फिरोज खान अल्वी ने किया। इस दौरान सभा को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष डा.रियासत अली ने कहा कि हमारी संस्था का उद्देश्य शिक्षा, चिकित्सा, पशु पक्षी और पर्यावरण की सुरक्षा करना है जिसको देखते हुए हमारी संस्था ने परिन्दों के लिए घोंसला (बसेरा) संकल्प योजना के जरिये कबूतर व गौरेया चिडियाओं के लिए आर्टिफिशियल घोंसले लगाकर उनके लिए आवास बनाने का कार्य करने का संकल्प लिया है। ताकि कबूतर व चिडिया की अपने अंडे व बच्चों को सुरक्षित रख सके। इसी उद्देश्य को देखते हुए हमारी संस्था पूरे जनपद में जहां जहां भी चिडिया व जंगली कबूतरों को रहने व खाने-पीने की समस्या को देखेगी, वहां हमारी संस्था उनके लिए घोंसला, दाना-पानी की व्यवस्था करने का कार्य करेगी। इसी दौरान संस्था के संरक्षक डा.शराफत अली ने कहा कि हमारी संस्था हर समय गरीबों को शिक्षा, चिकित्सा मुहैय्या कराने का भी कार्य करेगी और आने वाले समय में वृक्षारोपण करने का कार्य करेगी। बैठक में डा.डिम्पल तोमर, फिरोज खान, डा.दिलशाद, डा.नवाब, डा.आसिफ कुरैशी, डा. साजिद, डा.वाजिद, संजय पंवार एडवोकेट, अनुज शर्मा एडवोकेट, इशाक ठेकेदार, दिनेश कुमार, डा. नूर आदि मौजूद रहें।




## पानीपत को पेश करनी होगी सर्वे रिपोर्ट, दिए सख्त निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कार्यालय सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, बडौत डिपो की ओर से बडौत-छपरौली से समालखा पानीपत बस संचालन के सम्बन्ध में शिकायत की गयी है। क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय, मेरठ के पत्र सं0-704 और 28 फरवरी के माध्यम से बडौत छपरौली से समालखा पानीपत मार्ग का सर्वे कराकर सर्वे रिपोर्ट, नक्शा, किमी एवं स्पष्ट आख्या उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया था। उक्त निर्देशों के अनुपालन में इस कार्यालय के पत्र सं.-586 और 1 मार्च के माध्यम से टीटू सिंह, गौरव कुमार, प्रशान्त साहरण एवं अनूप सिंह, सहायक यातायात निरीक्षक, क्षेत्रीय प्रवर्तन दल, मेरठ को बडौत-छपरौली से समालखा पानीपत मार्ग का सर्वे कर सर्वे रिपोर्ट, स्पष्ट आख्या सहित उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। टीटू सिंह, गौरव कुमार व प्रवीन कुमार, सहायक यातायात निरीक्षक, क्षेत्रीय प्रवर्तन दल, मेरठ द्वारा उक्त मार्ग की सर्वे रिपोर्ट अपनी आख्या सहित इस कार्यालय को प्राप्त करायी गयी।

सहायक यातायात निरीक्षकों द्वारा उक्त मार्ग की प्राप्त करायी गयी। सर्वे रिर्पोट इस कार्यालय के पत्र सं.-628 और 6 मार्च के माध्यम से अग्रिम कार्यवाही हेतु क्षेत्रीय प्रबन्धक महोदय, मेरठ को प्रेषित कर दी गयी है। क्षेत्रीय स्तर पर उक्त मार्ग के परमिट की कार्यवाही गतिशील है।

उक्त के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता के मोबाईल पर सम्पर्क कर स्थिति से अवगत करा दिया गया है। अब हरियाणा पानीपत से महाप्रबंधक हरियाणा राज्य परिवहन के द्वारा सीएम ऑफ/एन/2025/032204 के संदर्भ में आनंद प्रकाश निरीक्षक को आदेश दिए जाते हैं कि समालखा से छपरौली बड़ौत वाया आया मार्ग का सर्वे करना सुनिश्चित करें एवं रिपोर्ट यातायात शाखा में प्रस्तुत करें।

एआरएम हाकिम सिंह ने कहा कि छपरौली से सोनीपत हरियाणा, छपरौली से गुरुग्राम हरियाणा, छपरौली से रोहतक हरियाणा और छपरौली से करनाल हरियाणा बसें चलाई जाएगी। गर्मी में महिलाएं व बच्चे पैदल यात्रा को मजबुर है और लाईट की व्यवस्था नहीं है पुल पर रात को अंधेरे में अनहोनी की आशंका रहती है। इस मौके पर आजाद, जोगिंदर, विकाश, जितेंद्र, अनिल, अनीश, अंकित, कृष्ण , राकेश, मास्टर रमेश, सतपाल, जयपाल आदि ने खुशी जाहिर की।

## वीरेंद्र लोहड्डा बने प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष, योगेंद्र सिंह बने प्रबंधक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जनता वैदिक इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति का चुनाव रविवार को कड़े सुरक्षा बंदोबस्त व शांति व्यवस्था के बीच हुआ। मतदान के बाद मतगणना और उसके बाद परिणाम घोषित किया गया। वीरेंद्र लाहोड्डा पैनल विजय घोषित किया गया, जिसमें वीरेंद्रपाल ने एकतरफा मुकाबले में अपने प्रतिद्वंदी देवेंद्र सिंह को 3393 वोटों से करारी शिकस्त दी।

जनता वैदिक इंटर कॉलेज में बनाए गए मतदेय स्थलों पर मतदान कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच हुआ। पुलिस ने मतदान केंद्र की ओर जाने वाले रास्तों पर बेरिकेड्स कर भारी वाहनों की आवाजाही बन्द कर दी गई थी। कॉलेज में कुल 24 मतदेय स्थान मतदान के लिए बनाए गए थे। 10 साल बाद हो रहे चुनाव में 18100 मतदाता पंजीकृत हैं, लेकिन 3812 मतदाताओं ने ही मताधिकार का प्रयोग किया। मतदाता सूची में 4000 के लगभग मृतक भी शामिल रहे। मतदान करने को विभिन्न जिलों, राज्यों के मतदाताओं ने भी मताधिकार का प्रयोग करने पहुँचे। 10 साल बाद हो रहे चुनाव से पहले भी वीरेंद्र सिंह की ही प्रबन्ध समिति अभी तक काबिज थी। चुनाव अधिकारी सरोज कुमारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुआ। 24 मतदेय स्थलों पर सुबह 7 से 3 बजे तक मतदान हुआ। 4 बजे से मतगणना हुई। 18100 मतों में से कुल 3812 मत पड़े जिसमे से वीरेंद्र सिंह को 3574 मत मिले, उनके प्रतिद्वंद्वी देवेंद्र सिंह को 181 वोट मिले, 57 वोट



निरस्त हुए। इन तरह से 3393 मतों से वीरेंद्र सिंह विजयी हुए।

## बिजली घर में मशीन की खराबी के चलते दिन भर विद्युत आपूर्ति रही ठप्प

**रटौल।** बिजली घर पर मशीन की तकनीकी खराबी के चलते दिन भर विधुत आपूर्ति ठप रही जिससे कस्बें के लोगो को भारी परेशानी उठानी पड़ी। रटौल बिजली में इन्कमिंग मशीन मे तकनीकी खराबी के चलते 12 गावों की विधुत आपूर्ति ठप रही जहा कस्बा रटौल मे बिजली के कारण लोग परेशान नजर आये। वही अन्य गावों मे भी बिजली के कारण ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। जहा ग्रामीणों गर्मी के कारण परेशान रहे। वही पशुओं को चारा काटने मे भी समस्याओं का सामना करना पड़ा जई यतेन्द्र भाटई ने बताया कि मशीन में इन्कमिंग ब्रेकर आ गया था जिससे ठीक कराने मे समय लगा पांच बजे विधुत आपूर्ति शुरु कर दि जायेगी।

## जो ईश्वर भक्ति में लीन रहते है उनकी भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** सरस्वती विद्या मंदिर कन्या इंटर कालेज टीकरी में आयोजित धर्मसभा में प्रवचन करते हुए राहुलेश्वरनंद गिरी महाराज महामंडलेश्वर पंचायती निरंजनी अखाड़ा ऋषिकेश ने कहा कि गुरु बिन ज्ञान अधूरा होता है, सत्य अहिंसा मानव को उन्नति के पथ पर ले जाता है।

कार्यक्रम में राहुलेश्वरानंद गिरी महाराज महामंडलेश्वर ने कहा कि ईश्वर की भक्ति कभी व्यर्थ नहीं जाती है जो ईश्वर भक्ति में लीन रहते है। उनकी सभी मनोकामना पूरी होती है। कहा कि गुरु के बिना ज्ञान अधूरा होता है। गुरु शिष्य को ही नहीं समाज को भी एक नई दिशा देने का काम करता है। गुरु सदैव ही अपने शिष्य के प्रति बेहद गंभीरता दिखाते हुए उसे हर तरह से परिपक्व करना चाहता है। शिक्षा के क्षेत्र से लेकर हर क्षेत्र में गुरु अपना पूर्ण ज्ञान शिष्य को देने का काम करता है। कहा कि इंसान से यदि गलती हो जाए और वह उसका पश्चाताप कर ले तो वह क्षण हो जाता है। इंसान जीवन मिला है। इसे बर्बाद न कर दूसरो की सेवा एवं पुण्य कार्यों में लगा दे ताकि जीवन सुरक्षित बना रहे। मानव को कर्मो के आधार पर फल मिलता है जैसा कर्म करेगा उसे वैसा ही फल मिलेगा। कार्यक्रम में उमड़ी भक्तो की भीड़ को जीवन में बुराइयों का त्याग करने की शपथ दिलाई। इसके बाद प्रसाद वितरण कराया गया। इस मौके पर परमानंद महाराज, रामनारायण महाराज, रामेश्वर वन बाबा, उपेंद्र राठी, रामकुमार राठी, जितेंद्र ठेकेदार, नरेंद्र राठी, संजीव आदि मौजूद रहे।



## बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया तो किसान सड़कों पर उतरने को मजबूर

**बडौत।** नगर के दिल्ली बस स्टैंड पर भारतीय किसान यूनियन प्रधान के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान का ढोल नगाड़ों के साथ फूल मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया गया। बिजनौर से हरियाणा जाते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान का संगठन के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव संजीव दांगी लुहारी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन जिंदाबाद के नारे लगाते हुए आज नगर आगमन पर राजेश प्रधान का भव्य स्वागत हुआ।

इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश प्रधान ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन प्रधान संगठन किसानों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का काम कर रहा है। किसानों के लिए हमारा संगठन से सदैव तत्पर है। किसानों के साथ मिलकर किसने की समस्याओं को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि आज किसानों के सामने किसानों का चीनी मिलों से बकाया गन्ना भुगतान विकट समस्या बनता जा रहा है। समय रहते अगर चीनी मिल मालिकों ने बकाया गन्ना भुगतान नहीं किया तो किसान सड़कों पर उतरेगा। इस मौके पर संगठन के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव संजीव दांगी लुहारी ने कहा कि आज किसान अपने घड़ियाले आंसू रो रहा है। क्योंकि किसान समय पर अपना गन्ना चीनी मिलों पर डालता है। मगर भुगतान समय पर नहीं होने के कारण विकट समस्या से जूझ रहा है।

Truhome FINANCE

**ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड** (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)

**मुख्य कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051, **फोन:** 1800 102 4345 ; **वेबसाईट:** website: http://www.truhomefinance.in
**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, प्रथम मंजिल, दरवाजा नं.5, पुराना नं.11, दूसरा लेन, सेनोटाफ रोड, अलवरपेट, तेनामपेट, चेन्नई-600018

**निजी संधि के माध्यम से सरफेसी अधिनियम, 2002 के प्रावधान के तहत बिक्री के लिए संपत्ति सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 9 के साथ नियम 8 के तहत निजी संधि द्वारा बिक्री की सूचना**

आम जनता और खासतौर पर उधारकर्ता/ओं और गारंटर/ओं को यह सूचना दी जाती है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में मेसर्स श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) के पास गिरवी/ प्रभारित हैं, जिनका भौतिक कब्ज़ा ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है, उन्हें .......... को निजी संधि के माध्यम से ''जैसा है, जैसा है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर बेचा जाएगा, ताकि उधारकर्ताओं और गारंटरों से ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड को देय शेष राशि की वसूली की जा सके, जैसा कि तालिका में उल्लेख किया गया है। प्राधिकृत अधिकारी सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के अनुसार निजी संधि के माध्यम से तालिका में उल्लिखित संपत्ति की बिक्री के लिए सूचना दे रहे हैं।

| उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/ जमानतदार/ बंधककर्ता के नाम | वसूली की राशि और मांग नोटिस की तारीख | आरक्षित मूल्य (रु.) और ईएमडी राशि और निजी संधि निष्पादन तिथि | संपर्क व्यक्ति का विवरण - (एओ और निपटान टीम) |
|---|---|---|---|
| सुश्री सहरीन पुत्री श्री सलीमुद्दीन मकान नंबर ए-189, सुनहरी मस्जिद, दुर्गा विहार, महरौली, दक्षिण दिल्ली-110062. इसके अलावा: मकान नंबर 2098/2बी, कमरा नंबर 511, बीजीएन मार्केट, कम्युनिटी सेंटर के पास, मुनिरका, दिल्ली-110067. इसके अलावा: आरजेड-एफ-11, दूसरी मंजिल, पीछे की तरफ, प्लॉट नंबर-1, गली नंबर 5, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045. श्री समीरुद्दीन पुत्र श्री सलीमुद्दीन मकान नंबर ए-189, सुनहरी मस्जिद, दुर्गा विहार, महरौली, दक्षिण दिल्ली-110062. इसके अलावा: आरजेड-एफ-11, दूसरी मंजिल, पीछे की तरफ, प्लॉट नंबर-1, गली नंबर 5, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045. इसके अलावा: मकान नंबर 2098/2बी, कमरा नंबर 511, बीजीएन मार्केट, -कम्युनिटी सेंटर, मुनिरका, दिल्ली-110067. | रू. 22,61,957/- (रु. बाईस लाख इकसठ हज़ार नौ सौ सत्तावन मात्र) ऋण खाता नं के संदर्भ में SHLHGPRK0001997 07-नवंबर-2024 तक संविदात्मक दर पर और ब्याज के साथ, उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर। डिमांड नोटिस की तिथि: 13-नवम्बर-2024 | आरक्षित मूल्य: रु. 12,00,000/- (बारह लाख रुपये) ईएमडी राशि: रु.1,20,000/- (एक लाख बीस हजार रुपये) निजी संधि निष्पादन तिथि: 20-जून-2025 भौतिक कब्जे की तिथि: 17-मार्च-2025 | श्री संजीव शर्मा 011-40725822 कस्टमर केयर नं. 022-40081572 |

**सम्पत्ति का विवरण**

वह सभी भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर आरजेड-एफ-11, द्वितीय तल, पिछला भाग, प्लॉट नंबर-1, खसरा नंबर 83/16, क्षेत्रफल 40 वर्ग गज, गली नंबर 5, महावीर एन्क्लेव, नई दिल्ली-110045. उक्त सीमाऐं:- उत्तर:- प्लॉट नंबर एफ 11 ए, दक्षिण:- अन्य संपत्ति, पूर्व:- गली, पश्चिम:- प्रवेश/सड़क।

- बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तों के लिए, कृपया ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड) की वेबसाइट देखें।
- इच्छुक बोलीदाताओं को अपनी ईएमडी राशि आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से नीचे दिए गए खाते के विवरण में जमा करनी होगी: बैंक का नाम: एक्सिस बैंक लिमिटेड शाखा: बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, मुंबई बैंक खाता नंबर. चालू खाता नंबर. 911020045677633 आईएफएससी कोड: UTIB0000230
- बंधककर्ताओं/उधारकर्ताओं को बिक्री की तिथि से पहले कुल बकाया राशि को ब्याज सहित चुकाने का अंतिम अवसर दिया जाता है, अन्यथा सुरक्षित परिसंपत्तियों को निजी संधि के माध्यम से उपरोक्त अनुसूची के अनुसार बेचा जाएगा।

स्थान:- नई दिल्ली
दिनांक:- 02.06.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड)



शामली। ट्रैक पर रखा गया पाइप।



शामली। जांच को पहुंचे आला अधिकारी।

# दिल्ली से आ रही पैसेंजर ट्रेन को पलटने की साजिश नाकाम

## शरारती तत्वों ने ट्रैक पर रख रखा था लोहे का पाइप और पत्थर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली में दिल्ली-सहारनपुर रेल मार्ग पर शामली-कांधला के बीच दिल्ली से आ रही पैसेंजर ट्रेन को पटरी से उतारने की साजिश नाकाम हुई। शराती तत्वों ने ट्रैक पर करीब 20 फीट लंबा लोहे का पाइप रखा मिला और पत्थर बिछाए गए हैं। जिससे ट्रेन ट्रेक से उतर सकती थी, लेकिन ट्रेन के लोको पायलट की सूझ बूझ के चलते इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोका लिया गया। जिस कारण ट्रेन में सवार सैकड़ों यात्रियों की जान बस चकी। गत शनिवार देर रात्रि दिल्ली से चलकर शामली आने वाली पैसेंजर ट्रेन संख्या 64021 kr करीब 10:18 बजे शामली से बलवा हाल्ट पर पहुंची थी। यात्रियों को ट्रेन से उतारने के बाद जब ट्रेन शामली की तरफ रवाना हुई तो अंडरपास के निकट लोको पायलट ने अचानक इमरजेंसी ब्रेक लगाकर ट्रेन को रोक दिया।

जिससे ट्रेन में सवार यात्रियों में भी हडकंप मच गया। ट्रेन में बैठे यात्रियों को भी अचानक झटका लगा। बाद में वॉकी टॉकी से सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई। बताया गया कि ट्रैक पर करीब 20 फीट के करीब का लोहे का पाइप रखा है और ट्रैक पर पत्थर भी बिछाए गए हैं। इस सूचना के बाद एसपी रामसे-वक गौतम, एएसपी संतोष कुमार, जीआरपी, आरपीएफ समेत तमाम अधिकारी अधिकारी और दोनों थानों की पुलिस पहुंची। उन्होने देखा कि लोहे का पाईप ट्रेन पर रखा है, जिसको हटाया गया। बाद में आसपास सघन जांच की गई, लेकिन कोई भी शराती तत्व नही मिला।

वही आसपास के लोगों से भी पूछताछ की गई। इस दौरान काफी देर तक ट्रेन जंगल में खड़ी रही। इस दौरान यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

हालांकि एसपी रामसेवक गौतम का कहना है कि देखने से लग रहा है कि नलकूप से चोरी के बाद चोर रेलवे ट्रैक पार कर रहे होंगे और ट्रेन आते ही उसे वहीं छोडकर भाग गए। ट्रेन पलटाने की साजिश की जांच की जा रही है। इस मामले में स्टेशन मास्टर आशीष सैनी की तरफ से शामली कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो पक्षों के विवाद के चलते अधर में लटका निर्माण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव उस्मानपुर में विधायक निधि से बन रही सड़क दो पक्षों के विवाद में आरोप प्रत्यारोप व विरोध के चलते अधर में लटकी है। मामले में दोनो पक्षों ने उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत कर समाधान की मांग की। जिसके चलते मौके पर पहुंची जांच टीम ने दोनों पक्षों की समस्या को सुना तथा मौके की जांच की। जांच अधिकारियों ने बताया जांच रिपोर्ट संबंधित अधिका-रियों को सौंप दी जाएगी। जिनके आदेश पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। थाना भवन क्षेत्र के गांव उस्मानपुर के दक्षिण में गांव से गुजरने वाली सड़क टूटी-फूटी हालत में पड़ी थी। ग्रामीणों ने क्षेत्रीय विधायक अशरफ अली खान से गांव की समस्या की शिकायत करते हुए सड़क को बनवाने का आग्रह किया। दो माह पहले विधायक ने अपनी निधि से 80 मी, 30 मी सड़क बनाने के लिए धनराशि अवमुक्त कर दी। प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद संबंधित ठेकेदार ने सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया। सडक के किनारे बनाई जा रही नाली को लेकर दो पक्षो में विवाद है जिसमे एक पक्ष संदेश, सनी, महेश, नागेंद्र, सुनील, अजय का कहना है कि दूसरे पक्ष ने सड़क से 10 इंच ऊंची नाली बना रखी वही दूसरे पक्ष के कृष्ण पाल, राजपाल, राजकुमार, धीरज, अशोक, प्रसन्न आदि का कहना है कि ठेकेदार को गांव की पानी निकासी के लेवल के अनुसार नाली का निर्माण करने की मांग की। बनाकर सड़क निर्माण करने की बात कही। मामले में दूसरे पक्ष के संदेश कुमार ने अपनी पुरानी 10 इंच ऊंची नाली को तोड़ने का विरोध करते हुए सड़क निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिसपर राजपाल आदि द्वारा उच्च अधिकारियों से लेकर मुख्यमंत्री तक सड़क बनाने की गुहार लगाई। वहीं दूसरे पक्ष संदेश ने भी गांव का पानी निकासी के लिए अपनी दीवार की बराबर में नाली बनाने का विरोध करते अपनी नाली तोड़ने से इनकार कर दिया। दोनों पक्षों की शिकायत पर शनिवार को अधिशासी अभियंता ग्राम अनुबंध विभाग शामली हबीबुल्लाह, परियोजना नि-देशक जिला ग्राम विकास अभिकरण शामली प्रेमचंद ब्लॉक अधिकारी के साथ मौके पहुंचे। मौके पर जांच कर दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। परंतु संदेश पक्ष अपनी बात पर अड़ गया। वहीं दूसरी ओर राजकुमार पक्ष का कहना है अगर नाली नहीं बनी तो बरसात के दिनों में उनके घरों में तालाब का पानी भर जाता है और उन्हें भारी परेशानी होती। इसीलिए जनहित में सड़क किनारे नाली निर्माण आवश्यक है। अवर अभियंता विकासखंड थाना भवन प्रमोद डिंगल ने बताया की उच्च अधिकारियों के आदेश पर ही सड़क निर्माण कार्य कराया जाएगा। इस मौके पर हबीबुल्लाह परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अधिशासी अभियंता ग्राम अभिकरण विभाग शामली, प्रेमचंद परियोजना निदेशक जिला ग्राम विकास अभिकरण शामली, प्रमोद कुमार सहायक अभियंता ग्राम अभिकरण विभाग प्रखंड शामली, ब्लॉक अधिकारी अवर अभियंता प्रमोद डिंगल विकासखंड थाना ग्राम प्रधान ओमपाल सिंह ग्रामीण संदेश रितेश सनी नागेंद्र महेश अजय सुनील कृष्ण पाल राजपाल राजकुमार अशोक कुमार धीरज प्रसन्न आदि मौजूद रहे।

# पत्नी के मायके जाने से दुखी युवक ने काटी हाथ की नस

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**थानाभवन।** घरेलू कलह से आहत होकर एक युवक ने शनिवार रात नशे की हालत में अपने हाथ की नस काट ली। समय रहते मिली सूचना पर वार्ड सभासद पति अथर सिद्दीकी और पुलिस की त्वरित कार्रवाई से युवक की जान बच सकी।जानकारी के अनुसार मोहल्ला मुजावरान निवासी मदन पुत्र करेशन की पत्नी करीब दस दिन पूर्व बच्चों को लेकर अपने मायके चली गई थी। बताया गया कि मदन प्रतिदिन शराब पीकर घर आता था, जिससे पति-पत्नी के बीच अक्सर झगड़ा होता था। पत्नी के चले जाने के बाद मदन मानसिक रूप से तनाव में था और शनिवार रात शराब के नशे में धुत होकर उसने शेविंग ब्लेड से अपने हाथ की नस काट ली। नस कटते ही हाथ से खून बहने लगा, जिससे घर में अफरा-तफरी मच गई। मदन की मां ने तुरंत वार्ड सभासद पति अथर सिद्दीकी के पास आई और मदद करने को कहा अथर सिद्दीकी ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति को समझा और बिना देर किए पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलते ही थानाभवन पुलिस के सिपाही मुकेश कुमार और धर्मेंद्र कुमार तत्काल मौके पर पहुंचे और बिना समय गंवाए घायल मदन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर उसकी जान बचाई।स्थानीय लोगों ने पुलिसकर्मियों और अथर सिद्दीकी की सराहना करते हुए कहा कि यदि समय पर मदद नहीं मिलती, तो कोई बड़ा हादसा हो सकता था। पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदना प्रशंसनीय रही।

## एक नजर

### ईद को लेकर शांति समिति की बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थाना भवन।** आगामी बकरीद पर्व को लेकर थाना भवन थाना परिसर में शनिवार को शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, व्यापारी, समाजसेवी, धर्मगुरु और पत्रकार मौजूद रहे। थाना अध्यक्ष विजेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बकरीद का पर्व आपसी सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक है। सभी लोग पर्व को शांति और सहयोग के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि कुर्बानी खुले स्थान पर न की जाए, इससे लोगों की धार्मिक भावनाएं आहत हो सकती हैं और वातावरण भी प्रभावित होता है। कुर्बानी के बाद उत्पन्न अवशेष को नगर पंचायत द्वारा खुदवाए गए ग्क्षों में ही निस्तारित किया जाए, इसे किसी भी हालत में खुले में न फेंका जाए।उन्होंने कहा कि नगर पंचायत से भी आग्रह किया कि साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही, किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचने और सोशल मीडिया पर नजर रखने की अपील भी की गई। यदि किसी व्यक्ति को कोई समस्या या संदेह हो, तो वह सीधे थाना प्रशासन से संपर्क करें।बैठक में मौजूद लोगों ने पुलिस प्रशासन को सहयोग का भरोसा दिलाया और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संकल्प लिया।इस अवसर पर थाना भवन चेयरमैन पति हाजी राव जमशेद, नगर पंचायत सभासदगण पूर्व चेयरमैन संजय शर्मा, भारत भूषण,कस्बे और क्षेत्र से आए सैकड़ों गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दिल का दौरा पड़ने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** देर रात्रि शहर के फव्वारा चौक निवासी एक व्यक्ति की अचानक दिल का दौरा पडने से मौत हो गई। व्यक्ति की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। शनिवार देर रात्रि शहर के फव्वारा चौक निवासी 40 वर्षीय शाहनवाज उर्फ बिल्लू पुत्र हारून बाजार में खरीदारी करने और एक मिठाई की दुकान पर दूध पीने के बाद घर पहुंचा। इसी दौरान अचानक उसके सीने में तेज दर्द हुआ। इससे पहले कि परिजन कुछ समझ पाते बिल्लू की मौत हो गई। परिजनों ने बिल्लू को एक निजी अस्पताल में भी भर्ती कराया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बिल्लू की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वह अपने पीछे तीन बच्चे, जिसमें सबसे छोटा 3 माह बेटा छोड गया है। बिल्लू ठेली लगाकर अपनी जीवन यापन करता था।

### विश्वकर्मा धाम में विधि विधान से हुई नल-नील की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा धाम में भगवान नल और नील की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस अवसर पर प्रतिमाओं की नगर परिक्रमा भी ढोल नगाडों के साथ निक-ाली गई। इसके पश्चात भंडारे का भी आयोजन किया गया। शहर के धीमानपुरा स्थित विश्वकर्मा धाम में विश्वकर्मा धाम सेवा परिवार द्वारा भगवान नल और नील की दिव्य प्रतिमाओं की हवन पूजन के साथ प्राण प्रतिष्ठा की गई। इससे पूर्व विश्वकर्मा धाम से प्रतिमाओं की ढोल नगाडों के साथ नगर परिक्रमा भी निकाली गई जो धाम से प्रारंभ होकर भिक्की मोड, माजरा रोड, टंकी रोड से होते हुए वापस विश्वकर्मा धाम पर आकर संपन्न हुई। पंडितों द्वारा पूरे विधि विधान व पूजा अर्चना के साथ प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शाम के समय महाआरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजेन्द्र स्वामी, कमलकांत कोकी, प्रदीप विश्वकर्मा, संजय धीमान, मनोज धीमान, नीरज धीमान, सोनू पांचाल, अनिल धीमान, अजय धीमान, श्याम सुंदर, अशोक धीमान, वासु धीमान, बिजेंद्र धीमान, अतुल धीमान, गौरव धीमान, पूनम पांचाल, प्रेमलता धीमान, रीना धीमान,रचना धीमान, प्रीति धीमान, ममता धीमान आदि मौजूर रहे।

# नाबालिग को ले जाने में आरोपी पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने के आरोप में पुलिस ने वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

ज्ञात रहे कि गत 28 अप्रैल को बड़ौत निवासी एक युवक क्षेत्र निवासी एक नाबालिग युवती को बहला- फुसलाकर भगा ले गया था। घटना के संबंध मे पीड़ित परिजनों ने कोतवाली पर तहरीर देकर सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया था।

रविवार को पुलिस अधीक्षक शामली रामसेवक गौतम के आद-ेशानुसार चलाए जा रहे महिलाओं के विरूद्ध अपराध की रोकथाम एवं महिला अपराधों से संबंधित वांछित आरोपी की गिरफ्तारी अभियान के अनुपालन में अपर पुलिस अधीक्षक शामली के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना के निकट पर्यवेक्षण में रविवार कैराना पुलिस ने नाबालिग लड़की को बहला फुसला कर ले जाने के मामले में वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपी ने अपना नाम सागर पुत्र श्रवण निवासी मौहल्ला पट्टी चौधरान थाना बड़ौत जनपद बागपत बताया है। पुलिस ने संबंधित धाराओं में न्यायलय के समक्ष पेश किया है,जहां से न्याययिक अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया है।

### चलती ई-रिक्शा अचानक टूटी

**कैराना।** झिंझाना-भूरा मार्ग पर स्थित नाहिद हसन कॉलोनी निवासी दिलशाना व जीनत अन्य लोगों के साथ ई-रिक्शा में सवार होकर मोहल्ला आर्यपुरी में स्थित सस्ते गल्ले की दुकान पर राशन लेने के लिए ज रही थी,जैसे ही ई-रिक्शा भूरा बाईपास अंडरपास से आगे पहुंची तो अचानक चलती ई-रिक्शा टूट गई। गनीमत रही कि मौके पर कोई वाहन नही आया और वह पलटने से बच गई।

# जरूरतमंदों के लिए नेत्र जांच कैंप का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल नगर कार्यकारिणी शामली एवं समर्पण सेवा ट्रस्ट व जगत बंधु सेवा ट्रस्ट द्वारा गरीब जरूरतमंद व्यक्तियों के लिए 42वें फ्री नेत्र जांच कैम्प एवं सफेद मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन जिला कार्यालय राष्ट्रीय लो-कदल शामली पर किया गया। कैम्प में 120 मरीजों की कंप्यूटराइज्ड मशीनों के द्वारा आंखों की फ्री जांच की गई जिनमे से 9 मरीजों को सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया एवं सभी मरीज को फ्री दवाइयां भी वितरित की गई। कैम्प का शुभारंभ सादर विधायक प्रसन्न चौधरी एवं जिला अध्यक्ष रालोद वाजिद अली ने संयुक्त रूप से अपने करकमलों द्वारा फीता काटकर किया। कैम्प में विधायक ने कैम्प के आयोजकों को शुभकामनाएं दी और आगे भी इसी प्रकार के कैम्प करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया। सभी मोतियाबिंद के चयनित मरीजों का ऑपरेशन संस्था द्वारा महंत इंद्रेश हॉस्पिटल देहरादून में फ्री कराया जाएगा।

कैम्प में संस्था के अध्यक्ष अमन नामदेव ने बताया की संस्था का उद्देश्य गरीब बेसहारा व्यक्तियो तक अच्छी स्वास्थ्य सेवाए उपलब्ध कराना है, संस्था निरंतर समाज कल्याण के कार्यों में अग्रसर है। जिला अध्यक्ष रालोद वाजिद अली ने कहा कि इस प्रकार से लोगों की सेवा करने में असीम सुख की अनुभूति होती है। कैम्प में उपस्थित रहे, देवानंद गौड जी, वासु गौड़, फरीद, संदीप उपाध्याय,शुभम पांचाल, विशाल उपाध्याय,नमन नामदेव, डॉ कपिल कुमार, वंश नामदेव, टिंकू गोस्वामी, शिव भारद्वाज, पंकज शर्मा, राहुल बेदी, नमन नामदेव, डॉ प्रशांत शर्मा, पुनीत कुमार, रेणु देवी, रेखा देवी सचिन नामदेव, आदि सभी सदस्य उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शामली जिला योगा-सन स्पोर्ट्स एसोसिएशन की ओर से सेंट। आर। सी। कान्वेंट स्कूल शामली में पहली जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में बहुत से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगरपालिका चेयरमैन अरविंद संगल जी, अनुराग मलिक एशियन योगासन भारत गोल्ड मैडलिस्ट और स्कूल की प्रधानाचार्या उजमा जैदी जी भी उपस्थिति रही, प्रथम जिला योगासन स्पॉट संगठन शामली में सुरेंद्र सिंह जी अध्यक्ष के रूप में, सचिन के रूप में डॉक्टर कुलदीप पंवार, प्रशांत मलिक जी कोषाध्यक्ष के रूप में कार्यभार संभाला, संरक्षक सुकेंद्र आचार्य जी के द्वारा जो अभी जोनल प्रभारी अखिल भारतीय विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा प्रणव ध्वनि उच्चारण और वैदिक मंत्रों के साथ प्रारंभ किया। इसके बाद कार्तिक पाल ने योग की संगीतमय प्रस्तुति दी। विजेता खिलाड़ियों में ट्रेडिशनल सब जूनियर वर्ग में राधिका मलिक को प्रथम स्थान और राधिका को द्वितीय स्थान ओर इजमा को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ और लड़कों में कार्तिक पाल को प्रथम स्थान ओर आरिज हुसैन, कार्तिज्ञ चौहान को द्वितीय स्थान ओर पार्थ चौहान, अंशु को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। आर्टिस्टिक सब जूनियर लड़कियों में शैवी और लड़कों में पार्थ ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। और जूनियर ट्रेडिशनल लड़कों में सूर्य देव राणा ने प्रथम स्थान आरव चौहान ने द्वितीय स्थान मयंक तोमर राजदीप सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया वहीं जूनियर गर्ल्स में तैय्यबा जैदी ने स्वर्ण पदक हासिल किया। आर्टिस्टिक जूनियर लड़कियों में तैय्यबा जैदी और लड़कों में सूर्य देव राणा ने स्वर्ण पदक हासिल किया।

आर्टिस्टिक सब जूनियर पेयर में लड़कियों में तनिष्का सिंह और अनुष्का चौहान ने स्वर्ण पदक हासिल किया और आर्टिस्टिक सीनियर लड़कियों में शिवानी शर्मा ने स्वर्ण पदक ओर अवनी ने सिल्वर मेडल प्राप्त किया। आर्टिस्टिक जूनियर लड़कियों में त"यबा जैदी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। कार्यक्रम में सुकेंद्र आचार्य जी, सुरेंद्र सिंह, राजीव राठी, अनुराग मलिक, प्रशांत मलिक, कुलदीप पंवार, दीपक कालखंडे, सत्यम मलिक के द्वारा प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाणपत्र वितरित किए। निर्णायक मंडल में राजीव राठी, प्रशांत मलिक, राज त्यागी, सत्यम मलिक, मनमोहन, प्रेक्षी, हिमांशु, अभिषेक मलिक, अंकित खेवाल योगाचार्य मौजूद रहे। विजई प्रतिभागियों को राज्य स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा।





## धोखाधड़ी करने के आरोपी की तलाश में पहुंची हरियाणा पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** लोन के नाम पर धोखाधड़ी कर रूपए हड़पने के फरार आरोपी की तलाश में कैराना पहुंची हरियाणा पुलिस।

रविवार को हरियाणा राज्य के जनपद पानीपत के थाना सिटी से एएसआई राजबीर सिंह व हैड कांस्टेबल सुनील ने कैराना कोतवाली पहुंचकर आमद दर्ज कराई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस को साथ लेकर लोन के नाम पर धोखाधड़ी कर रूपए हड़पने के आरोपी की तलाश में नगर के मोहल्ला गुलशन नगर निवासी फिरोज पुत्र असगर के घर पर दबिश दी। लेकिन आरोपी न मिलने के कारण हरियाणा पुलिस को लौटना पड़ा।

# भूमिया बाबा मंदिर में सुख शांति के लिए यज्ञ का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** कस्बे में भूमिया बाबा मंदिर में रविवार को क्षेत्र की सुख शान्ति के लिए पांच कुंडलीय यज्ञ व भंडारे का आयोजन किया गया। पंडित अर्जुन शर्मा व आशु शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन-यज्ञ कराया इसमें श्रद्धालुओं ने आहुति डालकर सुख-समृद्धि और शांति की कामना की। भूमिया बाबा मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी थी। हवन-पूजन के बाद झंडा रस्म व प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने भक्ति भाव से प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप चौधरी ने विधिवत पूजा-अर्चना करवाई।स्थानीय लोगों ने इस आयोजन को धार्मिक एकता और सामाजिक समर्पण का प्रतीक बताया। श्रद्धालुओं ने भूमिया बाबा के चरणों में नतमस्तक होकर अपने परिवार की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की।सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आयोजन में दीपक सभासद, दिनेश गोयल, बोबी गोयल, सन्नी,अशोक चौधरी, नीटू चिकारा, भास्कर चौधरी, सुखपाल शर्मा, लोकेश,नरेश गोयल,अरविंद, मोनू,अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवनीत जैन का स्वागत

**शामली।** देर रात्रि रोटरी क्लब शामली का क्लब असेंबली का आयोजन किया गया, जिसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवनीत जैन का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया।

गत शनिवार रात्रि शहर के दिल्ली रोड स्थित एक बैंकट हॉल में क्लब असेंबली का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पीडीजी डा। बृज भूषण मेरठ तथा विशिष्ट अतिथि पीडीजी सुनील कुमार गुप्ता, पीडीजी दीपक जैन उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने क्लब के आगामी कार्यों के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। रोटरी वर्ष 2025-26 के लिए नवनिर्वाचित अध्यक्ष नवनीत जैन ने अपने सेवा विजन को प्रस्तुत करते हुए बताया कि वह अधिकतम मेडिकल कैंपों का आयोजन करेंगे और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के कल्याण हेतु प्रभावशाली प्रोजेक्ट्स शुरू करेंगे। वर्तमान अध्यक्ष रुचिर गोयल, सचिव सचिन श्याम, कोषाध्यक्ष शुभम मंगल तथा क्लब के अन्य सदस्य भी इस बैठक में उपस्थित रहे। इस असेंबली का संचालन प्रशांत जैन द्वारा किया गया। आगामी सचिव डॉ। मनीष गर्ग एवं कोषाध्यक्ष आक-ाश गुप्ता ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# हनुमान चालीसा पाठ में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

मॉडल कॉलोनी स्थित अरविंद कुमार के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। जिसका शुभारंभ राम दरबार के सम्मुख दीप प्रज्वलित करके किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। भजन हनुमान के सीने में रहते हैं श्री राम जानकी सबको बहुत अच्छा लगा। सब ने तालियां बजाकर उत्साह वर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को राम दरबार का चित्र भेंट किया गया।

आयोजक परिवार में देवेंद्र सिंह, ममता देवी, अरविंद कुमार, ज्योति रघुवंशी, अयांश रघुवंशी, आयशा रघुवंशी, हेमंत चौहान, लोकेश चौहान, डॉ. हरिराज सिंह आदि शामिल रहे। अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तौगी, राम प्रकाश वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, संदीप भारद्वाज, राजकुमार प्रजापति, सतीश रस्तौगी, दिनेश राणा, नंदकिशोर रस्तौगी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंगबली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# जेल में दोस्ती कर बनाया प्रॉपर्टी फ्रॉड गिरोह

■ फर्जी रजिस्ट्री से मकान हड़पने वाले चार आरोपी गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** गाजियाबाद में फर्जी रजिस्ट्री कर मकान हड़पने के मामले में पुलिस ने चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान शिवा उर्फ शिबू, दिनेश, ज्ञानेन्द्र उर्फ ज्ञानी और राजवीर के रूप में हुई है।

डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, 1 जून को पीड़ित ने शिकायत दर्ज कराई। आरोपियों ने राजवीर को मकान का मालिक दिखाकर दिनेश की पत्नी नेहा के नाम फर्जी रजिस्ट्री करा दी थी।

जांच में पता चला कि शिवा, दिनेश और ज्ञानेन्द्र की मुलाकात गाजियाबाद जेल में हुई थी। शिवा 2007 से 2019 तक हत्या के मामले में जेल में था। दिनेश 2009-10 और 2012-22 तक विभिन्न मामलों में कैद रहा। ज्ञानेन्द्र 2021-22 में जेल में था।

जेल से छूटने के बाद इन्होंने प्रॉपर्टी डीलिंग का काम शुरू किया। शिवा प्रॉपर्टी डीलर बना, जबकि दिनेश और ज्ञानेन्द्र ग्राहक लाने का काम करते थे। इन्होंने शराब के आदी राजवीर को अपनी योजना में शामिल किया।

पुलिस ने मुखबिर और स्थानीय इंटेलिजेंस की मदद से सलारपुर खादर शिव शक्ति एन्क्लेव सेक्टर-81 से चारों को गिरफ्तार कर लिया। अब पुलिस इनके अन्य अपराधों की जांच कर रही है।

## पति समेत तीन पर मुकदमा दर्ज

**नोएडा।** पति समेत दो अन्य के खिलाफ महिला ने एक्सप्रेसवे थाने में केस दर्ज कराया। सेक्टर-134 स्थित जेपी क्लासिक सोसाइटी निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि वह यहां दो बच्चों के साथ रहती है। पति उससे अलग उसी सोसाइटी में रहता है। महिला का आरोप है कि पति गौरव सिंगल अपने भाई और भाभी के साथ मिलकर उसे परेशान कर रहा है। तीनों अनर्गल बातें लिखकर महिला को धमकी दे रहे हैं। 25 मई को रात साढ़े आठ बजे के शिकायतकर्ता महिला सोसाइटी के बेसमेंट से गाड़ी निकाल रही थीं। इसी दौरान पति गौरव, नीलिमा और मनोज आ गए और अश्लील भाषा का इस्तेमाल करने लगे।

सोसाइटी में न रहने देने और बच्चों को उठा लेने और ससुर के पुश्तैनी मकान और संपत्ति पर नजर रखने पर मारने की धमकी दी।

# यमुना सिटी के 29 गांवों की बदलेगी सूरत




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण की ओर से यमुना सिटी के गांवों को बदहाली से बाहर निकलकर की योजना तैयार की गई हैं। यमुना प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र के 29 गांवों के कायाकल्प के लिए योजनाएं तैयार की हैं। इन गांवों के विकास के लिए टेंडर भी जारी कर दिए गए हैं। इन गांवों में कचरा निस्तारण से लेकर पक्की सड़कों, पंचायत घर, ई-लाइब्रेरी और श्मशान घाट तक के निर्माण कार्य कराए जाएंगे।

यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि जिन गांवों की जमीन विकास परियोजनाओं के लिए अधिग्रहीत की गई है। वहां आधारभूत सुविधाओं का विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी है। इन्हीं के तहत गांवों की स्थिति सुधारने के लिए मई से विकास कार्य शुरू किए जा रहे हैं। जनस्वास्थ्य विभाग की टीम को सर्वे कराकर जरूरतों के अनुसार कामों की सूची तैयार की गई है। प्राधिकरण द्वारा जाफराबाद गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स और नाले के निर्माण के लिए 8.6 लाख का टेंडर जारी किया गया है। वहीं फलैदा बांगर गांव में श्मशान घाट के लिए बाउंड्री वॉल और संपर्क मार्ग बनाने के लिए 9.31 लाख रुपये खर्च होंगे।

महोम्मदाबाद खेड़ा में श्मशान घाट तक सड़क और अन्य सुविधाओं पर 5.46 लाख की लागत आएगी। धुधेरा, सिरसा और मानिकपुर गांवों में पंचायत घर और ई-लाइब्रेरी की स्थापना के लिए 28 लाख रुपये मंजूर किए गए हैं। इसी प्रकार छांछल, अली अहमदनगर गढ़ी और मोहबालि. पुर में भी पंचायत घर व ई-लाइब्रेरी के विकास कार्यों पर 25.19 लाख रुपये खर्च होंगे। नंगला कंचन गांव में नाला निर्माण और इंटरलॉकिंग टाइल्स के लिए 26.48 लाख, वीरमपुर और धंसिया में 22.12 लाख, तीर्थली जोन में 39.34 लाख और जेवर बांगर में 36.88 लाख रुपये के विकास कार्यों को हरी झंडी दी गई है। प्राधिकरण का लक्ष्य गांवों को स्मार्ट और आत्मनिर्भर बनाना है। अधिसूचित क्षेत्र के कुल 95 गांवों में से पहले चरण में 29 गांवों में काम शुरू हो रहा है। बाकी गांवों को भी चरणबद्ध तरीके से विकास योजनाओं में शामिल किया जाएगा।

# यूपी के शो विंडो में उड़ान भर रहे उद्यमी दो लाख लोगों को मिला रोजगार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** यूपी का शो विंडो कहे जाने वाला गौतमबुद्धनगर उद्यमियों को आकर्षित कर रहा है। उद्यमी यहां पर अपनी कंपनियां स्थापित कर लगातार निवेश बढ़ा रहे हैं। इसका कारण योगी सरकार द्वारा यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को माहौल और सुविधाएं मुहैया कराना है। इसका लाभ प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के रूप में मिल रहा है। समिट से जिले में उद्यमियों ने करीब 85 हजार करोड़ रुपये निवेश कर लगभग दो लाख लोगों को रोजगार से जोड़ा है।

पिछले सात वर्ष में यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के माध्यम से गौतमबुद्धनगर जनपद में कंपनियां स्थापित करने 997 उद्यमियों ने प्रदेश सरकार के साथ एमओयू किया था। इसमें 11,98,831 करोड़ रुपये निवेश किया जाना है। जिला उद्योग केंद्र उद्यमियों की कंपनियां शुरू कराने के लिए लगातार प्रयासरत है। जिला उद्योग केंद्र के आंकड़ों के अनुसार अभी तक 462 कंपनियों की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जमीन उपलब्ध कराने के बाद भूमिपूजन) की प्रक्रिया पूरी कराई गई थी। उद्यमी इन कंपनियों में करीब 2,36,842 करोड़ रुपये कर रहे हैं।

वर्तमान में उद्यमी जिले में 156 कंपनियों में 85867.16 करोड़ रुपये निवेश कर चुके हैं। अधिकारियों का दावा है कि इन कंपनियों में 199414 बेरोजगारों को रोजगार मिला है। इन सभी कंपनियों में विभिन्न उत्पाद बनाकर देशभर के कई राज्यों में भेजे जा रहे हैं।

> यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में एमओयू करने वाले उद्यमी संपर्क में हैं। उद्यमियों को जमीन उपलब्ध करा कर कंपनियां शुरू कराने का कार्य किया जा रहा है। अभी तक 462 कंपनियों को जमीन उपलब्ध कराकर भूमिपूजन कराया जा चुका है। इनमें से 156 कंपनियों ने प्रोडक्शन शुरू करा दिए हैं। बाकी कंपनियों को स्थापित कराने संबंधित प्रक्रिया पूरी की जा रही है।
>
> **अनिल कुमार, जिला उद्योग केंद्र अधिकारी, गौतमबुद्धनगर**

**तीन साल में सबसे अधिक कंपनियां स्थापित:** जिले में उद्यमियों ने पिछले तीन साल में निवेश में रुचि दिखाई है। वर्ष 2009 से 2025 तक समिट के माध्यम से जिले में कुल 156 कंपनियां स्थापित हुई हैं। इनमें से 147 कंपनियां सिर्फ 2022 से 2024 में ही यानी तीन साल में स्थापित हुई हैं। जबकि पिछले 13 साल में उद्यमियों ने सिर्फ नौ कंपनियां शुरू कराईं।

# ग्रेटर नोएडा में आंधी-बारिश ने मचाई तबाही

## कई जगह गिरे पेड़ और बिजली के पोल, यातायात और बिजली व्यवस्था चरमराई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** औद्योगिक नगरी में रविवार शाम को आई तेज आंधी और उसके बाद हुई तेज बारिश ने ग्रेटर नोएडा शहर की रफ्तार थाम दी। शहर के कई प्रमुख चौराहों, सेक्टरों और रिहायशी सोसाइटियों में पेड़ और उनकी टहनियां टूटकर सड़क पर गिर गईं, जिससे यातायात व्यवस्था चरमरा गई। आंधी के कारण कई जगह बिजली के पोल भी धराशायी हो गए।

ग्रैंड वेनिस मॉल के पास एक ऑटो पर पेड़ गिर गया, जिससे ऑटो चालक चोटिल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज जारी है। तेज आंधी के कारण कई इलाकों में सड़क पर पेड़ और टहनियां गिर गईं। सिग्मा, बीटा, अल्फा सेक्टरों में सबसे ज्यादा पेड़ों के गिरने की सूचना मिली। प्राधिकरण की टीम सड़कों से पेड़ों को हटाने में जुटी रही। बीटा-2 कोतवाली पुलिस का कहना है कि मौके पर पहुंचे तो पता चला कि घायल का ऑटो तो मिला लेकिन चालक नहीं मिला। स्थानीय लोगों से चालक के बारे में जानकारी की, लेकिन पता नहीं चला।

**बिजली के खंभे टूटे, घंटे भर बिजली रही गुल:** शाम की बारिश ने मौसम को सुहावना बना दिया। वहीं दूसरी ओर तेज आंधी ने शहर की व्यवस्था की पोल खोल दी। सम्राट मिहिर भोज पार्क के पास दो स्ट्रीट पोल आंधी में टूट गए। सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस मौके पर पहुंची और क्रेन की मदद से पोल को हटाया। शाम पांच बजे से करीब साढ़े छह बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। कई क्षेत्रों में अंधेरा छा गया, जिससे लोगों को परेशानी हुई। निवासी विकास का आरोप है कि ढीले खंभों और कमजोर पेड़ों की समय रहते जांच न होने के कारण हादसे होते हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को चाहिए कि वह नियमित रूप से निरीक्षण करे और कमजोर पेड़ों, झुके खंभों को चिन्हित कर तुरंत कार्रवाई करें।

**प्रमुख चौराहों पर ट्रैफिक जाम से लोग परेशान:** आंधी और बारिश के बाद जगह-जगह जाम लग गया। बिजली कटौती से सिग्नल बंद होने के कारण ट्रैफिक व्यवस्था प्रभावित हुई। मुख्य चौराहों जैसे परी चौक, नॉलेज पार्क और गामा चौराहे पर जाम की स्थिति बनी रही। किसान चौक, एक मूर्ति चौक, बिसरख गोल चक्कर के पास जाम लगा। यातायात पुलिस को जाम खत्म कराने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी।

**बारिश बनी राहत और आफत भी:** आंधी के बाद हुई आधे घंटे की तेज बारिश से मौसम सुहावना हो गया। तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से राहत मिली। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव हो गया, जिससे यातायात प्रभावित हुआ। मौसम खुशनुमा होने के बाद लोग परिवार के साथ होटल, रेस्टोरेंट और पार्कों की ओर उमड़ पड़े। रविवार होने के कारण मॉल और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स में भी सामान्य से अधिक भीड़ देखी गई।

पार्कों में बच्चों के साथ परिवारों की संख्या बढ़ी, लोगों ने मौसम का लुत्फ उठाया। अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 26 सेल्सियस दर्ज किया गया। बारिश के कारण हवा की रफ्तार 70 किलोमीटर प्रतिघंटा से अधिक रही। मौसम विभाग की माने तो मंगलवार को भी गरज चमक के साथ बारिश की संभावना है।

## एक नजर

### युवती से पहले शादी का दिया झांसा, फिर दुष्कर्म कर बनाया अश्लील वीडिया

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** बीटा दो कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना ब्लैकमेल करने के वाले वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित को यमुना एक्सप्रेसवे के जीरो प्वाइंट से पकड़ा है। आरोपित की पहचान बीटा दो कोतवाली के प्रियांक मिश्रा के रूप में हुई है। एक मई को पीड़िता ने युवक के खिलाफ शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए नामजद मामला दर्ज कराया था। पीड़िता का आरोप है कि आरोपित ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली थी। जब पीड़िता ने शादी करने के लिए कहा तो आरोपित अपनी बात से मुकर गया। इतना ही नहीं आरोपित ने पीड़िता का अश्लील वीडियो बना इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देते हुए ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। आरोपित ने अपने खाते में एक लाख 90 हजार रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़िता ने जब विरोध किया तो आरोपित ने गाली-गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज करने के बाद आरोपित की तलाश में जुटी थी।

### ढाबा मालिक को कार से कुचलने का मामला पुरानी रंजिश में तीन आरोपी गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र में एक ढाबा संचालक को कार से कुचलने के मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों को रविवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। गांव आकलपुर के वेदप्रकाश और मनवीर भीकनपुर मार्ग पर साझेदारी में ढाबा चलाते हैं। मंगलवार रात करीब 12 बजे दोनों ढाबा बंद कर बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव के ही विकास ने पुरानी रंजिश के कारण अपनी स्कॉर्पियो से उनकी बाइक को टक्कर मार दी।हादसे में वेदप्रक. ाश का कुल्हा और पैर टूट गया। मनवीर को भी चोटें आईं। टक्कर मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पीड़ित का आरोप है कि 6 महीने पहले आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी थी।पुलिस ने कार चालक विकास, उसके साथी राहुल और दो अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया। जांच में विकास, राहुल और उनके साथी वाजिद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### सेक्टर में बैठक करने पहुंचे प्राधिकरण अधिकारी से पांच मुद्दों पर मांगा हल, मिला आश्वासन

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** सेक्टर में समस्याएं बढ़ रहीं हैं। आरडब्ल्यूए व निवासियों की ओर से प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराई जा रहीं समस्याओं को सुनने के लिए नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी सेक्टर-116 पहुंचे। करीब डेढ़ घंटे बैठक की। स्थानीय लोगों ने सेक्टर की समस्याओं से संबंधित पांच प्रमुख मुद्दे बताए। अधिकारियों ने हल करने का आश्वासन दिया है।

अधिकारियों के साथ बैठक में सेक्टर की आरडब्ल्यूए और निवासी मौजूद रहे। सेक्टर में बिजली की समस्या बनी हुई है। आए दिन कटौती और ट्रिपिंग से लोग त्रस्त हैं। अलग फीडर से आपूर्ति करने की मांग की गई। नाले पर पुलिया पर साफ-सफाई और सिल्ट निकालकर पानी की निकासी बाहर की ओर करने के लिए कहा गया। अधूरी पड़ी 24 मीटर सड़क निर्माण कार्य प्राथमिकता पर करने की मांग की गई।

**पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण करने के लिए कहा:** ग्रीन बेल्ट पार्क में जागिंग और पैदल ट्रैक बनाने का सुझाव दिया गया। सेक्टर में जगह-जगह सीवर लाइन टूटी हुई हैं। सेक्टर के प्रवेश द्वार और पार्कों में पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण करने के लिए कहा गया। सामुदायिक केंद्र का मरम्मत कार्य समेत सड़कों पर लगे पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने के लिए कहा गया। बेसहारा गौवंशी सड़क पर हादसे की वजह बन रहे हैं। गौशाला में गौंवंशियों को विस्थापित करने के लिए कहा गया।

**गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति व्यवस्थित नहीं:** गर्मी के दिनों में पानी की आपूर्ति व्यवस्थित नहीं हैं। आपूर्ति के दौरान पानी का प्रेशर कम है। ऊपरी मंजिल पर टंकियों तक पानी कम प्रेशर की वजह से नहीं पहुंच पा रहा है। बैठक के बाद अधिकारियों ने सेक्टर में स्थलीय निरीक्षण किया। सभी समस्याओं को डायरी में अंकित किया और जल्द हल करने का आश्वासन दिया। इस दौरान आरडब्ल्यूए अध्यक्ष बृह्मपाल चौधरी, उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष डा. पीएन मिश्रा, उपाध्यक्ष टीएस चौधरी, महासचिव विक्रांत बैसोया, प्रशासक सुनील चौधरी, केबी सिंह, आरके शर्मा, नवीन मित्तल, राजीव यादव, महिपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### प्राधिकरण को 12 हफ्ते में रिपोर्ट देने का निर्देश

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा ग्रेटर नोएडा वेस्ट की ऐस सिटी सोसाइटी में संचालित स्कूल व मार्ट की समाधान रिपोर्ट ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण को 12 हफ्ते के अंदर देने के निर्देश दिए हैं। अपार्टमेंट ओनर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने बताया कि सोसाइटी के कामन एरिया में स्कूल व मार्ट का संचालन होते है। जिनका करीब 3 लाख रुपए बिल्डर को मिलता है। जबकि बिल्डर 2023 में एओए को सोसाइटी हैंडोवर कर चुका है। ऐसे में यह राशि एओए को मिलनी चाहिए, जिससे सोसाइटी का रखरखाव किया जा सके, लेकिन बिल्डर प्रबंधन द्वारा ऐसा नहीं किया जाता है।

# पुलिस ने पकड़ा चोरों का दो गिरोह, लूट व चोरी के 13 मोबाइल फोन व पांच मोटरसाइकिल बरामद





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर समेत नोएडा में मोटरसाइकिल चोरी तथा मोबाइल फोन झपटने वाले दो गिरोह के 8 शातिर बदमाशों को दो थानों की पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से 13 मोबाइल फोन तथा 5 मोटरसाइकिल समेत अन्य सामान पुलिस ने बरामद किया है।

थाना सेक्टर-58 पुलिस ने आज लोकल इंटेलिजेंस व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता से मोबाइल स्नेचिंग तथा मोटरसाइकिल चोरी करने वाले अमन शुक्ला पुत्र अजय शुक्ला तथा फिरोज अली पुत्र अब्दुल सत्तार को कैंडोर चौराहा सेक्टर-62 नोएडा के पास से गिरफ्तार किया गया। इन बदमाशों से पूछताछ के दौरान गैंग में शामिल अभियुक्त समोहिल उर्फ अमन तथा आमिर पुत्र मुमताज को नोएडा वन रोड से गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्तों के कब्जे से स्नेचिंग व चोरी के 13 मोबाइल फोन, चोरी की एक मोटरसाइकिल व घटना में प्रयुक्त एक अन्य मोटरसाइकिल स्प्लेंडर बरामद की गयी। उन्होंने बताया कि अभियुक्तों से पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि अभियुक्त अमन शुक्ला व फिरोज अली मोबाइल फोन स्नेचिंग व चोरी की घटना को अंजाम देते थे व स्नेचिंग व चोरी किए हुए मोबाइल फोन को समोहि. हल उर्फ अमन व आमिर पुत्र मुमताज को ले जाकर बेच दिया करते थे। अभियुक्त समोहिल उर्फ अमन व आमिर पुत्र मुमताज द्वारा बताया कि मोटरसाइकिल बुलेट को थाना बिसरख क्षेत्र से चोरी की थी। वहीं 13 मोबाइल फोन को अभियुक्तों द्वारा एनसीआर समेत नोएडा में अलग-अलग स्थानों से स्नेचिंग व चोरी किया गया था।

इसके अलावा थाना सेक्टर-39 पुलिस ने 4 मोटरसाइकिल चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिल बरामद किया है। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि आज लोकल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अवैध शस्त्र के साथ मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 4 अभियुक्त सोहेल उर्फ साहिल मलिक पुत्र साबिर मलिक, सलमान पुत्र जमील अहमद, करन पुत्र भईयालाल तथा अरमान पुत्र इस्लाम को थाना क्षेत्रांतर्गत सेक्टर-43 नोएडा से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 4 मोटरसाइकिल व 4 अवैध चाकू बरामद किये गये है।

# ग्रेनो में फव्वारों का संचालन निजी कंपनी करेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** परी चौक, सूर. जपुर घंटाघर चौक और सिटी पार्क सहित प्रमुख स्थानों पर लगे फव्वारे के संचालन की व्यवस्था जल्द दुरुस्त होगी। इसके संचालन और मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी दो साल के लिए एक निजी एजेंसी को सौंपी जाएगी। इस कार्य पर डेढ़ करोड़ रुपये खर्च होंगे। एजेंसी के चयन के लिए निविदा जारी कर दी गई है। उम्मीद है कि एक माह में काम शुरू हो जाएगा। शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए प्राधिकरण ने विभिन्न स्थानों पर फव्वारे लगाए हैं।

पिछले कुछ समय से इनका उचित रखरखाव नहीं हो पा रहा। शहर की प्रमुख पहचान परीचौक और सूरजपुर घंटाघर चौक पर लगे फव्वारे कभी-कभी ही चलते हैं। इनके निर्माण पर करोड़ों रुपये खर्च किए गए हैं। फव्वारों के संचालन में आ रही दिक्कत को देखते हुए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अब इनके संच. ालन और मरम्मत के लिए निजी एजेंसी का चयन करने का निर्णय लिया है। एजेंसी का चयन करने के लिए निविदा जारी कर दी गई है। अधिकारी के मुताबिक चयनित कंपनी को दो साल के लिए जिम्मेदारी सौंपी जाएगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि फव्वारे का संचालन नियमित रूप से किया जाए। इससे शहर की सुंदरता को चार चांद लगेंगे। फव्वारे के आसपास हरियाली भी विकसित की जाएगी।

> शहर में विभिन्न स्थानों पर लगे फव्वारे का सही ढंग से संचालन कराया जाएगा। इसके लिए एक निजी एजेंसी का चयन किया जाएगा,जो दो साल तक संचालन और मरम्मत का कार्य संभालेगी। इससे प्रमुख स्थानों की सुंदरता बढ़ेगी। प्रवेशद्वारों के सौंदर्यीकरण पर भी काम चल रहा है।
>
> **प्रेरणा सिंह, एसीईओ, ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण।**

इन स्थानों पर फव्वारे लगे ग्रेटर नोएडा के परी चौक, सूरजपुर घंटाघर चौक, स्वर्णनगरी, सम्राट मिहिर भोज सिटी पार्क,म्यूजिकल एंड साइंटिफिक पार्क एक्सपो मार्ट पार्क, सेक्टर सिग्मा- 4, रॉक गार्डन ईटा-1, राजस्थानी पार्क सेक्टर पी-2, गामा- 1, पी-3 डी ब्लॉक मार्केट, रोज गार्डन नियर गलगोटिया मेट्रो स्टेशन आदि स्थानों पर फव्वारे लगे हैं। देखरेख के अभाव में इनका संच. ालन सही से नहीं हो पा रहा है।

थीम पार्कों की योजना प्राधिकरण ने शहर के विभिन्न आवासीय सेक्टरों में 20 से अधिक थीम पार्कों की योजना बनाई है। पहले से बने इन पार्कों का नवीनीकरण कर उसमें संगीतमय फव्वारे, मूर्तियां, ओपन जिम और झूले लगाए जाएंगे। साथ ही बारिश के पानी को बचाने के लिए जल संचयन प्रणाली पर भी काम किया जाएगा। इसके लिए विशेषज्ञ कंपनी की तलाश की जा रही है।

# फल खरीदते समय युवक की हत्या का मामला

## रेकी करने वाला नाबालिग पकड़ा, दो आरोपी पहले से गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के मंडी श्यामनगर में 12 मई को हुई एक युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने एक और सफलता हासिल की है। पुलिस ने हत्या से पहले रेकी करने वाले एक नाबालिग को अभिरक्षा में लिया है। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

घटना दनकौर कोतवाली क्षेत्र की है। मृतक विशाल (21) दनकौर रेलवे स्टेशन रोड पर मंडी श्याम नगर में अपने परिवार के साथ रह रहा था। वह मूल रूप से बादलपुर कोतवाली के सादोपुर गांव का रहने वाला था। 12 मई को जब विशाल बाजार में फल खरीद रहा था, तब बाइक सवार सनी ने उस पर गोली चला दी। यह हत्या रंजिश के कारण की गई। अच्छेजा गांव के राहुल, विपिन और सनी की योजना के तहत अमित और एक नाबालिग ने हत्या से एक दिन पहले विशाल की रेकी की थी। मृतक के पिता विजय की शिकायत पर सभी आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विपिन और अमित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। अब रेकी करने वाले नाबा. लिग को भी शनिवार रात हिरासत में ले लिया गया है। उसे रविवार को किशोर न्यायालय में पेश किया जाएगा। दनकौर कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह ने बताया कि शेष फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव' समय की मांग: डॉ महेश शर्मा




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर 21 स्थित गेट नंबर-5 पर दीवार लेखन अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं गौतमबुद्धनगर सांसद डॉ. महेश शर्मा और जिलाध्यक्ष महेश चौहान मौजूद रहे।

डॉ महेश शर्मा ने अभियान की सराहना करते हुए कहा एक राष्ट्र, एक चुनावष की अवधारणा को जन-जन तक पहुंचाने और इसके महत्व को रेखांकित करने हेतु जागरूकता अभियान का उद्देश्य एक साथ चुनाव कराने के लाभों के बारे में जनता को अवगत कराना है। एक राष्ट्र, एक चुनाव' समय की मांग है। इससे न केवल प्रशासनिक बोझ घटेगा, बल्कि नीति निर्माण एवं विकास कार्यों में भी गति आएगी। ऐसे जनजागरूक अभियानों के माध्यम से नागरिक सहभागिता सुनिश्चित की जा सकती है। इस अवसर पर भाजपा नोएडा जिलाध्यक्ष श्री महेश चौहान जी ने कहा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लोकतांत्रिक सुधारों की दिशा में तेजी से अग्रसर है। 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' केवल प्रशासनिक सुविधा नहीं, बल्कि विकास की गति बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण साधन है। हम सभी कार्यकर्ताओं का दायित्व है कि इस विचार को घर-घर तक पहुंचाएं।

इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक चमन अवाना, अमित त्यागी, पप्पू प्रधान, गणेश जाटव, डिंपल आनंद, संजय बाली, पुनम सिंह,भूपेश चौधरी, दीनबंधु कुमार, नीरज चौधरी, प्रमोद बहल, गोपाल गौड़, अशोक मिश्रा, मनोज चौहान, सुंदर राणा, रामनिवास यादव, राहुल शर्मा ,अतुल त्यागी, गजराज भारद्वाज, अर्पित मिश्रा, बलराज चौधरी, ओमपाल सिंह, विनोद पारीक, जितेंद्र शर्मा, आदि साथी मौजूद रहे।

# ग्रेटर नोएडा की गौर सिटी में रहवासियों का विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की गौर सिटी के 14वें एवेन्यू में रहवा. सियों ने सोसाइटी की खराब व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। सैकड़ों निवासियों ने बिल्डर और ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के विरुद्ध आवाज उठाई।

सोसाइटी में प्रति माह 2000 से 3500 रुपये तक मेंटेनेंस चार्ज लिया जा रहा है। निवासियों का कहना है कि इतना शुल्क देने के बाद भी बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। सोसाइटी में जगह-जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। एनजीटी ने प्राधिकरण को एक सप्ताह में गौर एप्लिकेशन पर कार्रवाई कर सफाई कराने का आदेश दिया था। कई शिकायतों के बावजूद न तो प्राधिकरण और न ही बिल्डर ने कोई ध्यान दिया। सोसाइटी में आवारा कुत्तों की समस्या भी गंभीर है। हर मंजिल पर आवारा कुत्ते घूमते रहते हैं। इससे निवासियों में भय का माहौल है। कूड़े और गंदगी से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। बेसमेंट में भी कचरा जमा है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email: parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# ईद-उल-जुहा पर मेरठ रेंज में सुरक्षा के रहेंगे कड़े प्रबंध: डीआईजी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मेरठ रेंज में ईद-उल-जुहा को लेकर पुलिस प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए हैं। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी जिला पुलिस प्रमुखों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। सड़कों पर नमाज पढ़ने की अनुमति नहीं होगी। डीआईजी रेंज मेरठ कलानिधि नैथानी ने बताया कि मेरठ रेंज के चारों जिलों में कुल 487 ईदगाह और 981 मस्जिदों में नमाज का आयोजन होगा। मेरठ में 164 ईदगाह और 515 मस्जिद हैं। बुलंदशहर में 171 ईदगाह और 213 मस्जिद हैं। बागपत में 68 ईदगाह और 205 मस्जिद हैं। हापुड़ में 84 ईदगाह और 48 मस्जिदें स्थित हैं। जिनमे नमाज़ अदा की जाएगी। रेंजे के चारों ज़िलों में 8 अपर पुलिस अधीक्षक, 25 सीओ, 95 निरीक्षक, 820 उपनिरीक्षक 1250 मु.आ. 1635 आरक्षी, 1005 होमगार्ड/पीआरडी एवं 2 कम्पनी पीएसी की ड्यूटी लगाई गई है।

डीआईजी कलानिधि नैथानी ने बताया कि रेंज के 84 स्थानो को संवेदनशील स्थानों के रूप में चिन्हित किया गया है जिसमें जनपद मेरठ में 21, बुलन्दशहर में 43, बागपत में 5 एवं हापुड में 15 स्थानो को चिन्हित किया गया है। इन क्षेत्रों में 27 जोन, 100 सेक्टर और 49 क्यूआरटी तैनात की गई हैं। शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए धार्मिक नेताओं और शांति समिति के साथ रेंज के सभी जनपदीय पुलिस द्वारा धर्म गुरुओं, संभ्रान्त व्यक्तियों के साथ 128, अन्य विभाग जैसे नगर निगम, स्वास्थ्य, विद्युत विभाग आदि के साथ 99 एवं आयोजको के साथ 9 बैठक आयोजित कर ली गई है। पुलिस अधिकारियों को ईदगाह और संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि पशु पैठ पर भीड-भाड़ के दौरान लूट, छिनैती आदि की घटना होने की सम्भावना रहती है इसकी रोकथाम के लिए व्यापक इंतेज़ाम किए गए है।



प्रतिबन्धित पशुओ व खुले स्थानो पर कुर्बानी न हो इसको लेकर भी निर्देशित किया गया है। सांप्रदायिक हॉटस्पाट पर स्टैटिक मजिस्ट्रैट और पुलिस पिकेट तैनात किये जाए, बकरीद के मद्देनज़र संवेदशील स्थानों पर यूपी 112 के वाहनो का रुट मैप तैयार करने के लिए निर्देशित किया गया है। सभी महत्वपूर्ण गतिविधियों और भीड-भाड वाले स्थानो का सीसीटीवी कैमरो द्वारा नज़र रखी जाएगी। जनपद प्रभारी धार्मिक स्थलों पर निगरानी रखें तथा धार्मिक स्थलो व आस-पास के क्षेत्रों में समुचित पुलिस प्रबन्ध करना सुनिश्चित करें इसके लिए भी निर्देशित किया गया है। डीआईजी ने बताया कि नमाज के दौरान पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहेगा। एलआईयू को अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। बाजारों में भी पुलिस लगातार गश्त करेगी। ड्रोन कैमरे के माध्यम से भी मिश्रित एवं संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी की करें अपने अपने ज़िलों में स्थापित सीसीटीवी कैमरों को सूचीबद्ध करते हुए ठीक कराने और जहाँ भी कार्यक्रम आयोजित हों वहां नये सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने के लिए निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस की पेनी नजर रहेगी। सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# गर्मी में हाफ रहे ट्रांसफॉर्मर, ठंडा रखने के लिए लगाए कूलर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कोतवाली क्षेत्र के आनंद विहार में स्थित विद्युत केंद्र में भीषण गर्मी को देखते हुए ट्रांसफॉर्मर को ठंडा करने के लिए कूलर लगवाया गया है। हापुड़ में 45 डिग्री सेल्सियस तापमान का असर ट्रांसफॉर्मरों पर पड़ रहा है।

पहले से ओवरलोड ट्रांसफॉर्मर गर्मी और तीखी धूप की गर्मी बर्दाश्त नहीं कर पा रहे हैं। इसके चलते शहरी क्षेत्र में दिन में ट्रिपिंग हो रही है। ट्रिपिंग की ये समस्या बीते कई दिनों से बनी हुई है। ट्रांसफॉर्मरों को हीटिंग से बचाने के लिए कूलर की ठंडी हवा दी जा रही है। बिजली विभाग के अधिकारियों की माने तो ट्रांसफॉर्मर गरम न हो और निर्बाध बिजली आपूर्ति हो इसके लिए ट्रांसफॉर्मर को ठंडा रखने के लिए बड़ा कूलर लगाया गया है। इसी तरह से हर संभव प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही ट्रांसफॉर्मर को ओवरहीट से बचाने के लिए अर्थिंग में पानी डाला जा रहा है।



# आगामी त्यौहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी त्यौहार बकरीद व ज्येष्ठ दशहरा के मद्देनजर पुलिस अलर्ट है। आगामी त्यौहार पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत ज़िलें में थाना प्रभारियों ने अपने अपने क्षेत्र में पैदल गश्त करते हुए आमजन को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया। शनिवार देर शाम थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस, थाना हापुड़ देहात पुलिस, थाना हाफिज़पुर पुलिस, थाना बाबूगढ़ पुलिस, थाना सिम्भावली पुलिस, थाना गढ़ पुलिस, थाना बहाद. ुरगढ़ पुलिस, थाना धौलाना पुलिस और थाना पिलखुवा पुलिस ने भारी पुलिस बल के साथ अपने अपने क्षेत्रों में पैदल गश्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया व शान्तिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की। थाना प्रभारियों ने पैदल गश्त के दौरान लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं जानी। लोगों से कहा कि पुलिस उनके साथ है परेशानी होने पर सूचना दें समस्या का समाधान किया जाएगा। पुलिस के पैदल गश्त से जहां असामाजिक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं नागरिक पुलिस की गश्त से सुरक्षा का एहसास कर रहे हैं। गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध लोगों से पूछताछ कर तलाशी भी ले रही है।





# पंजाबी सभा समिति ने छात्रों के लिए किया मोटिवेशनल कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंजाबी सभा समिति रजि. हापुड़ द्वारा दसवीं और बारहवीं कक्षा में उत्तीर्ण पंजाबी समाज के बच्चों के लिए एक मोटिवेशनल कैंप का आयोजन गुरुद्वारा सिंह सभा अतरपुरा चौपला हापुड़ में किया गया।

इस अवसर पर बच्चों को प्रेरित करने के लिए प्रख्यात मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर डा. राकेश अग्रवाल उनकी धर्मपत्नी व प्रख्यात कवित्री रानी कमलेश अग्रवाल और मैडिटेशन एवं थेरेपिस्ट सपना साहनी को आमंत्रित किया गया। पंजाबी सभा समिति के अध्यक्ष मनमोहन छाबड़ा ने प्रोफेसर डा. राकेश अग्रवाल का स्वागत किया जबकि महिला संयोजिका श्वेता मनचंदा ने रानी कमलेश अग्रवाल और सपना साहनी का स्वागत किया। सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने बच्चों के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने बच्चों को भविष्य में बेहतर अंक प्राप्त करने समाज और देश के लिए कार्य करने और जीवन में सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने के लिए प्रेरित किया। डा. राकेश अग्रवाल ने मेहनत और लक्ष्य निर्धारण पर जोर दिया जबकि रानी कमलेश अग्रवाल ने अपनी कविताओं के माध्यम से बच्चों में उत्साह जगाया। सपना साहनी ने ध्यान और मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित 38 पंजाबी छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए मैडल पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पंजाबी सभा समिति के कोषाध्यक्ष मदन भसीन, संरक्षक सुभाष सहगल, बलदेव चुग, सुरजीत सिंह आहूजा आदि लोग मौजूद रहे।



# तेज आंधी के चलते लाइट का खंभा गिरने से तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार की शाम तेज आंधी के कारण दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से तीन लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां घायलों का उपचार जारी है।

मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में साप्ताहिक बाजार लगा हुआ था। देर शाम तेज आंधी के कारण रामलीला मैदान में लगी स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से एक बच्ची समेत तीन लोग घायल हो गए। स्ट्रीट लाइट का खंभा गिरने से आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां उनका इलाज चल रहा है। साप्ताहिक बाजार में भी आंधी का असर देखा गया। कई दुकानों के तंबू उड़ गए और सामान बिखर गया। खरीदारी कर रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। शहर में कई जगह पेड़ गिरने से बिजली आपूर्ति बाधित हुई।



# शहीद मेला एवं प्रदर्शनी में हुआ मुकाबला-ए- कव्वाली कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति हापुड़ के तत्वाधान में नगर क्षेत्र के दिल्ली रोड पर स्थित रामलीला मैदान में चल रहे शहीद मेला एवं प्रदर्शनी में शनिवार को मुकाबला-ए-कव्वाली कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें सहज सूफ़ी व सौरभ सादाफ की शानदार क़व्वालियों ने दर्शकों का खूब मनोरंजन किया।

कव्वाली के बोल और संगीत ने देशभक्ति और सूफ़ी परंपरा का अनूठा संगम प्रस्तुत किया। जिसने सभी को भाव विभोर कर दिया। मेला समिति के पदाधिक. ारियों ने कलाकारों तिरंगा पटका पहनाकर व प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। समिति के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल ने कहा कि यह आयोजन शहीदों की कुर्बानी को याद करने और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने का एक प्रयास है। महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार ने बताया कि मेला न केवल मनोरंजन का माध्यम है, बल्कि यह युवाओं को स्वाधीनता संग्राम के इतिहास से जोड़ने का भी एक जरिया है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष ललित कुमार अग्रवाल, महामंत्री एडवोकेट मुकुल कुमार, संरक्षक राघवेंद्र गर्ग, मिडिया प्रभारी ज्ञानेन्द्र त्यागी, प्रचार मंत्री अतुल अग्रवाल, मुकेश प्रजापति, उपमा शर्मा, संजय गुप्ता, प्रभात अग्रवाल, मनीष मक्खन श्रेष्ठ त्यागी, भकियू के राजकुमार त्यागी आदि मौजूद रहे।




## एक नजर

### ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत अवैध हथियार के साथ एक युवक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बदमाश के कब्ज़े से एक अवैध तमंचा और कारतूस भी बरामद किया है।

नगर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि ऑपरेशन शस्त्र अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड नगर पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान एक युवक को रहीस कवाड़ी की दुकान त्यागी कालोनी नाले के पास से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ हैं। उन्होंने बताया कि बदमाश की पहचान कासिम उर्फ अल्लावाला पुत्र हनीफ निवासी निवाजीपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। फिलहाल युवक की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड नगर पर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



### सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव निसार पठान खान का पीर बहाउद्दीन ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इसी बीच सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त शहर मुख्य संगठक संदीप कुमार का भी लोगों ने फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

सेवादल यंग ब्रिगेड के नवनियुक्त प्रदेश सचिव निसार पठान ने कहा हैं कि पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय डॉक्टर प्रमोद पांडे ने उन्हें जिस उम्मीद और आशा के साथ यह जिम्मेदारी सौंपी हैं। वह अपनी इस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा और पार्टी की विचारधारा के साथ निभाएंगे। निसार पठान की मिली जिम्मेदारी से कार्यकर्ताओं और समाज के लोगों में हर्ष का माहौल व्याप्त हैं। बधाई देने वालो में शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी, सेवादल यंग ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अतिकूर रहमान सैफी, सद्दाम, विशाल भाटी, हारून सिद्दीकी, एडवोकेट शहजादा चौधरी, सादिक कुरैशी आदि लोग मौजूद रहे।



# नारद जयंती के अवसर पर युद्धकाल में पत्रकारिता विषय पर की गोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को मेरठ रोड पर स्थित सिंचाई विभाग के गेस्ट हाउस में विश्व संवाद केंद्र द्वारा आयोजित नारद जयंती व हिन्दी पत्रकारिता दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें जिले भर के पत्रकार और सोशल मीडिया पर सक्रिय लोगों ने सहभागिता की।

सभागार में आयोजित कार्यक्रम में युद्धकाल में पत्रकारिता विषय पर गहन चर्चा हुई। इस विषय पर प्रकाश डालते हुए मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए स्तम्भ लेखक और राष्ट्रीय सुरक्षा व सामरिक विषयों के विशेषज्ञ दिव्य कुमार सोती ने कहा कि महर्षि नारद मुनि युद्ध कला की नीति के भी बहुत बड़े ज्ञाता थे। उन्होंने कहा कि आज का युद्ध सिर्फ हथियारों का ही नहीं सूचनाओं का भी है और आने वाले समय में पत्रकारों की भूमिका और भी बढ़ने वाली है। इस मौके पर अतिथि वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचार प्रमुख पंकज शर्मा ने कहा कि आज के समय में सोशल मीडिया भी पत्रकारिता का हिस्सा बन गया है। सोशल मीडिया पर डाली जाने वाली सूचना या समाचार का भी समाज पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इसलिए सोशल मीडिया का उपयोग भी राष्ट्र और समाज के हित को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन उत्तम सिंह ने किया। अपने अध्यक्षीय उद्‌बोधन में हापुड के सामाजिक कार्यकर्ता संजय त्यागी ने कहा कि पत्रकारों को अपने कार्य को पूरी मेहनत और निष्ठा से करना चाहिए। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हुए पत्रकार बंधुओं का अभिवादन किया। इस मौके पर मुख्य रूप से लवीश कुमार, पंकज कुमार, संजीव, मोहित, सुधांशु माहेश्वरी आदि उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन तलाश के अंतर्गत दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अन्तर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर व बहादुरगढ पुलिस द्वारा दो वारन्टियों को उनके मस्कन से गिरफ्तार किया गया है।

गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली पुलिस ने दंगा करने और गैर कानूनी जमावड़े और हत्या के प्रयास के मामले में न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे वारंटी सद्दाम पुत्र इसाफ अली निवासी ग्राम बदरखा को उसके घर से गिरफ्तार किया गया है जबकि थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मारपीट व जान से मारने की धमकी देने के मामले में न्यायालय से गैर हाजिर चल रहे वारंटी प्रेम सिंह पुत्र सलेक निवासी ग्राम पसवाडा थाना बहादुरगढ को उसके गांव पसवाड़ा से गिरफ्तार किया है। दोनों वारंटी न्यायालय से गैरहाजिर चल रहे थे। न्यायालय ने इनके खिलाक वारंटी जारी किए थे। न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पुलिस ने दोनों वारंटीयों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



# थाना पिलखुवा में धर्म गुरुओं के साथ हुई शांति समिति की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बकरीद त्यौहार को लेकर पिलखुवा कोतवाली में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीओ अनीता चौहान कोतवाल पटनीश कुमार मौजूद रहे।

बैठक में सीओ अनीता चौहान ने स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रतिबंधित पशुओं की कुर्बानी न की जाए। उन्होंने कहा कि कुर्बानी के बाद अवशेष को पूरी तरह नष्ट करना सुनिश्चित करें। साथ ही कुर्बानी का कोई वीडियो या फोटो न बनाया जाए। बैठक में सभी धर्म के धर्मगुरुओं और प्रमुख नागरिकों ने हिस्सा लिया। अधिकारियों ने किसी भी अराजक गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। साथ ही शासन-प्रशासन के निर्देशों का पालन करने की बात कही। अधिक. ारियों ने आश्वासन दिया कि त्योहार से पहले सभी क्षेत्रों से प्राप्त शिकायतों का समाधान किया जाएगा। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर भी विस्तार से चर्चा की गई।



# कांग्रेस जिला कोऑर्डिनेटर ने की कार्यकर्ताओं के साथ मासिक बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर एक मासिक बैठक हुई। बैठक में जिला कॉर्डिनेटर अवनीश काजला पहुंचे और कांग्रेसियों को संबो. धित करते हुए कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपने अपने घरों पर पार्टी का झंडा लगाए। अपने पद की नेम प्लेट अपने घरों के मेन गेट पर लगाए।

जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि पार्टी का हर कार्यकर्ता अपनी अपनी जिम्मेदारी को अगर पूर्ण निष्ठा से निभा ले, तो संगठन को खड़ा होने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। उन्होंने हर पार्टी कार्यकर्ता को अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लगे रहने का निर्देश दिया हैं। इस दौरान पूर्व नगर अध्यक्ष पिलखुआ मदन सिंह चौहान, एडवोकेट शहजादा चौधरी, सुबोध शास्त्री, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, राहुल शर्मा, लाल बहादुर, बृजेश कश्यप, चेतन प्रकाश यादव, चंद्रपाल केन, महबूब अली, मोहम्मद परवेज, गौरव शर्मा, कुलदीप शर्मा आदि मौजूद रहे।



**आवश्यकता है**

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, पिलखुवा, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली, बाबूगढ़, हाफिजपुर आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

मो. 9897823485, 9927631162

जिला कार्यालय:- अबेंडकर चौक हापुड़

# कोतवाली के पास 20 मिनट तक चला लात-घूंसों से संग्राम, पुलिस पहुंचने से पहले ही हमलावर फरार

**शहर में कानून व्यवस्था पर सवाल, भीड़ देखती रही तमाशा, किसी ने नहीं किया बीच-बचाव**

**शाह टाइम्स संवाददताा**

**खतौली।** कोतवाली क्षेत्र में रविवार की देर शाम एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया। एक युवक को पहले दो युवकों ने सरेआम पीटना शुरू कर दिया। देखते ही देखते मामला इतना बढ़ गया कि चारों युवकों के बीच जमकर लात-घूंसे चले। करीब 20 मिनट तक बीच सडक पर मारपीट होती रही, लेकिन किसी ने बीच-बचाव करने की हिम्मत नहीं दिखाई। मौके पर भारी भीड़ जुट गई, लोग वीडियो बनाते रहे, लेकिन कोई भी आगे नहीं आया।



सबसे हैरान करने वाली बात यह रही कि घटना की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस करीब 25 मिनट देर से मौके पर पहुंची, तब तक सभी युवक फरार हो चुके थे। पुलिस पहुंचने के बाद तमाशबीनों की भीड़ बाकी रह गई। सूत्रों के मुताबिक, मारपीट किसी पुराने विवाद को लेकर शुरू हुई थी। पहले दो युवक मिलकर एक युवक की पिटाई कर रहे थे, तभी पीटने वाले युवक का साथी आ गया। इसके बाद मामला पूरी तरह हाथ से निकल गया और चारों युवकों के बीच जमकर मारपीट हुई।

स्थानीय लोगों ने बताया कि अगर पुलिस समय पर पहुंचती तो स्थिति को काबू में किया जा सकता था और आरोपी भी पकड़ में आ सकते थे।

लोगों का कहना था कि लगातार ऐसे मामलों से क्षेत्र में दहशत का माहौल बनता जा रहा है। खुलेआम सड़क पर मारपीट और पुलिस की लापरवाही से आम जनता में रोष है। लोग पूछ रहे हैं कि जब कोतवाली के पास ही ऐसी घटनाएं हो रही हैं तो शहर के अन्य इलाकों की सुरक्षा व्यवस्था का क्या हाल होगा?

# डॉक्टर की लापरवाही से मरीज ने पैर खोया

**सीएमओ ने जांच टीम बनाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के एक हढी रोग विशेषज्ञ पर पीड़ित परिवार ने लापरवाही का आरोप लगाया है। आरोप है कि डाक्टर की लापरवाही से मरीज को पैर कटवाना पड़ा। इस मामले में पीडित परिवार ने सीएमओ से शिकायत की है। सीएमओ ने मामले में जांच समिति गठित की है। तितावी थाना क्षेत्र के जसोई निवासी आसिफ अहमद ने बताया कि 16 मई को वह अपने पिता अफजाल अहमद के साथ बाइक से ननौता देवबंद मार्ग पर अपने निजी कार्य से जा रहे थे, तभी पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे वह आसिफ अहमद और



पिता अफजाल अहमद को गंभीरचोटे आई।उसके पिता के बांये पैर हढी नीचे से चकनाचूर हो गयी। घायल पिता को शहर के एक हढी रोग विशेषज्ञ के नर्सिंग होम में भर्ती कराया। उस समय डक्तक्टर ने पैर का अक्तपरेशन कर रक्तड डाल दी। आरोप है कि अक्तपरेशन के नाम पर डाक्टर ने उससे पांच लाख रुपये लिए थे। आरोप है कि अक्तपरेशन के बाद भी उसके पिता के पैर से खून का बहाव नहीं रुका। अक्तपरेशन के अगले दिन सुबह ज्यादा स्थिति खराब हुई तो पैरामेडिकल स्टाफ को अवगत कराया गया जिस पर उन्होंने जांच कर न्यूरो सर्जन को बुलवाने की सलाह दी। न्यूरो सर्जन को दिखाने के बाद उसके पिता को रैफर स्लीप देकर अन्य स्थान पर दिखाने के लिए कहा गया। उसने अपने पिता को ऋषिकेश एम्स व दिल्ली सफदरजंग अस्पताल में दिखाया। उसके बाद उसके पिता का पैर नीचे से कटवाना पड़ा। आरोप है कि उसने आकर हढी रोग विशेषज्ञ से बात की और पिता की ट्रीटमेंट फाइल मांगी तो डाक्टर ने ट्रीटमेंट फाइल देने से इंकार करते धामकी दी। पीड़िता ने इस मामले की शिकायत डीएम उमेश मिश्रा व सीएमओ सुनील तेवतिया से की। सीएमओ ने जांच टीम गठित कर दी है।

# खतौली में प्रतिबंध के बावजूद धड़ल्ले से हो रहा मिट्टी खनन, प्रशासन मौन

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** तहसील क्षेॉ में मिट्टी खनन पर प्रतिबंध के बावजूद दिनदहाड़े खुलेआम खनन किया जा रहा है। स्थानीय प्रशासन की आंखों के सामने भूमाफिया धरती का सीना चीर रहे हैं, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ मौन साधा गया है। प्रशासनिक सख्ती और रोक के दावों की पोल उस वक्त खुल जाती है, जब सुबह से शाम तक मिट्टी से भरी ट्रॉलियां खतौली की सड़कों पर दौड़ती दिखाई देती हैं। इन ट्रॉलियों में बिना किसी डर के अवैध खनन की मिट्टी ढोई जाती है, मानो स्थानीय अधिकारियों को इसकी कोई खबर ही न हो। मिट्टी खनन माफिया और कुछ जिम्मेदारों की मिलीभगत



से यह अवैध कार्य बेधड़क चल रहा है। क्षेॉ में पर्यावरणीय संतुलन के लिए लगाए गए नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।स्थानीय लोगों ने इस अवैध खनन को तत्काल रोकने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। वहीं प्रशासन की चुप्पी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

# युवक पर जानलेवा हमला करने का मुकदमा दर्ज

**रामराज।** थाना क्षेत्र के ग्राम हाशमपुर निवासी के साथ जंगल में गाय चराते समय गांव के ही कुछ लोगो ने लाठी डंडो से मारपीट कर गम्भीर रूप से घायल कर दिया। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामराज थाना क्षेत्र के ग्राम हाशमपुर निवासी आकाश पाल पुत्र राजेन्द्र ने थाने में एक गंभीर घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना 30 मई 2025 की दोपहर करीब 1 बजे की है, जब वह टिकोला के जंगल में अपनी गायें चरा रहा था। आकाश द्वारा बताया गया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व कॉलेज के समय उसका गांव के ही अनमोल पुत्र सुनील से विवाद हुआ था। उसी पुरानी रंजिश के चलते अनमोल अपने कुछ साथियों के साथ लाठी-डंडे लेकर जंगल में पहुंचा और आकाश पर अचानक हमला कर दिया। आकाश को बुरी तरह पीटा गया, उसे गालियाँ दी गई और उसके मोबाइल फोन को भी तोड़ दिया गया। जाते हुए हमलावरों ने जान से मारने की धमकी भी दी हमले में आकाश को गंभीर चोटें आई हैं। रामराज पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बस परिचालक का बैग छीनकर युवक फरार

**रामराज।** रामराज थाना क्षेत्र के अंतर्गत बस में सफर कर रहे एक यात्री ने परिचालक के बैग पर झपटा मारकर फरार हो गया। परिचालक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। बिजनौर जनपद के गांव सदियापुर निवासी मनोज कुमार मेरठ डिपो की रोडवेज के परिचालक है। मनोज कुमार 29 मई को मेरठ डिपो से करीब 20 सवारियों को लेकर बिजनौर रूट के लिए रवाना हुए था। जब रोडवेज बस मीरापुर से आगे देवल गांव के पास पहुंची, तो एक सवारी बस से उतरने लगी। उसी दौरान उसने चालक के बगल में रखे बैग पर झपटा मारा और बैग लेकर देवल गांव के अंदर फरार हो गया। मनोज कुमार ने तुरंत प्रयास कर उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन आरोपी वहां से फरार हो गया और उसका कोई पता नहीं चल सका। परिचालक की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# छात्रा से दुष्कर्म करने का आरोपी मौलवी गिरफ्तार

**मौलवी के खौफ से पीड़िता ने मदरसा जाना कर दिया था बंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के सुभाष नगर मोहल्ले में स्थित एक मदरसे में भोपा थाना क्षेत्र के सीकरी गांव निवासी मौलवी सद्दाम हुसैन पढ़ाते है। इसी मदरसे में 15 वर्षीय किशोरी भी पढ़ती है। किशोरी की मां मजदूरी कर बच्चों की पढ़ाई करा रही है। पीड़िता छात्रा की मां ने शनिवार रात को नई मंडी कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था, जिसमें बताया था कि दो महीने पहले मदरसे में पढ़ाई के दौरान उनकी 15 वर्षीय बेटी से मौलवी सद्दाम हुसैन ने दुष्कर्म किया था और किसी से बताने पर धामकी दी थी। मौलवी की धामकी के बाद बेटी ने मदरसा जाना छोड़ दिया था। दो दिन पहले पीड़िता ने छोटी बहन को पूरा वाक्य बताया था और छोटी बहन ने मां को घटना की जानकारी दी थी। नई मंडी कोतवाली प्रभारी दिनेश चंद बघेल ने बताया, पीड़िता की मां की तहरीर पर मौलवी सद्दाम हुसैन के खिलाफ दुष्कर्म व पोक्सो एक्ट आदि की धााराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। एक सूचना के आधाार पर एसआइ सचिन चौधारी व हेड कांस्टेबल जयवीर सिंह ने रविवार सुबह मौलवी सद्दाम हुसैन को रजवाहे रोड कांच के गोदाम से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## मीरापुर में कबूतरबाजी करते चार लोग गिरफ्तार

**मीरापुर।** पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कबूतरबाजी में लिप्त चार आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि इमरान कलंदर के मकान के पास स्थित खाली प्लॉट में कुछ लोग हार-जीत की बाजी लगाकर कबूतर उड़ा रहे हैं।

# बीएससी ( होम साइंस ) पंचम सेमेस्टर परीक्षा का परिणाम हुआ घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर के गृह विज्ञान विभाग के बी0एस सी0 (होम साइंस) के पंचम सेमेस्टर की छात्राओंने मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित परीक्षाफल में सर्वोत्तम अंक प्राप्त कर कॉलेज का नाम रोशन किया है।

मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर द्वारा घोषित किये गये परीक्षा परिणाम में बी0एस सी0 (होम साइंस) के पंचम सेमेस्टर में जैनब रियाज ने 78.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया हैं। लुबना खान ने 77.4 प्रतिशत अंको के साथ द्वितीय स्थान और स्वाति मलिक ने 77.2 प्रतिशत अंक से तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज के शिक्षकों और अपने परिजनों को दिया। बी0एससी गृह विज्ञान की पंचम सेमेस्टर की छात्राओं ने बताया कि उन्होंने परीक्षा की तैयारी पूर्ण लगन और मेहनत से की थी, महाविद्यालय में तमाम शैक्षिक सुविधाओं द्वारा शिक्षकों के मार्गदर्शन से ज्यादा से ज्यादा विद्यार्थियों को सफलता प्राप्त हुई। इस अवसर पर श्रीराम ग्रुप ऑफ कॉलेज के चेयरमैन डॉ0 एस0सी0 कुलश्रेष्ठ ने सभी छात्राओंको उनकी सफलता के लिए आर्शीवाद प्रदान करते हुए कहा कि निरन्तर कठिन परिश्रम से सफलता सम्भव हो पाती है अत: युवाओं को निरंतर सफलता प्राप्ति के प्रयास करते रहना चाहिए। इस अवसर पर श्रीराम कॉलेज की प्राचार्या डॉ0 प्रेरणा मित्तल एवं श्रीराम कॉलेज के निदेशक डॉ0 अशोक कुमार ने सभी छात्राओं को उनकी सफलता के लिए बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा विभाग के प्रवक्ताओं द्वारा छात्राओं की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की।

इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की डीन डॉ0 श्वेता राठी ने सभी छात्राओंको उनकी सफलता पर बधाई देते उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गृह विज्ञान विभाग की प्रवक्ता, रूबी पोसवाल, ईशा अरोर सोफिया अंसारी, काजल मावी, और आयशा गौर ने सभी छात्राओंको उनकी सफलता के लिए बधाई दी।

# किसानों को मिली नवीनतम जानकारी

**बिजनौर।** उपनिदेशक कृषि गिरीश चंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि आज जनपद में विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत विकास खण्ड जलीलपुर के तीन ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर व बागडपुर, विकास खण्ड कोतवाली के तीन ग्राम जहानाबाद, सांगरवाला, ब्राहमनवाला एवं विकास खण्ड अफजलगढ़ के तीन ग्राम- जाफ्तानगर, रायपुरी एवं जयसिंह जोत में जिलाधिकारी बिजनौर द्वारा गठित तीनों टीमों (केव.ीके नगीना के वैज्ञानिक, आईसीआर दिल्ली के वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारी) द्वारा गोष्ठियों का आयोजन किया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान-2025 अन्तर्गत आयोजित गोष्ठियों में विकास खण्ड जलीलपुर के ग्रामों में इस अवसर पर गिरीश चन्द्र उप कृषि निदेशक बिजनौर, डॉ. केके सिंह, कृषि वैज्ञानिक, डॉ. शिंवागी, डॉ. रविन्द्र कुमार सीआईआरसी, विकास खण्ड-कोतवाली में डॉ. शकुन्तला गुप्ता, डॉ. पिन्टू कुमार, डॉ. सिद्वार्थ साहा सीआईआरसी, विकास खण्ड-अफजलगढ़ डॉ. प्रतिमा गुप्ता, डॉ. भूपेन्द्र सिंह, डॉ. दिव्या सीआईआरसी एवं कृषि विभाग के तकनीकी कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

उप कृषि निदेशक बिजनौर द्वारा ग्राम पीपलसाना, ईस्माइलपुर में आयोजित गोष्ठी में कृषि विभाग में चल रही योजनाओं तथा खरीफ सीजन के बीजों एवं उन पर देय अनुदान के विषय में भी जानकारी दी गयी। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना के विषय में बताया गया। डॉ. केके सिंह कृषि वैज्ञानिक द्वारा किसानों को वर्तमान में गन्ने की फसल में आ रही बीमारियों एवं उनके निदान के विषय में जानकारी दी गयी। साथ ही, हरी खाद के महत्व के विषय में भी विस्तृत रूप से जानकारी उपलब्ध करायी गयी। डॉ. शिवांगी द्वारा गोष्ठी में उपस्थित कृषकों को मृदा की जांच क्यो आवश्यक है?

# महर्षि कश्यप एकता संगठन के कार्यालय का हुआ उद्घाटन

**डाक्टर सोनू कश्यप ने समाज को किया एकजुट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** कस्बे की लच्छुराम मार्किट में आज रविवार के दिन महर्षि कश्यप एकता संगठन का कार्यालय खुला।

जिसका उद्घाटन सैंकड़ों नागरिकों की मौजूदगी में मुख्य अतिथि कश्यप समाज खाप बुढाना के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। यहां पर यज्ञ हवन भी किया गया। मुख्य अतिथि डाक्टर सोनू कश्यप ने कहा कि जिस समाज, जाति या पार्टी का एक ही मुखिया होता है वो ही समाज, जाति, पार्टी तरक्की करती है। हमने अपने संगठन का मुखिया मास्टरजी को चुना है तो हमें सभी को चाहिए कि उनकी एक



आवाज पर समाज की खातिर कुछ देर के लिए अपने जरुरी काम को भी त्यागकर संगठन को तरक्की देने का काम करेंगे। उन्होने ये भी कहा कि आज संगठन का कार्यालय खुल गया है। कार्यालय में कोई ना कोई मौजूद रहेगा। जो समस्या यहां पर आएंगी उनका निस्तारण हम सभी को मिलकर प्राथमिकता के आधार पर करना है। इस दौरान यहां पर मुख्य रुप से उक्त संगठन के राष्ट्रीय प्रवक्ता श्याम कश्यप, संचालक प्रमोद कश्यप, ऋषिपाल कश्यप, आईटी सेल के सोनू कश्यप, राष्ट्रीय महासचिव जितेन्द्र कश्यप, जिला अध्यक्ष शुभम कश्यप और सीताराम कश्यप आदि लोग मौजूद रहे। कार्यालय खुलने पर कश्यप समाज खुश हैं।

# गुरु पल्लेनाथ की 4वीं बरसी पर हुआ जागरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** जय बाबा गोरखनाथ के गुरु पाल्लेनाथ जी की चौथी बरसी के उपलक्ष्य में कस्बा बुढ़ाना के बडकता रोड पर स्थित बाबा गोरखनाथ धाम में बीती शनिवार की रात हुए जागरण में सैंकड़ों श्रद्धालुओं द्वारा बाबा गोरखनाथ व जाहरवीर गोगा जी का जमकर गुणगान हुआ।

जिसका शुभारम्भ मुख्य अतिथि बुढ़ाना नगर पंचायत की चौयरपर्सन उमा त्यागी ने दीप प्रजव्वलित करके किया। उद्घाटन मुख्य अतिथि कश्यप समाज के चौधरी डाक्टर सोनू कश्यप ने अपने कर कमलों द्वारा फीता काटकर किया। यहां पर



संचालन अरविंद और संयोजक लोकेंद्र और विनीत शर्मा रहे। आज रविवार को भंडारा हुआ। यहां पर दिल्ली से आई सपना त्रिपाठी, मनोज प्रधान, सचिन सिवाच, सुनील बजरंगी, शिवम शर्मा, मिंटू रंगीला और अंकुर आदि श्रदालु मौजूद रहे।

जटाधारी म्यूजिकल ग्रुप ने जागरण में चार चांद लगा दिए। यहां पर चौयरपर्सन उमा त्यागी व डाक्टर सोनू कश्यप ने बाबा गोरखनाथ जी व जाहरवीर गोगा जी का वंदन पूजन कर आशीर्वाद प्राप्त किया और कहा कि गोगाजी चौहान जाहरवीर राजस्थान के लोक देवता हैं। जिन्हे जाहर वीर के नाम से भी जाना जाता है। राजस्थान में भादों गोगाजी देवता का मेला लगता है। इनका हिन्दू, सिख और मुसलमान तीनों ही धर्म सम्मान करते हैं।

# जब आक्रोश जता रहे युवक ने सम्मान वापस लौटाया

**खतौली।** रविवार को आयोजित में आयोजित सैनी प्रतिभा सम्मान समारोह में जब समाज के सम्मानित व्यक्तियों द्वारा समाज के मेधावी छात्र छात्राओंका सम्मान किया जा रहा था तो तभी मंच पर आए एक युवक ने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुय कार्यक्रम में मौजूद अतिथियों के सामने अपना सम्मान लौटते हुय रोष व्यक्त किया। जिसे देख कार्यक्रम में मौजूद सभी लोग हैरान हो गए।

खतौली तहसील के बुआडा, जंधेडी, लुहारा (थाना मंसूरपुर) और गालिबपुर से आए इन युवाओं ने मंच पर खडे होकर साफ कहा कि जब समाज हमारे भविष्य को बचाने के बजाय चुप्पी साधे रहे, तो ऐसे सम्मान का क्या मूल्य? युवाओं का कहना है कि मामूली कहासुनी या झगडे की घटनाओं में समझौते की बजाय सीधे पुलिस कार्रवाई करवाई जाती है, जिससे उन पर झूठे मुकदमे दर्ज हो जाते हैं। इसका सीधा असर उनकी सरकारी नौकरी पर पडता है। कई युवा पहले ही चयन प्रक्रिया से बाहर हो चुके हैं। एक युवक ने मंच पर बोलते हुय कहा कि जब समाज के भीतर ही कुछ लोग युवाओं की तरक्की से जलकर उन्हें फंसा रहे हों, और जिम्मेदार लोग चुप रहें, तो यह सम्मान केवल दिखावा बन जाता ह। उन्होंने कहा कि अगर यही हालात रहे, तो समाज में असंतोष और बढेगा। कार्यक्रम में मौजूद कुछ वरिष्ठ लोगों ने युवाओं की बातों को गंभीरता से लेने की बात कही, जबकि कुछ आयोजकों ने स्थिति को संभालते हुए शांतिपूर्ण तरीके से कार्यक्रम को आगे बढाया।


## ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड

(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)

Truhome FINANCE

**पंजीकृत कार्यालय:** श्रीनिवास टॉवर, पहली मंज़िल, दरवाजा नंबर 5, पुराना नंबर 11, दूसरी लेन, सेनटोफ रोड, अलवरपेट, तेयनमपेट, चेन्नई-600018
**शाखा कार्यालय:** लेवल-3, वॉकहार्ट टॉवर्स, ईस्ट विंग सी-2 ब्लॉक, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लैक्स, बांद्रा (ईस्ट), मुम्बई-400 051,
**website: www.truhomefinance.in**

### कब्जा सूचना

जबकि, नीचे हस्ताक्षरकर्ता वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के प्रावधानों के तहत और प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) का अधिकृत अधिकारी है। सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (उक्त नियम) के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत उधारकर्ताओं को मांग नोटिस जारी किए गए, जिनका विवरण उक्त डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशि चुकाने के लिए नीचे दी गई तालिका में उल्लेख किया गया है। उधारकर्ताओं द्वारा राशि चुकाने में विफल रहने पर, उधारकर्ताओं और आम जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी, प्राधिकृत अधिकारी ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के अधीन उन्हें दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए दिनांक 30 मई, 2025 को नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा ले लिया है।

विशेष रूप से उधारकर्ता और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे संपत्ति का लेन-देन न करें और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन नीचे उल्लिखित राशि के लिए ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था) के अधीन होगा, जैसा कि नीचे उल्लिखित राशि पर ब्याज के साथ है।

(सुरक्षित संपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है।)

| उधारकर्ता का नाम और पता |
| --- |
| श्री गौरव गुप्ता पुत्र श्री नरेश कुमार गुप्ता<br>मकान नंबर आरजेड-18, खसरा नंबर 14/1/2, रघु नगर, नई दिल्ली-110045.<br>इसके अलावा: मकान नंबर आरजेड-63, ब्लॉक-ए, खसरा नंबर 26/9 और 10, गांव - डाबरी, एक्सटेंशन साउथ वेस्ट, नई दिल्ली-110045.<br>श्रीमती नेहा गुप्ता पत्नी श्री गौरव गुप्ता मकान नंबर आरजेड-18, खसरा नंबर 14/1/2, गली नंबर 5, रघु नगर, डाबरी, साउथ वेस्ट दिल्ली-110045.<br>इसके अलावा: मकान नंबर आरजेड-63, ब्लॉक-ए, खसरा नंबर 26/9 और 10, गांव - डाबरी, एक्सटेंशन साउथ वेस्ट, नई दिल्ली-110045. |
| **डिमांड नोटिस के अनुसार देय राशि** |
| रु. 1,08,02,905/-(रु. एक करोड़ आठ लाख दो हज़ार नौ सौ पाँच मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0000653 दिनांक 09-जनवरी-2025 तक और रु. 5,55,112/-(रु. पाँच लाख पचपन हज़ार एक सौ बारह मात्र) ऋण खाता संख्या के संबंध में SLPHGPRK0000675 दिनांक 09-जनवरी-2025 तक और<br>डिमांड नोटिस की तिथि: 14-जनवरी-2025,<br>भौतिक कब्जे की तिथि: 30-मई-2025, एनपीए की दिनांक- 03-जनवरी-2025 |
| **गिरवी रखी सम्पत्ति का विवरण** |
| वह सब भाग और पार्सल पर संपत्ति नंबर 63, नया नंबर आरजेड-63, खसरा नं. 26/9 और 10 में से, क्षेत्रफल 160 वर्ग गज, गांव की राजस्व संपदा- डाबरी, कॉलोनी जिसे एक्सटेंशन ब्लॉक-ए, दक्षिण पश्चिम, के नाम से जाना जाता है, नई दिल्ली-110045.<br>उक्त संपत्ति की सीमाएं:- उत्तर: प्रवेश 20 फीट, दक्षिण: सर्विस लेन, पूर्व: संपत्ति आरजेड-64, पश्चिम संपत्ति आरजेड-62 |

स्थान: दिल्ली
दिनांक: 31.05.2025

एसडी/- प्राधिकृत अधिकारी, ट्रूहोम फाइनेंस लिमिटेड
(पूर्व में श्रीराम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के नाम से जाना जाता था)


# खाइबाड़ी करने वालों के यहां पुलिस की दबिश

**हड़कंप मचा, सट्टा लगाने वाले लोग रहे परेशान**

**पूर्व में आरोपित सटोरियों पर हुई गैंगस्टर की कार्रवाई**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढाना।** स्थानीय कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक आनंद देव मिश्र शायद बुढ़ाना कस्बे और क्षेत्र में किसी भी सूरत में सट्टे की खाइबाडी का कारोबार करवाने के मूड में नहीं दिखाई देते हैं तभी तो आज रविवार के दिन सट्टे की खाइबाडी करने वालों के यहां पुलिस की दबिश कई स्थानों पर रही। उल्लेखनीय है कि बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र में बीते दो वर्ष पूर्व सट्टे की खाइबाडी का काम सटोरियों के द्वारा पुलिस संरक्षण मे बड़े पैमाने पर खुले रुप से किया जा रहा था। शिकायत हुई तो तत्कालीन पुलिस कप्तान ने जांच बिठाई तो मामला सही पाया गया था। तब बुढ़ाना पुलिस को दरकिनार कर जिले से आई पुलिस टीम ने कप्तान के निर्देश पर छापामार कार्यवाही की तो कप्तान की पुलिस टीम ने 14 बडे सटोरिये पकडकर लाखों रुपये बरामद किए थे। जिसमें तत्कालीन कोतवाल ब्रजेश कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज गजेंद्र सिंह, सब इस्पेक्टर एनडी शर्मा और कांस्टेबल मोनू राणा को सट्टे के कारोबार को कराने का दोषी मानते हुए सस्पैंड कर दिया था और बुढ़ाना का नया कोतवाल 18 दिसम्बर सन् 2023 को आनंद देव मिश्र को बनाया गया था और कस्बा इंचार्ज रविंद्र सिंह यादव को बनाया गया था। सुत्रों का कहना है कि बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र सट्टे की खाइबाडी को कराने के मूड में बिल्कुल भी नहीं हैं लेकिन यहां के राह घाट से वाकिफ रि-पोस्टिंग पर आए कुछ पुलिसकर्मी इस गंदे धांधो को अपने संरक्षण में बाखूबी चलाए हुए हैं। शायद इसी को लेकर बुढ़ाना कोतवाल आनंद देव मिश्र ने आज रविवार को कई सटोरियों की तलाश में कई स्थानों पर दबिश दी।

# प्रेमिका के साथ रेस्टोरेंट में पकड़े गए सभासद

**बुढ़ाना।** नगर पंचायत बुढ़ाना के विपक्ष के एक सभासद आज अपनी प्रेमिका के साथ रंगे हाथों पकड़े लिए गये।

हुआ यूं कि एक सभासद अपने ही वार्ड की एक युवती को लेकर सैर सपाटा करने निकल गये। दोनों प्रेमी प्रेमिका बायवाला चौकी के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में गपशप करने लगे तो दोनों में किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया। ये झगड़ा रेस्टोरेंट के बाहर आ गया तो किसी आते जाते व्यद्रि ने प्रेमिका को पहचान लिया तो उसने तुरंत फोन पर इसकी सूचना प्रेमिका के परिजनों को दी तो प्रेमिका उनको घर पर नही मिली तो वे कुछ ही देर में उद्र रेस्टोरेंट में पहुंच गये और दोनों को पकड लिया लेकिन सभासद बदनामी से बचने को मौका पाकर फरार हो गये जबकि प्रेमिका को उसके परिजन अपने साथ भला बुरा कहते हुए लेकर चले गये।

इस दौरान वहां पर बहुत हंगामा हुआ और आते जाते लोगों की भीड लगी गयी। इस घटना की सूचना बुढ़ाना पुलिस को भी मिली लेकिन जब तक बुढ़ाना पुलिस मौके पर पहुंची तब तक घटनास्थल से लोग इधार उधार हो गये थे। यह घटना कस्बे मे चर्चा का विषय बनी है और लोग पूरे चटखारे ले रहे हैं।


**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# वनडे में 34 ओवर के बाद एक बॉल का इस्तेमाल होगा

**आईसीसी अगले महीने से नए नियम लागू करेगी, पांच कन्कशन रिप्लेशमेंट बताने होंगे**

**दुबई, वार्ता।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) टेस्ट और वनडे के कुछ नियमों में बदलाव करने जा रहा है। आईसीसी ने अपने मेंबर्स को भेजे गए मैसेज में कहा कि नए प्लेइंग-कंडीशन्स टेस्ट मैचों में जून से और व्हाइट बाल क्रिकेट में जुलाई से लागू होंगे।

नए नियमों में वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल, बाउंड्री पर कैच और कन्कशन रिप्लेसमेंट शामिल है। वनडे क्रिकेट में एक बाल का इस्तेमाल अक्टूबर 2011 से वनडे में दो नई बाल का नियम लागू है। अभी वनडे में दो नई बाल का दोनों साइड से इस्तेमाल किया जाता है। आईसीसी के नए नियम के मुताबिक, 1 से 34 ओवर के लिए दो नई गेंदें होंगी। यानी एक पारी में पहले 34 ओवर तक दोनों गेंदें चलेंगी। फिर 35वें ओवर से सिर्फ एक गेंद पारी के अंत तक दोनों एंड से इस्तेमाल की जाएंगी (जब तक कि इसे बदलने की जरूरत न हो)। 34 ओवर पूरे होने के बाद और 35 ओवर की शुरुआत से पहले फील्डिंग टीम उन दो गेंदों में से एक का सिलेक्शन करेगी। कन्कशन रिप्लेसमेंट नियमों में भी कुछ बदलाव किए जाएंगे।

टीमों को मैच शुरू होने से पहले मैच रेफरी को पांच कन्कशन रिप्लेसमेंट खिलाड़ियों के नाम देने होंगे। जिसमें एक विकेटकीपर, एक बल्लेबाज, एक पेसर, एक स्पिनर और एक आलराउंडर रहेगा। अगर रिप्लेस किया गया खिलाड़ी भी चोटिल हो जाता है, तो मैच रेफरी नया आप्शन चुन सकता है। दो नियम के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा आईसीसी विज्ञप्ति में कहा गया है कि बाउंड्री लाइन कैच और डीआरएस प्रोटोकाल में नियमों में बदलाव के बारे में बाद में सूचित किया जाएगा। टेस्ट में जून और वनडे में जुलाई से लागू होंगे नियम टेस्ट क्रिकेट में नए नियम वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के अगले साइकिल (2025-27) से लागू होंगे। यह श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच गाल में 17 जून से होने वाले पहले टेस्ट के जरिए लागू होंगे।

# पीकेएल-12 की नीलामी में 10 खिलाड़ी बने करोड़पति

**● गुजरात जायंट्स ने दो बाद के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2.23 करोड़ में खरीदा**

**मुंबई, वार्ता।** प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 की रविवार को समाप्त हुई खिलाड़ियों की नीलामी में 10 खिलाड़ी करोड़पति बने। गुजरात जायंट्स ने दो बार के चैंपियन मोहम्मदरेजा शादलू को सबसे बड़ी बोली लगाकर 2-23 करोड़ रूपये में खरीदा। प्रो कबड्डी के 12वें सत्र के 12 प्रफेंचाइजियों ने दो दिन बोली गई।

इसके अलावा दो करोड़ क्लब में देवांक दलाल शामिल रहे, जिन्हें बंगाल वॉरियर्ज ने 2-205 करोड़ रूपये में साइन किया। दो दिनों तक चली नीलामी में इस बार एक नई फाइनल बिड मैच (एफबीएम) नीति को भी लागू किया गया, जिसके तहत टीमें अपने रिलीज किए गए खिलाड़ियों को नीलामी में लगी अंतिम बोली से मैच करके एक या दो सीजन के लिए दोबारा साइन कर सकती थीं। इस नियम के तहत पांच खिलाड़ी दो सत्र के लिए और नौ खिलाड़ी एक सत्र के लिए रिटेन किए गए। कैटेगरी सी ऑलराउंडर्स के लिए शानदार मौका साबित हुई, जहां नितिन रावल, गुरदीप और धीरेज को बड़ी बोलियाँ मिलीं। नितिन को जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50 लाख रूपये में साइन किया, गुरदीप को पुनेरी पलटन ने 47-10 लाख रुपये में खरीदा और धीरेज बेंगलुरु बुल्स की जर्सी पहनेंगे, जिन्हें 40-20 लाख रूपये की बोली मिली। हालांकि इस श्रेणी की सबसे ऊंची बोली रेडर आकाश लशदे के नाम रही, जो 53-10 लाख रूपये में बेंगलुरु बुल्स में शामिल हुए। खिलाड़ियों नीलामी की सबसे चौंकाने वाली बोली कैटेगरी डी में देखने को मिली, जब यू मुंबा ने हिमाचल प्रदेश के ऑलराउंडर अनिल मोहन को 78 लाख रूपये की रिकॉर्ड तोड़ बोली में साइन किया। खास बात यह है कि पीकेएल इतिहास में कैटेगरी डी की यह सबसे बड़ी बोली है। अनिल मोहन ने नीलामी के दूसरे दिन दोनों कैटेगरी में सबसे बड़ी बोली पाई। उनके बाद कैटेगरी डी में दूसरी सबसे बड़ी बोली उदय पार्टे को मिली, जिन्हें जयपुर पिंक पैंथर्स ने 50-10 लाख रूपये में खरीदा। नीलामी को लेकर मशाल स्पोर्ट्स के बिजनेस प्रमुख और प्रो कबड्डी लीग के लीग कमिश्नर अनुपम गोस्वामी ने कहा, ह्यह बहुत सकारात्मक है कि पीकेएल 12 की नीलामी के पहले दिन की गति दूसरे दिन भी बरकरार रही। टीमों ने कैटेगरी सी और डी में गहरी रुचि दिखाई है, विशेष रूप से पीकेएल डेब्यूटेंट आनिल मोहन के लिए 78 लाख की बोली से, जो कैटेगरी डी के लिए हमारी लीग के इतिहास की सबसे ऊंची बोली है। ऐसे नए खिलाड़ी अक्सर टीम की रीढ़ बनते हैं, और उनके विकास में निवेश करना प्रतिस्पर्धी टीमों के निर्माण के लिए आवश्यक है। निश्चित रूप से, इस सीज़न में 10 'करोड़पति' खिलाड़ियों का उभरना एक संतुलित बाजार को दर्शाता है।

## कैटेगरी ए के शीर्ष पांच खिलाड़ी

मोहम्मदरेज़ा शादलू चियानेह (ईरान) 2-23 करोड़ रूपये गुजरात जायंट्स, देवांक दलाल (भारत) – 2-203 करोड़ रूपये बंगाल वॉरियर्ज, आशु मलिक (भारत) 1-90 करोड़ रूपये दबंग दिल्ली, अर्जुन देशवाल (भारत) 1-405 करोड़ रूपये तमिल थलाइवाज, योगेश विजेंद्र दहिया (भारत) 1-125 करोड़ रूपये बेंगलुरु बुल्स।

## कैटेगरी बी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

अंकित जगलान (भारत) 1-573 करोड़ रूपये पटना पाइरेट्स, नवीन संसार सिंह कुमार (भारत)1-20 करोड़ रूपये हरियाणा स्टीलर्स, गुमान सिंह (भारत) 1-073 करोड़ रूपये यूपी योद्धाज सचिन तंवर (भारत) 1-058 करोड़ रूपये पुनेरी पलटन, नितिन कुमार धनखड़ (भारत) 1-002 करोड़ रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स।

## कैटेगरी सी के शीर्ष पांच खिलाड़ी

आकाश संतोष शिंदे (भारत) 53-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स, नितिन रावल (भारत) 50 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, संदीप कुमार (भारत) 49 लाख रूपये यू मुंबा, गुरदीप (भारत) 47-10 लाख रूपये पुनेरी पलटन, धीरेज (भारत) 40-20 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स

## कैटेगरी डी के शीर्ष खिलाड़ी

अनिल मोहन (भारत) 78 लाख रूपये यू मुंबा, उदय पार्टे (भारत) 50-10 लाख रूपये जयपुर पिंक पैंथर्स, शुभम बिटाके (भारत) 9-10 लाख रूपये बेंगलुरु बुल्स।



# मनीष-सृष्टि की टीम ने मिश्रित एयर पिस्टल में जीता स्वर्ण पदक

**■ रुद्रांश और सुमेधा की टीम ने कांस्य पदक हासिल किया**

**दक्षिण कोरिया, वार्ता।** डब्ल्यूएसपीएस वर्ल्ड कप के दूसरे दिन रविवार को मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ की मिश्रित एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। यहां प्रतियोगिता के दूसरे दिन मनीष नरवाल और सृष्टि अरोड़ा की मिक्स्ड एयर पिस्टल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रुद्रांश खंडेलवाल और सुमेधा पाठक की टीम ने कांस्य पदक जीता। वहीं अवनी लेखरा और इशांक आहूजा की आर 10 मिश्रित टीम ने 10 मीटर राइफल एसएच 1 स्पर्धा में कांस्य पदक जाता। दिन के आखिर तक कुल तीन स्वर्ण, दो रजत और दो कांस्य पदक जीते।

# रीतिका हुड्डा ने फ्रीस्टाइल श्रेणी में जीता सोना

**■ रितिका ने नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की**

**उलानबटार, वार्ता।** उलानबटार ओपन 2025 रेसलिंग रैंकिंग सीरीज में भारत की रीतिका हुड्डा ने महिलाओं की 76 किग्रा फ्रीस्टाइल श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता। पेरिस 2024 ओलंपिक में हिस्सा लेने वाली 22 वर्षीय भारतीय पहलवान रीतिका हुड्डा ने शनिवार को नॉर्डिक सिस्टम में 3-0 के परफेक्ट रिकॉर्ड के साथ जीत हासिल की, जिसका समापन अंतिम पूल मैच में घरेलू पसंदीदा और एनख-अमरिन दावानासन के खिलाफ 5-2 से जीत के साथ हुआ। इस दिन भारत ने अपने खाते में चार और पदक जोड़े। दीपक पुनिया ने (पुरुषों की 92 किग्रा), शिक्षा ने (महिलाओं की 65 किग्रा) और पुष्पा ने (महिलाओं की 55 किग्रा) में एक-एक रजत और जयदीप ने (पुरुषों की 74 किग्रा) में कांस्य पदक जीता। दीपक पुनिया ने लगातार तीन जीत के साथ धमाकेदार शुरुआत की, जिसमें मंगोलिया के डेमचिगदोर तुमुरबाटर पर 10-0 की तकनीकी श्रेष्ठता और बैट-एर्डीन ब्याम्बासुरेन पर 4-1 के कड़े मुकाबले में जीत शामिल है। हालांकि, चोट के कारण उन्हें अस्काब सादुलाएव के खिलाफ अपने अंतिम मैच से हटाने के कारण रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 74 किग्रा में प्रतिस्पर्धा कर रहे जयदीप सेमीफाइनल में ईरान के योनेस इमामी से 5-3 से हार गए। कांस्य पदक के मुकाबले में मंगोलिया के तुग्सजार्गल एर्डेनेबैट को हराया। इस बीच, शिक्षा और पुष्पा दोनों ने अपने-अपने भार वर्ग में रजत पदक जीता। पुष्पा ने शुरुआती हार से उबरते हुए मंगोलिया की दुलगुन बोलोरमा को मात दी और ओटगोंटुया बयानमुंख को हराया। लेकिन आखिर में स्वर्ण पदक से चूक गईं। शिक्षा ने महिलाओं की 65 किग्रा नॉर्डिक सिस्टम में चार मुकाबलों में तीन जीत हासिल की और दूसरे स्थान पर रहीं। एशियन चैंपियन मनीषा भानवाला महिलाओं के 62 किग्रा वर्ग में ग्रुप स्टेज में बाहर हो गईं। उन्होंने अलीना कासाबीवा के खिलाफ एक प्रभावशाली शुरुआती जीत दर्ज की, लेकिन मंगोलिया की पूर्व विश्व चैंपियन ओरखोन पुरेवदोरज से हार का सामना करना पड़ा। कुश्ती टूर्नामेंट में अब भारत के पदकों की संख्या 17 हो गई। भारत



# भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने उरुग्वे को हराया

**अर्जेंटीना, वार्ता।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने चार देशों के टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुक.ाबले में नियमित समय में 2-2 से ड्रा के बाद हुए शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया। यहां खेले गए मुक.ाबले में भारतीय टीम की उपकप्तान हिना ने (10वें) व लालरिनपुई ने (24वें) मिनट में मैच की शुरुआत में गोल दागे। गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में गोल. कर अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने 10वें मिनट हिना के गोल से शानदार शुरु की, इसके बाद लालरिनपुई ने 24वें मिनट में गोलकर बढ़त को दोगुना कर दिया। हाफटाइम तक भारत के पास 2-0 की बढ़त थी। उरुग्वे ने अंतिम क्वार्टर में इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट और इसके बाद मिलग्रोस सीगल ने 57वें मिनट बाद गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। इसके बाद मुक.ाबला शुटआउट में चला गया। शूटआउट में गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने भारत के लिए लगातार तीन गोल किए।

**खेल विशेष**

## पाओलिनी को हराकर स्वितोलिना फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में

**पेरिस, वार्ता।** यूक्रेन की टेनिस खिलाड़ी एलिना स्वितोलिना ने रविवार को चौथी वरीयता प्राप्त और पिछले साल की उपविजेता जैस्मीन पाओलिनी को हराकर फ्रेंच ओपन के महिला एकल के चौथे दौर में जगह बना ली है। यहां खेले गए मुकाबले में यूक्रेन की 30 वर्षीय खिलाड़ी स्वितोलिना ने जैस्मीन पोओलिनी को 6-4 6-7 (6) 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मैच के बाद स्वितोलिना ने कहा कि मुझे कभी विश्वास नहीं था कि यह मैच मेरे पक्ष में जाएगा। यह वास्तव में एक कठिन मैच था, जैस्मीन वास्तव में बहुत अच्छा खेल रही थी। मुझे आखिरी पॉइंट तक लड़ना पड़ा और मैं अगले दौर में पहुंचकर बहुत खुश हूं।

## इंटर को 5-0 से रौंदकर पीएसजी ने जीता चैंपियंस लीग का खिताब

**म्यूनिख, वार्ता।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने यूईएफए चैंपियंस लीग के फाइनल में मुकाबले में इंटर मिलान को 5-0 से रौंद कर पहली बार यूरोपीय चैंपियंस लीग का खिताब अपने नाम किया। शनिवार रात एलियांज एरिना में खेले गए मुकाबले में लुइस एनरिक की युवा टीम ने मैच में शुरुआत से ही इंटर मिलान पर दबदबा बनाए रखा। पीएसजी के लिए पहला गोल 12वें मिनट में अशरफ हकीमी ने किया। इसके बाद डेजायर डोऊ ने 20वें और 63वें मिनट में गोल दागे। मैच का चौथा गोल ख्विचा क्वारात्सखेलिया ने 73वें मिनट में किया। अन्य खिलाड़ी के स्थान पर खेलने मैदान में उतरे सेनी मायुलु ने 86वें मिनट में गोल दागकर टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही पीएसजी यूरोपीय कप जीतने वाला 24वां क्लब बन गया।

# अनऑफिशियल टेस्ट में करुण नायर का दोहरा शतक

**■ इंग्लैंड लायंस के खिलाफ इंडिया-ए 557 रन बनाकर ऑलआउट**

**कैंटरबरी, वार्ता।** अनआफिशियल टेस्ट के दूसरे दिन इंडिया-ए टीम इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 557 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। नंबर-3 पर उतरे करुण नायर 204 रन बनाकर आउट हुए। सरफराज खान ने 92 और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल ने 94 रन बनाए।

भारत ने 125.1 ओवर बैटिंग की कैंटरबरी में इंग्लैंड लायंस ने टास जीतकर बालिंग चुनी थी। भारत ने पहले दिन 3 ही विकेट के नुकसान पर 409 रन बना लिए थे। करुण नायर 186 और जुरेल 82 रन बनाकर नाटआउट लौटे थे। दूसरे दिन नायर ने दोहरा शतक लगा दिया, लेकिन जुरेल संेचुरी पूरी नहीं कर सके। शार्दूल ठाकुर ने 27, हर्ष दुबे ने 32, अंशुल कम्बोज ने 23 और हर्षित राणा ने 16 रन बनाकर टीम का स्कोर 557 रन तक पहुंचाया। इंडिया-ए ने 125.1 ओवर बैटिंग की और पहली पारी में 557 रन का स्कोर खड़ा कर दिया। हल और अख्तर को 3-3 विकेट इंग्लैंड लायंस से जोश हल और जमान अख्तर ने 3-3 विकेट लिए।

एडी जैक को 2 विकेट मिले। रेहान और अजीत ने 1-1 विकेट लिया। डैन और टाम हैंन्स को कोई विकेट नहीं मिला। कम्बोज ने पहला विकेट लिया दूसरे दिन ही इंग्लैंड लायंस ने अपनी पहली पारी शुरू कर दी। बेन मैकिनी 16 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें अंशुल ने बोल्ड कर दिया। दूसरा सेशन खत्म होने तक लायंस ने 1 विकेट के नुकसान पर 75 रन बना लिए। टाम हैंस 25 व एमिलियो गे 28 रन बनाकर नाटआउट रहे।

# तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को दी श्रद्धांजलि

**■ फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में पाच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजन**

**नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 25वें संस्करण में रविवार को हुई तिरंगा रैली में सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। सुबह देश भर में पांच हजार से अधिक स्थानों पर आयोजित हुए कार्यक्रम में 15 हजार से अधिक साइकिल चालकों ने ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर केंद्रीय खेल मंत्री डा. मनसुख मांडविया ने मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम में खेल जगत की हस्तियाँ, ओलंपिक पदक विजेता योगेश्वर दत्त, क्रिकेटर सबा करीम, पहलवान सरिता मोर, बॉलीवुड अभिनेत्री शारवरी और भारतीय साइकिलिंग टीम के साथ 1500 से अधिक साइकिल चालकों की तिरंगा रैली की अगुवाई की। खेलो इंडिया सेंटर (केआईसी), खेलो इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (केआईएससीई) और साई ट्रेनिंग सेंटर (एसटीसी) द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के तहत जम्मू और कश्मीर के कई क्षेत्रों जम्मू, पुंछ, किश्तवाड़, कुलगाम, बांदीपोरा, शोपियां, बारामुल्ला, बडगाम, सांबा में साइकिल चालक तिरंगा रैली में शामिल हुए। इस दौरान ऑपरेशन सिंदूर में शामिल सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. मांडविया कहा कि यह तिरंगा रैली हमारे जवानों और उनके बलिदान को सलाम है।

फिटनेस और देशभक्ति एक साथ चलते हैं। इस ऐतिहासिक संस्करण में दो प्रमुख पहलों का शुभारंभ हुआ – फिट इंडिया न्यूजलैटर और फिट इंडिया मोबा. इल ऐप पर कार्बन क्रेडिट फीचर, जहाँ साइकिल चालक अब नियमित रूप से साइकिल चलाकर बचाए गए कार्बन क्रेडिट को ट्रैक कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि ऐप का एक बार डाउनलोड करने पर आप फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बन जाएंगे।



# फ्रेंच ओपन के क्वार्टरफाइनल में जोकोविच

**पेरिस, वार्ता।** सार्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को सीधे सेटों में हराकर फ्रेंच ओपन के प्री क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है।

24 बार के ग्रैंड स्लैम विजेता नोवाक जोकोविच ने टूर्नामेंट में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए तीसरे दौर के मुकाबले में ऑस्ट्रिया के फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराया। फ्रेंच ओपन में यह जो. कोविच की 99वीं जीत है। वह ऑस्ट्रेलिया ओपन में 99 मैच जीत चुके है। जोकोवि का प्री-क्वार्टर फाइनल में ब्रिटेन के कैम नोरी से मुकाबला होगा।

# रिंकु सिंह और सांसद प्रिया सरोज 18 नवम्बर को करेंगे शादी



**वाराणसी, वार्ता।** जौनपुर की मछलीशहर लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी सांसद प्रिया सरोज की रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी। उनकी शादी भारतीय क्रिकेट टीम के उभरते सितारे रिंकू सिंह के साथ होनी है।

शादी 18 नवम्बर 2025 को वाराणसी के होटल ताज से होगी।

**■ रिंग सेरेमनी 8 जून को लखनऊ में होगी**

इसमें क्रिकेट के सितारे, फिल्म जगत की हस्तियों और उद्योगपतियों का जमवाड़ा रहेगा। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स की तरफ से खेलने वाले अलीगढ़ के रिंकू सिंह की शादी प्रिया से तय है। इसकी पुष्टि पहली बार सांसद बनीं प्रिया सरोज के पिता व केराकत विधानसभा सीट से सपा विधायक तूफानी सरोज ने की थी।

विधायक ने कहा था कि अलीगढ़ में रिंकू के परिजनों से मुलाकात हुई थी। परिजन शादी के लिए राजी हैं। आईपीएल के बाद दोनों की शादी होगी। अब रिंग सेरेमनी और शादी की तारीख तय हो गई है। सपा विधायक के करीबियों के मुताबिक, शादी पारंपरिक रीति-रिवाज से होगी। इसमें देशभर प्रमुख राजनेता, क्रिकेटर, फिल्मी सितारे और समाजसेवी शामिल होंगे। यह रिश्ता दोनों परिवारों की सहमति और स्नेह से तय हुआ है। दोनों ने एक-दूसरे को समझने के लिए वक्त दिया और अब एक नई शुरुआत के लिए तैयार हैं। प्रिया सरोज पेशे से अधिवक्ता हैं।

# एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सचिन ने जीता सिल्वर

**● जेवलिन इवेंट में 85.16 मीटर का पर्सनल बेस्ट थ्रो किया, पाकिस्तान के अरशद नदीम के नाम गोल्ड**



**साउथ कोरिया, वार्ता।** एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भारत के सचिन यादव ने जेवलिन थ्रो में सिल्वर मेडल अपने नाम किया है। शनिवार को जेवलिन इवेंट में पाकिस्तान के अरशद नदीम ने 86.40 मीटर का आखिरी थ्रो फेंककर गोल्ड जीता।

साउथ कोरिया के गुमी में हो रहे टूर्नामेंट में भारत पाइंट्स टेबल के दूसरे स्थान पर हैं। देश के 8 गोल्ड, 10 सिल्वर और 6 ब्रान्ज सहित 24 मेडल हो गए हैं। शुरुआत में भारत के सचिन यादव मेडल की दौड़ से बाहर रहे, लेकिन उन्होंने अंतिम 2 थ्रो में 83.03 मीटर और 85.16 मीटर के साथ सिल्वर मेडल जीता।

सचिन के अलावा, यशवीर सिंह 82.57 मीटर के अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के साथ 5वें स्थान पर रहे। सचिन यादव और यशवीर सिंह अपने पर्सनल बेस्ट थ्रो के बावजूद वर्ल्ड चैंपियनशिप क्वालीफिकेशन मार्क तक नहीं पहुंच पाए। इसके लिए एथलीट को मिनिमम 85.50 मीटर थ्रो की आवश्यकता होती है।

पेरिस ओलिंपिक 2024 में गोल्ड जीतने के बाद अरशद नदीम की यह पहली प्रतियोगिता थी। उन्होंने 86.34 मीटर के थ्रो के साथ हीट में टाप स्थान हासिल करके इस स्पर्धा के फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। फाइनल में, अरशद के पहले दो थ्रो निराशा. जनक रहे, लेकिन उन्होंने दिन के अपने तीसरे थ्रो के साथ 85 मीटर का आंकड़ा पार कर लिया। इसके बाद से, वे बढ़त में बने रहे और गोल्ड जीता। वहीं नीरज चोपड़ा ने डायमंड लीग इवेंट के लिए इस टूर्नामेंट को छोड़ने का फैसला किया। नीरज ने हाल ही में दोहा डायमंड लीग में 90 मीटर का आंकड़ा पार किया था। भारत के अनिमेष कुजूर ने शनिवार को 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में मेंस 200 मीटर के फाइनल में ब्रान्ज मेडल जीता। वहीं, विथ्या रामराज ने महिलाओं की 400 मीटर हर्डल रेस में ब्रान्ज अपने नाम किया। कुजूर ने पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए 20.32 सेकेंड का नया नेशनल रिकार्ड बनाया। इस 21 साल के प्लेयर ने 20.40 सेकेंड का अपना पिछला रिकार्ड बेहतर किया, जो उन्होंने इस साल की शुरुआत में राष्ट्रीय फेडरेशन सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था। जापान के तोवा ने 20.12 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक, जबकि सऊदी के अब्दुल अजीज अताफी (20.31 सेकेंड) ने सिल्वर जीता।

# ट्रम्प का शगूफा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को एक बार फिर भारत-पाक के बीच सीजफायर को लेकर श्रेय लेने का शगूफा छोड़ दिया। ऐसा उन्होंने एक बार नहीं एक दिन में दो बार किया। कुल मिलाकर बात करें, तो यह 11वां मौका था जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प सार्वजनिक रूप से यह कहते दिखाई दिए कि उन्होंने ही दस मई को भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया था। वह यहीं नहीं रुकते, जो सबसे बड़ी बात वह कहते हैं वह यह कि अमेरिका से ट्रेड की धमकी देकर वह संभावित युद्ध को रोकने में सफल रहे। मतलब साफ है कि इस बात से वह यह कहना चाह रहे हैं कि युद्ध रोकने के लिए न भारत तैयार था न पाक। अमेरिका से व्यापार करने की धमकी ही दोनों देशों को सीजफायर करने के लिए विवश होने पर मजबूर कर गई। जहां तक बात भारत की है, भारत अपनी तरफ से कई बार यह सफाई दे चुका है कि सीजफायर का फैसला भारत और पाक के बीच ही वार्ता में तय हो पाया था और तीसरे देश की इसमें किसी तरह की कोई भूमिका नहीं थी, लेकिन डोनाल्ड ट्रम्प हैं कि चुप होने का नाम नहीं ले रहे हैं। वह अमे. रिका में ही नहीं बल्कि अमेरिका से बाहर जाकर अपने दौरे में भी वह इस तरह की बातें कर रहे हैं। पिछले दिनों जब वह कतर व सऊदी की यात्रा पर आए थे तब भी उन्होंने यह राग अलापा था। निश्चित रूप से यह भारत सरकार के लिए बड़ी असहज स्थिति है। देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल कांग्रेस ट्रम्प की इन बयानबाजियों को लेकर सरकार पर निशाना साध रहा है, जोकि स्वाभाविक ही है। जयराम रमेश व पवन खेड़ा जैसे कांग्रेसी नेता खुलकर प्रधानमंत्री मोदी को इस मामले में घेर रहे हैं। वह इस पूरे प्रकरण पर सरकार की चुप्पी विशेषकर पीएम मोदी की चुप्पी पर सवाल उठा रहे हैं। निश्चित रूप से यह एक गंभीर मुद्दा बन गया है। सरकार इस मामले में खुलकर अपनी राय नहीं रख पा रही है। विपक्ष मांग कर रहा है कि सरकार बताए कि अमेरिकी राष्ट्रपति को मध्यस्थता के लिए किसने कहा था और यदि वह अपनी ओर से कह रहे हैं तो सरकार को बाकायदा अपना विरोध दर्ज कराना चाहिए और ट्रम्प से कहना चाहिए कि वह इस तरह की बयानबाजी से बाज आएं, लेकिन सरकार ऐसा नहीं कर पा रही है। यह समझना भी बेहद कठिन है कि आखिर ट्रम्प भारत के साथ इस तरह का व्यवहार क्यों कर रहे हैं और बार-बार उनको यह कहने की जरूरत क्यों पड़ रही है। जाहिर है वह कोई भी ऐसा मौका नहीं गवा रहे हैं, जिससे भारत की परेशानी बढ़े। विशेषकर मोदी को लेकर वह ज्यादा ही विमुख होते दिखाई दे रहे हैं। एक तरफ वह उनको अपना दोस्त भी बताते हैं, उनकी प्रशंसा भी करते हैं लेकिन दूसरी तरफ इस तरह की बातें भी करते हैं, जिससे पीएम मोदी के सामने असहजता की स्थिति उत्पन्न हो। जाहिर है, अमेरिकी राष्ट्रपति दोहरा गेम खेल रहे हैं। वह भारत-पाक के बीच सीजफायर का श्रेय लेने की बात तो कह ही रहे हैं, साथ ही भारत व पाक को एक ही नजरिये से देख रहे हैं। ऐसे में भारत को बहुत सतर्कता के साथ पूरे मामले से निपटने की जरूरत है।

## कश्मीर को दोस्ती और समझ का पुल बनाएं



जम्मू-कश्मीर को भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध का मैदान नहीं, बल्कि दोस्ती और समझ का पुल बनना चाहिए, जम्मू-कश्मीर हमेशा युद्ध और हिंसा का सबसे ज्यादा नुकसान झेलता रहा है, हमारी हालत दो हाथियों की लड़ाई में कुचले जाने वाले घास जैसी हो गई है, पीडीपी हमेशा शांति की बात करती रही है और लोगों की भावनाओं को आवाज देती रही है, हमें युद्ध के डर को खत्म करना होगा, ताकि लोग अपनी जिंदगी की प्लानिंग कर सकें और अर्थव्यवस्था को फिर से खड़ा किया जा सके, जब भारत सरकार ने सिंधु जल संधि को सस्पेंड किया था, तब मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने इसका स्वागत किया था और पाकिस्तान को पानी की सप्लाई तुरंत बंद करने की मांग की थी, हमारी पाकिस्तान सरकार से राजनीतिक असहमति हो सकती है, पर वहां के लोगों से नहीं।

**-महबूबा मुफ्ती, अध्यक्ष पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी**

# नीचता, गलीचता से महानता तक

घटिया, नीच और गलीच की भी अपनी महानता के उच्च मापदंड हुआ करते हैं जब दौर ही सोच से गलीचों व नीचों का चल रहा हो तो उसमें भाषा में प्रेम और तर्क खोजे तो खोजे कौन? मूर्खता की प्रचंडता के इस स्वर्णिम बेला में हर एक सीवेज चिंतन वाला जब भी मुंह खोलेगा तो आपको ऐसा एहसास होगा मानो किसी सफाईकर्मी ने बहुत दिनों से मानव मल-मूत्र से जाम सीवेज का ढक्कन प्रेम के शुक्ल पक्ष में खोल दिया हो। ऐसा प्रेममई मुंह और उससे रिसती मवादीय भाषा ताजा मानवीय मल की तरह चैनलों के स्टूडियो से निकल कर पूरे वातावरण में लगभग हर रोज शाम को एक निश्चित एजेंडा के तरह फैलाई जा रही है।

प्राइम टाइम के वक्त लश्कर-ए-मीडिया के भाषाई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद रहते हैं। समूचे गोबरपट्टी या गोबरालैंड को रोज ऐसे ही भाषाई लंपटों की लंपटई के हवाले कर दिया जाता है। इस लंपटई, उठाईगिरी और उठाईगिरों की फौज को खड़ा करने में कई सालों की मेहनत और अथाह पैसा लगा है। लंपटई में किया गया यह निवेश अब जाकर फल दे रहा है। पूरे गोबरालैंड के समाज के भीतर फर्जी राष्ट्रवाद, फर्जी ऐतिहासिक तथ्यों और धार्मिक नफरतों का ऐसा सैलाब आया हुआ है कि जैसे ही तथ्यान्वेषण होना आरंभ होता है तुरंत प्रेममई भाषा में जवाब आ जाता है। हमने सत्ता के लिए जाने-अनजाने, समाज के भीतर इतना विष घोल दिया है कि वह अब भयावह रूप में प्रगट हो रहा है। कहीं किसी न्यायालय परिसर में मूर्तियों की स्थापना को लेकर दो धड़े आमने-सामने आते हैं तो कहीं घोड़े से दलित को उतार कर उसकी पिटाई कर दी जा रही है। कहीं निम्न वर्ग द्वारा डीजे बजाने को लेकर हमले हो रहे हैं तो कहीं सत्ता प्रशासन मात्र इसलिए बुल्डोजर न्याय कर रहा है क्योंकि वहां एक धर्म विशेष के लोग ज्यादा हैं। कोई सवाल नहीं कि सालों-साल इन तथाकथित अवैध बस्तियों को बिजली व पानी कनेक्शन कैसे मिलता रहा? राशन कार्ड कैसे बनते रहे? हाउस टैक्स क्यों लिए जाते रहे? कांधे पर स्टार बढ़वाने, मलाईदार पोस्टिंग पाने और प्रमोशन की लालसा इतनी प्रेममई भाषा की तरह हो जाएगी कि न्याय, मानवीय संवेदनाओं और सरोकारों का भी कोई हिस्सा जीवित न रह पाएगा? जैसे ही सत्ता समर्थित छिछलेदार चीकट प्रेममई किसी व्यक्ति से आप तार्किकता पर आते हैं, वह असहज और असहाय सा हो उठता है, क्योंकि जब बर्तन में कुछ नहीं होता तो वह आवाज बहुत करता है। विगत दो दशकों में भाषाई फूहड़ आतंकवादियों का एक पूरा गिरोह तैयार किया गया है और यह पूरा का पूरा गिरोह विशुद्ध रूप से अनपढ़ों और गंवारों का है, चूंकि इनके पास तथ्यात्मक रूप से कुछ होता नहीं है इसलिए जैसे ही फंसते हैं यह गटर खोलते हैं। इनके पास इसका कोई जवाब नहीं है कि इनके एक खास गैर राजनीतिक संगठन ने आजादी की लड़ाई क्यों नहीं लड़ी? ये संगठन हिन्दू हित की बात तो खूब करता है, लेकिन उसकी वेशभूषा आज तक विदेशी क्यों है? सुभाषचन्द्र बोस जब आजाद हिन्द सेना का गठन कर रहे थे, तब इस संगठन ने भारतीय युवाओं को सेना में शामिल होने से क्यों रोका? इनके एक बहादुरकर ने अंग्रेजों को 6 माफीनामे क्यों लिखे? जबकि उसी जेल में 436 लोग और थे। सिर्फ इन्होंने ही क्यों माफीनामे लिखे? ऐसी क्या आफत थी?

प्रेमभाषा से अगर यह सवाल किया जाए कि 1925 में प्रथम अधिवेशन में द्विराष्ट्रवाद के सिद्धान्त हिन्दू राष्ट्र मुस्लिम राष्ट्र का प्रस्ताव क्यों पारित किया गया, जबकि इनका मानस संघटन आज अखंड भारत की बात करता है। वर्ष 1942 में असहयोग आंदोलन का मानस संघटन ने बहिष्कार क्यों किया? मानस संगठन का यह पत्र सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा है जिससे आज की पीढ़ी इनके सच को जान सके। गांधी जी इतना क्यों चुभते थे कि उनकी हत्या के पांच असफल प्रयास किए गए? मानस संगठन के प्रथम अगुवा ने हिंदुओं से यह अपील क्यों की कि वे अपनी ताकत का इस्तेमाल अंगेजों के खिलाफ न करते हुए देश में मुस्लिम, क्रिश्चियन और दलितों के खिलाफ करें? 15 अगस्त, 1947 को जब देश आजाद हुआ तब मानस संगठन के लोगों ने राष्ट्रध्वज तिरंगे को अपने पैरों तले क्यों कुचला? क्रान्तिकारी लीलाधर वाजपेई के खिलाफ गवाही किसने दी? जिससे उन्हें 2 साल का कठोर कारावास हुआ। मानस संगठन और इससे उपजे दल ने पिछड़े, दलित, आदवासियों के नासिक स्थित काला राम मंदिर में प्रवेश मुद्दे पर डॉ. आंबेडकर का जबरदस्त विरा. ेध क्यों किया? साल, 1925 से 1947 के बीच वन्देमातरम का नारा लगाने से परहेज क्यों रहा? मानस संगठन के प्रमुख कभी दलित, आदिवासी या पिछड़ा वर्ग से क्यों नहीं बने? यह हिंदू हैं भी या काम चलाऊ हैं? नागपुर में तिरंगा फहराने पर तीन युवाओं के खिलाफ एफआईआर क्यों? इन सवालों के जवाब जाहिर है प्रेमो टाइप्स चेपुओं के पास नहीं हैं। आइए वर्तमान में ही आ जाएं तर्कों के साथ। यहां भी कोई सार्थक जवाब नहीं है सिवाय तेरी मां। तेरी चाची। तेरी बहन जी के अलावा। भारत के व्यापार को चीन खा गया क्या किया सरकार ने? चीन एक ऐसा देश है जो भारत से अरबों डॉलर का व्यवहार करता है लेकिन पालता-पोसता पाकिस्तान को है। आश्चर्य है कि भारत की चीन से ऐसी क्या एंडी फंसी है कि सब कुछ लुटा के भी होश में न आया जा रहा है। यह कौन सी मोहब्बत है जो लुट रही है, लेकिन उफ तक न कर रही है। चीन से भारत का आयात लगातार बढ़ रहा है, एक रिपोर्ट के अनुसार, जिसमें 2023-24 में 101.73 बिलियन डॉलर का आयात हुआ था, जो 2022-23 के मुकाबले 3.28 प्रतिशत अधिक है। भारत ने 2024-25 में रिकॉर्ड 113.45 बिलियन डॉलर का आयात किया, जो कि पिछले साल की तुलना में 11.52 प्रतिशत अधिक है। है कोई जवाब या वही एक प्रेमामई शब्द है तेरी। चाल, चरित्र और चिंतन के सड़क छाप टपोरी प्रवक्ताओं के पास दरअसल न तथ्य हैं न कथ्य हैं। सिवाय नफरत और झूठ के खांचों के सिवाए। पिछले एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थों की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे? नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे? रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों? राफेल महंगा क्यों खरीदा गया? फ्रांस से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की? गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों? सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है? एक पेड़ मां के नाम का फ्राड और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ? बेरोजगारी चरम पर क्यों? 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं? महंगाई पर लगाम क्यों नहीं? शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है? हर ओर निजीकरण क्यों? 32 गुजराती देश की बैंकों का अरबों-खरबों लेकर आराम से कैसे भागे? सरदार पटेल और भगत सिंह के भाषणों को तोड़कर, उसमें मिलावट कर झूठ परोसने वाले सच से असहज होकर सीधे तेरी मां, तेरी चाची। तेरी बहन... की प्रेमकथा वाचन करने वाले बौद्धिक स्तर पर कितने खोखले हैं कि जब भी मुंह खोलते हैं कोयल और कौवे का फर्क समझ आ जाता है।

### सवाल

- एक दशक से भारत के पोर्ट मादक पदार्थो की तस्करी का खुला खेल, खेल रहे हैं कौन हैं इनके पीछे?
- नोट बंदी के पीछे का सच क्या है? 30 प्रतिशत से अधिक 500 के नकली नोट बाजार में कैसे?
- रेल दुर्घटनाओं में अभूतपूर्व वृद्धि रेलवे संरक्षा में लाखों पद खाली क्यों?
- राफेल महंगा क्यों खरीदा गया?
- France से टेक्नोलॉजी ट्रांसफर क्यों नहीं की?
- गोरखाओं की चीन सेना में भर्ती कर रहा है। यह बहुत बड़ा खतरा है। इस पर खामोशी क्यों?
- सेना में चार साल की नौकरी क्यों? जबकि एक पूर्ण प्रशिक्षित सैनिक कम से कम छह साल में तैयार होता है?
- एक पेड़ मां के नाम का धोखा और हजारों हेक्टेयर जंगल साफ?
- बेरोजगारी चरम पर क्यों?
- 4 ट्रिलियन डॉलर की रौनक बाजारों में क्यों नहीं?
- महंगाई पर लगाम क्यों नहीं?
- शिक्षा और चिकित्सा को तबाह क्यों किया जा रहा है?
- हर ओर निजीकरण क्यों?





पवन सिंह

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# देश की रक्षा परियोजनाओं में देरी क्यों

**एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह के बयान ने रक्षा क्षेत्र में सुधार की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया है। रक्षा कॉन्ट्रैक्ट्स में यथार्थवादी समय सीमाएं निर्धारित की जानी चाहिए। सिंह ने सुझाव दिया कि हमें वही वादा करना चाहिए जो हम हासिल कर सकते हैं। इसके लिए कॉन्ट्रैक्ट साइन करने से पहले गहन तकनीकी और लॉजिस्टिकल मूल्यांकन की आवश्यकता है। AMCA प्रोजेक्ट में निजी क्षेत्र की भागीदारी एक सकारात्मक कदम है। निजी कंपनियों को रक्षा उत्पादन में और अधिक शामिल करने से HAL और क्त्क पर निर्भरता कम होगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। HAL और अन्य सार्वजनिक उपक्रमों को 'मिशन मोड' में काम करने के लिए संगठनात्मक सुधार करने चाहिए। इसके लिए समन्वय, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट और कर्मचारी प्रशिक्षण में सुधार की आवश्यकता है।**



विनीत नारायण

भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने 29 मई 2025 को नई दिल्ली में आयोजित एक सभा में रक्षा परियोजनाओं में देरी को लेकर एक महत्वपूर्ण बयान दिया। उन्होंने कहा, टाइमलाइन एक बड़ा मुद्दा है। मेरे विचार में एक भी परियोजना ऐसी नहीं है जो समय पर पूरी हुई हो। कई बार हम कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय जानते हैं कि यह सिस्टम समय पर नहीं आएगा। फिर भी हम कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लेते हैं। यह बयान न केवल रक्षा क्षेत्र में मौजूदा चुनौतियों को उजागर करता है, बल्कि भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में चल रही प्रक्रिया पर भी सवाल उठाता है। एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह ने अपने बयान में विशेष रूप से हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी में देरी का उल्लेख किया। यह देरी 2021 में हस्ताक्षरित 48,000 करोड़ रुपये के कॉन्ट्रैक्ट का हिस्सा है, जिसमें 83 तेजस Mk1A जेट्स की डिलीवरी मार्च 2024 से शुरू होनी थी, लेकिन अभी तक एक भी विमान डिलीवर नहीं हुआ है। इसके अलावा, उन्होंने तेजस Mk2 और उन्नत मध्यम लड़ाकू विमान AMCA जैसे अन्य महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स में भी प्रोटोटाइप की कमी और देरी का जिक्र किया। यह बयान ऐसे समय में आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ रहा है, विशेष रूप से 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद, जिसे उन्होंने राष्ट्रीय जीत करार दिया। उनके बयान का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है क्योंकि यह रक्षा क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही की आवश्यकता को रेखांकित करता है। यह पहली बार नहीं है जब HAL की आलोचना हुई है। फरवरी 2025 में, एयरो इंडिया 2025 के दौरान, एयर चीफ मार्शल सिंह ने HAL के प्रति अपनी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा था, मुझे HAL पर भरोसा नहीं है, जो बहुत गलत बात है।

यह बयान एक अनौपचारिक बातचीत में रिकॉर्ड हुआ था, लेकिन इसने रक्षा उद्योग में गहरे मुद्दों को उजागर किया। रक्षा परियोजनाओं में देरी के कई कारण हैं, जिनमें से कुछ संरचनात्मक और कुछ प्रबंधन से संबंधित हैं। तेजस Mk1A की डिलीवरी में देरी का एक प्रमुख कारण जनरल इलेक्ट्रिक से इंजनों की धीमी आपूर्ति है। वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में समस्याएं, विशेष रूप से 1998 के परमाणु परीक्षणों के बाद भारत पर लगे प्रतिबंधों ने HAL की उत्पादन क्षमता को प्रभावित किया है। सिंह ने HAL को मिशन मोड में न होने के लिए आलोचना की। उन्होंने कहा कि HAL के भीतर लोग अपने-अपने साइलो में काम करते हैं, जिससे समग्र तस्वीर पर ध्यान नहीं दिया जाता। यह संगठनात्मक अक्षमता और समन्वय की कमी का संकेत है। सिंह ने इस बात पर भी जोर दिया कि कई बार कॉन्ट्रैक्ट साइन करते समय ही यह स्पष्ट होता है कि समय सीमा अवास्तविक है। फिर भी, कॉन्ट्रैक्ट साइन कर लिए जाते हैं, जिससे प्रक्रिया शुरू से ही खराब हो जाती है। यह एक गहरी सांस्कृतिक समस्या को दर्शाता है, जहां जवाबदेही की कमी है। हालांकि सरकार ने AMCA जैसे प्रोजेक्ट्स में निजी क्षेत्र की भागीदारी को मंजूरी दी है, लेकिन अभी तक रक्षा उत्पादन में निजी क्षेत्र की भूमिका सीमित रही है। इससे HAL और DRDO जैसे सार्वजनिक उपक्रमों पर अत्यधिक निर्भरता बढ़ती है, जो अक्सर समय सीमा पूरी करने में विफल रहते हैं। भारत की रक्षा खरीद प्रक्रिया जटिल और समय लेने वाली है। इसके अलावा, डिजाइन और विकास में देरी, जैसे कि तेजस Mk2 और AMCA के प्रोटोटाइप की कमी, परियोजनाओं को और पीछे धकेलती है। रक्षा परियोजनाओं में देरी का भारतीय वायुसेना की परिचालन तत्परता पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान में, भारतीय वायु सेना के पास 42।5 स्क्वाड्रनों की स्वीकृत ताकत के मुकाबले केवल 30 फाइटर स्क्वाड्रन हैं। तेजस Mk1A जैसे स्वदेशी विमानों की देरी और पुराने मिग-21 स्क्वाड्रनों का डीकमीशनिंग इस कमी को और गंभीर बनाता है। इसके अलावा, देरी से रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में भारत की प्रगति भी प्रभावित होती है। सिंह ने कहा, हमें केवल भारत में उत्पादन की बात नहीं करनी चाहिए, बल्कि डिजाइन और विकास भी भारत में करना चाहिए। देरी न केवल भारतीय वायुसेना की युद्ध क्षमता को कमजोर करती है, बल्कि रक्षा उद्योग में विश्वास को भी प्रभावित करती है। 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे हालिया सैन्य अभियानों ने यह स्पष्ट किया है कि आधुनिक युद्ध में हवाई शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका है, और इसके लिए समय पर डिलीवरी और तकनीकी उन्नति अनिवार्य है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# घातक साबित हो सकती है सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति



तनवीर जाफरी

पहलगाम में हुए पाक प्रायोजित हमले के बाद भारतीय सेना की ओर से किए गए ऑप्रेशन सिन्दूर के बाद सत्ताधारी दल भारतीय सेना के शौर्य को भुनाने में लग गया है। निश्चित रूप से हमारे सैनिकों खासकर भारतीय वायु सेना ने जिस बहादुरी के साथ पाक अधिकृत कश्मीर सहित पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया उससे भारतीय जनता का मनोबल भी ऊंचा हुआ है साथ ही पाकिस्तान भी अपनी औकात को समझ चुका है, परन्तु जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस सैन्य शौर्य का राजनीतिकरण करने की कोशिश की जा रही है इस पर सवाल जरूर उठाए जा रहे हैं। खासकर प्रधानमंत्री के उस चित्र को लेकर जिसमें वे सैन्य वर्दी में एक लड़ाके की भूमिका में, पृष्ठभूमि में वायुसेना के लड़ाकू विमान के साथ प्रचारित किए जा रहे हैं। उधर भारत की तरफ से कई रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह व कई अन्य जिम्मेदार नेताओं द्वारा पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में पुन: शामिल करने को लेकर सार्वजनिक रूप से बातें की जा रही हैं और इसी बीच भारतीय वायुसेना प्रमुख ने सरकार की आंखें खोलने वाले कुछ बयान भी दिए हैं। साथ ही सरकार द्वारा शुरू की गई अग्निवीर योजना पर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

पिछले दिनों सीआईआई वार्षिक बिजनेस समिट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की उपस्थिति में भारतीय वायुसेना के प्रमुख एयर चीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने खास तौर पर स्वदेशी सैन्य परियोजनाओं की ओर इशारा करते हुए रक्षा सौदों में देरी के मामलों की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि तेजस Mk1A फाइटर जेट की डिलीवरी रुकी हुई है। जो फरवरी 2021 में हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के साथ 48,000 करोड़ रूपए में हुई थी। उन्होंने कहा कि ऑर्डर किए गए 83 विमानों में से अब तक एक भी विमान हमें नहीं दिया गया है, जबकि इसकी डिलिवरी मार्च 2024 में ही शुरू होने वाली थी। तेजस Mk2 का प्रोटोटाइप अभी तक रोल आउट नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि तेजस सहित कई बड़ी डील हुई, पर अभी तक डिलीवरी का पता नहीं। प्रमुख एयर चीफ मार्शल ने रक्षा खरीद परियोजनाओं में देरी पर गंभीर चिंता जताते हुए स्वदेशी प्रोजेक्ट्स का जिक्र किया और साफ तौर से यह कहा कि हमें जो चीज आज चाहिए, वो आज ही चाहिए। युद्ध, सेनाओं को सशक्त बनाकर जीते जाते हैं। इसी तरह स्टील्थ AMCA फाइटर का भी अभी तक कोई प्रोटोटाइप नहीं है। उन्होंने कहा कि कई बार डील के कॉन्ट्रैक्ट पर दस्तखत करते वक्त ही हमें पता होता है कि यह सिस्टम कभी भी समय पर नहीं मिलेंगे। उन्होंने कहा कि-मैं कोई एक भी ऐसी योजना नहीं बता सकता हूं जो समय पर पूरी हुई हो। प्रमुख एयर चीफ मार्शल की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब वायुसेना मोदी सरकार की आत्मनिर्भर भारत पहल के तहत तेजी से स्वदेशीकरण और घरेलू क्षमता पर जोर दे रही है। दूसरी तरफ सरकार द्वारा चलाई गई अग्निवीर योजना को लेकर भी तरह तरह के सवाल उठने लगे हैं। विपक्ष तो इस योजना को लेकर शुरू से ही आक्रामक था, जबकि सरकार तरह तरह के तर्क देकर इस योजना के फायदे गिनाने में लगी है, परन्तु अग्निवीर को लेकर अब जो सच्चाइयां सामने आ रही हैं वह भी भारतीय सेना के लिए चिंता बढ़ाने वाली हैं। इस समय सेना में अधिकारी रैंक के 16.71 % पद रिक्त हैं। क्योंकि हर साल 60 हजार सैन्यकर्मी सेवानवृत्त भी हो रहे हैं। जबकि भर्ती का अनुपात इसके विपरीत है। कोरोना काल के दौरान ही 2 वर्ष तक सेना में भर्ती पूरी तरह बंद थी। रक्षा मंत्रालय द्वारा हाल ही में संसद की स्थाई समिति को दी गई जानकारी के अनुसार इस समय भारतीय सेना में एक लाख से ज्यादा सैनिकों की कमी है। इस समय सेना की कुल संख्या 12.48 लाख है, जबकि एक लाख से अधिक पद खाली हैं। इसकी एक वजह अग्निवीर योजना से घटा युवाओं का रुझान माना जा रहा है। दरअसल अग्निवीर सैन्य भर्ती योजना अथवा अग्निपथ योजना 2022 में लागू की गई थी। इसके अंतर्गत भारतीय सेना, नौसेना और वायुसेना में युवाओं को चार साल की अवधि के लिए अग्निवीर के रूप में भर्ती किया जाना है। इन्हीं चार वर्षों के सेवाकाल में ही 6 महीने की प्रशिक्षण अवधि भी शामिल है। 4 वर्ष की सैन्य सेवा के बाद 25 प्रतिशत अग्नि वीरों को तो नियमित सैन्य सेवा में स्थाई रूप से शामिल किया जा सकता है परन्तु शेष अग्निवीरों को सेवा निधि पैकेज के रूप में लगभग 11-12 लाख रुपए और अनुभव प्रमाणपत्र के साथ विदा किए जाने का प्रावधान है। इस सेवा निधि पैकेज में अग्निवीर और सरकार दोनों का ही योगदान है।

इसके बावजूद अग्निवीर योजना के प्रति युवाओं के घटते रुझान का मुख्य कारण यह है कि यह योजना छोटी अवधि, लागत-प्रभावी और युवा-केंद्रित सैन्य सेवा पर जोर देती है, जबकि सामान्य सैनिकों की भर्ती लंबी अवधि की स्थाई सेवा और दीर्घकालिक लाभों पर आधारित है। अग्निवीर योजना को आधुनिक सैन्य जरूरतों और बजट प्रबंधन के लिए डिजाइन किया गया है, लेकिन यह स्थाई नौकरी की चाह रखने वाले युवाओं के बीच विवादास्पद रही है। इस योजना के अनुसार 4 साल का छोटा कार्यकाल और सीमित प्रशिक्षण सैनिकों को पूर्ण रूप से युद्ध के लिए तैयार नहीं करता, जिससे युवा इसे जोखिम भरा मानते हैं। इसके अलावा, 4 साल बाद नागरिक जीवन में पुनर्स्थापन के लिए पर्याप्त समर्थन की कमी भी एक बड़ी चिंता का विषय है। यही कारण है कि अग्निवीर भर्ती के प्रति युवाओं का रुझान विशेष रूप से उन राज्यों में कम हुआ है, जहां सेना में भर्ती पारंपरिक रूप से लोकप्रिय थी। इसका मुख्य कारण नौकरी की अनिश्चितता, पेंशन की कमी, और दीर्घकालिक भविष्य है। हालांकि, सरकार ने हरियाणा जैसे राज्यों में अग्निवीरों के लिए सरकारी नौकरियों में आरक्षण और अन्य प्रोत्साहन देने की कोशिश की है, लेकिन यह अभी भी युवाओं के असंतोष को पूरी तरह दूर नहीं कर पाया है। यही वजह है कि हरियाणा जैसे राज्यों में, जहां पहले प्रत्एक वर्ष लगभग 5,000 युवा सेना में भर्ती होते थे, अग्निवीर योजना के बाद यह संख्या घटकर केवल 250 तक रह गई है। ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में भी, 2022-23 में 73,000 युवाओं ने भर्ती के लिए पंजीकरण कराया, लेकिन अग्निवीर योजना लागू होने के बाद मैदान में तैयारी करने वाले युवाओं की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी देखी गई।

लिहाजा ऑपरेशन सिंदूर का श्रेय लेने और इसका चुनावी लाभ उठाने बजाए सैन्य विशेषज्ञों की सलाह पर तत्काल अमल किया जाए और सैन्य क्षमता को लेकर उठ रही उनकी चिंताओं का यथाशीघ्र समाधान किया जाए क्योंकि दुर्भाग्यवश भारत इस समय चारों ओर से असुरक्षित है। ऐसे में सैन्य पराक्रम को लेकर की जाने वाली राजनीति घातक साबित हो सकती है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)




# यूक्रेन पर रूसी प्रहार, गाजा में इजरायली बर्बरता, दुनिया हैरान

## चीन-सऊदी नहीं चाहते हम वहां भीख मांगने जाए

■ पाक के प्रधानमंत्री ने कहा: आसिम मुनीर और मैं आखिरी इंसान जो यह बोझ उठाना चाहते हैं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान के दोस्त मुल्क नहीं चाहते हैं कि हम उनसे भीख मांगने जाए। यह बात उन्होंने क्वेटा में कमांड एंड स्टाफ कालेज में सैनिकों संबोधित करते हुए कही। शरीफ ने कहा: चीन, सऊदी अरब, तुर्की, कतर, यूएई सब पाकिस्तान के भरोसेमंद दोस्त हैं।

वे हमसे उम्मीद करते हैं कि हम उनके साथ ट्रेड, कामर्स, इना. वेशन, डेवलपमेंट, शिक्षा, स्वास्थ्य, और इन्वेस्टमेंट में शामिल हों। उन्होंने जोर देकर कहा: वे अब और नहीं चाहते कि हम उनके यहां भीख का कटोरा लेकर जाएं। शरीफ ने आगे कहा: आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मैं आखिरी इंसान हूं जो इस बोझ को अपने कंधों पर उठाना चाहता है। आखिर में बोझ इस देश के कंधों पर आता है। शरीफ ने कहा कि हमें नेचुरल रिसोर्सेज का पूरा इस्तेमाल करना चाहिए और उन्हें सही कामों में लगाना चाहिए। क्वेटा में ही एक अन्य कार्यक्रम में शरीफ ने कहा कि बलूचिस्तान में आतंकवादियों ने जिन लोगों को भटकाया है उन्हें सही रास्ते पर लाना जरूरी है। आतंकवादियों को न तो जनता, न सरकार और न ही सेना बर्दाश्त करेगी। उन्होंने कहा कि बलूचिस्तान की दिक्कतों को बात. चीत के जरिए हल करने की जरूरत है। अगर कोई चिंता है, तो भाइयों को एक साथ बैठकर उसे हल करना चाहिए। पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने भी क्वेटा कमांड एंड स्टाफ कालेज में भाषण दिया था। इस दौरान उन्होंने कश्मीर विवाद के शांतिपूर्ण समाधान की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने कश्मीर में भारत की तरफ से बनाए जा रहे हाइड्रो-पावर प्रोजेक्ट पर आपत्ति जताई थी। मुनीर ने कहा था कि पाकिस्तान को कभी भी दबाया नहीं जा सकता। सेना प्रमुख ने भारत के साथ संघर्ष के दौरान मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी और कहा कि अपने देश की रक्षा के लिए पाकिस्तानी लोग लोहे की दीवार बन गए।



## रूस ने किया तीन वर्षों में सबसे बड़ा अटैक

**कीव।** यूक्रेन की वायु सेना ने रविवार को बताया कि रूस ने पिछले तीन वर्षों में शुरू हुए युद्ध के बाद से अब तक का सबसे बड़ा ड्रोन हमला किया है। वायु सेना के मुताबिक, रूस ने यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे। यूक्रेनी वायु सेना के संचार प्रमुख यूरी इगनात ने बताया कि इस ड्रोन हमले के साथ-साथ रूस ने सात मिसाइलें भी दागीं। उधर, यूक्रेनी सेना ने बताया कि रूसी मिसाइल हमले में उसकी एक प्रशिक्षण इकाई को निशाना बनाया गया है, जिसमें 12 सैनिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हो गए।

यह हमला दोपहर 12.50 बजे हुआ। बयान में गया कि हमले के समय वहां किसी प्रकार की सैन्य परेड नहीं हो रही थी या कोई समूह एकत्र नहीं था। बयान में कहा गया है कि एक जांच समिति बनाई गई है, जो यह पता लगाएगी कि इस हमले में इतनी बड़ी संख्या में जवानों की जान कैसे गई।यह प्रशिक्षण इकाई 1,000 किलोमीटर लंबी सक्रिय युद्ध रेखा के पीछे स्थित है, लेकिन रूसी जासूसी और हमले वाले ड्रोन इतनी दूरी तक भी हमला करने में सक्षम हैं। यूक्रेन की सेना कर्मियों की कमी से जूझ रही



**यूक्रेन पर 472 ड्रोन दागे सात मिसाइलें भी दागी मिसाइल अटैक में 12 यूक्रेनी सैनिकों की मौत**

है और रूसी ड्रोन हमलों से बचने के लिए बड़े समूह के रूप में एकत्र होने से बचने जैसे कदम उठा रही है, क्योंकि रूसी ड्रोन लगातार अपने लक्ष्य खोजते रहते हैं। बयान में कहा गया, अगर यह साबित होता है कि किसी अधिकारी की कार्रवाई या लापरवाही की वजह से सैनिकों की मौत हुई है या वे घायल हुए हैं, तो जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। वहीं, रूस के रक्षा मंत्रालय ने रदावा किया कि उसकी सेना ने यूक्रेन के उत्तरी सुमी क्षेत्र में स्थित ओलेक्सीवका गांव पर नियंत्रण पा लिया है।

## गाजा में खाना बांटते समय फिर गोलीबारी, 32 मौतें

232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली-जानकारी नहीं-

गाजा। रविवार को दक्षिणी गाजा में खाना बांटने के दौरान फिर से गोलीबारी हुई जिसमें कम से कम 32 फलस्तीनी लोगों की मौत हो गई है। गाजा के सरकारी मीडिया आफिस ने कहा है कि दक्षिणी गाजा के राफा शहर में रविवार को एक सहायता वितरण केंद्र के पास इजरायली सेना ने गोलीबारी की। इसमें 31 लोगों की मौत हो गई वहीं, 200 लोग घायल हुए हैं।

इसके अलावा मध्य गाजा के नेत्जारिम कारिडोर में भी एक सहायता केंद्र पर गोलीबारी की गई। इसमें 1 फलस्तीनी शख्स की मौत हो गई है जबकि 32 लोग घायल हैं। गाजा में खाना बांटने का काम एक अमेरिकी एजेंसी जीएचएफ चला रही है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गाजा में 27 मई से 1 जून तक खाना बांटने के दौरान हुई गोल. ीबारी में 49 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। फलस्तीन रेड क्रिसेंट के एक स्वास्थ्यकर्मी ने बताया कि जब गोलीबारी हुई, उस वक्त बड़ी



**232 लोग घायल, अस्पतालों में जगह कम पड़ी, इजरायली सेना ने पल्ला झाड़ा, बोली: जानकारी नहीं**

संख्या में लोग राफा इलाके में खाने की मदद लेने के लिए जमा हुए थे। वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पतालों में कुल 179 लोग हताहत हुए हैं, जिनमें 30 की हालत गंभीर है। इतने लोगों के घायल होने से अस्पतालों में भारी भीड़ हो गई है और इमरजेंसी वार्ड, आपरेशन थिएटर और आईसीयू में जगह की कमी हो गई है। इजरायली सेना ने जवाब में कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी नहीं है कि सहायता वितरण केंद्र के पास उनके सैनिकों की गोलीबारी से कोई घायल हुआ हो।

## शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध का मुकदमा शुरू

**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना पर मानवता के खिलाफ अपराध से जुड़े आरोपों में ट्रायल शुरू हो गया है। बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्राइम ट्रिब्यूनल (आईसीटी) में रविवार को इन आरोपों को औपचारिक तौर पर दर्ज किया गया। चीफ प्रासिक्यूटर ताजुल इस्लाम ने ट्रिब्यूनल में ये आरोप दर्ज कराए हैं।

आईसीटी के प्रासिक्यूटर गाजी मनोवार हुसैन तमीम ने डेली स्टार को यह जानकारी दी है। 12 मई को ट्रिब्यूनल की जांच एजेंसी ने हसीना के खिलाफ अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें जुलाई 2024 में आंदोलन के दौरान मानवता के खिलाफ अपराधों के पांच आरोप लगाए गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक आंदोलन के दौरान 1500 से अधिक लोग मारे गए जबकि 25 हजार से ज्यादा घायल हुए थे।

इस कार्यवाही को बांग्लादेश के सरकारी न्यूज चैनल बीटीडब्ल्यू पर लाइव टेलीकास्ट किया जा रहा है। 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद के प्रति. बंधित संगठन जमात-उद-दावा (जेयूडी) के कुछ आतंकियों ने दावा किया है कि उन्होंने पिछले साल बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों में भूमिका निभाई थी। इसकी वजह से प्रधानमंत्री शेख हसीना को पद से हटना पड़ा था। पीटीआई के अनुसार, ये बयान जेयूडी आतंकी सैफुल्लाह कसूरी और मुजम्मिल हाशमी ने अपने भाषणों के दौरान



■ बांग्लादेश में ट्रायल TV पर लाइव दिखा रहे तख्तापलट के बाद से भारत में हैं हसीना

दिए। लाहौर में समर्थकों को संबो. धित करते हुए कसूरी ने कहा मैं चार साल का था जब 1971 में पाकिस्तान का बंटवारा हुआ था। तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने घोषणा की थी कि उन्होंने खलीज (बंगाल की खाड़ी) में दो-राष्ट्र सिद्धांत को डुबो दिया है। 10 मई को हमने 1971 का बदला ले लिया है। बांग्लादेश में तख्तापलट के बाद बनी यूनुस सरकार ने हसीना पर हत्या, अपहरण से लेकर देशद्रोह के 225 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं। बांग्लादेश सरकार ने जुलाई में हुई हत्याओं की वजह से शेख हसीना का पासपोर्ट भी रद्द कर दिया है। वहीं बांग्लादेश के इंटरनेशनल क्रिमिनल ट्रिब्यूनल ने उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। ट्रिब्यूनल ने हसीना को 12 फरवरी तक पेश होने का निर्देश दिया था।

## जेल में रहकर बाप बना आतंकी लखवी: ओवैसी

### आईएमआईएम चीफ ने अल्जीरिया में कहा: आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा पाक

**अल्जीरिया।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के चीफ असदुद्दीन ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है। उन्होंने कुख्यात आतंकी जकीउर रहमान लखवी का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे वह पाकिस्तान की जेल में कैद रहकर भी एक बच्चे का बाप बन गया। उन्होंने अल्जीरिया में कहा: एक आतंकवादी पाकिस्तान में कैद रहते हुए बाप बन गया। दुनिया का कोई भी देश आतंकवाद के आरोप का सामना कर रहे आतंकवादी को जेल से बाहर आने की अनुमति नहीं देगा, लेकिन वह जेल में बैठे-बैठे ही एक बेटे का बाप बन गया। ओवैसी ने कहा कि जब पाकिस्तान फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) की ग्रे लिस्ट में आया, तभी लखवी के खिलाफ मुकदमा आगे बढ़ा। उन्होंने विश्व समुदाय और एफएटीएफ से पाकिस्तान को दोबारा ग्रे लिस्ट में डालने की अपील की, ताकि उसकी गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके। बता दें कि ओवैसी मोदी सरकार के आतंकवाद-विरोधी सर्वदलीय विदेशी प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा हैं। फिलहाल वे



■ एफएटीएफ इसे फिर ग्रे लिस्ट में डाले

अल्जीरिया के दौरे पर हैं। ओवैसी ने पाकिस्तान पर आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाते हुए कहा कि निर्दोष लोगों को मारना तो इस्लाम की शिक्षा के भी खिलाफ है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान 'तकफीरवाद (इस्लाम का दुश्मन)' का केंद्र बन चुका है। वहां के आतंकी संगठनों की विचारधारा में और आईएसआईएस, अल-कायदा की विचारधारा में कोई फर्क नहीं है। वे मानते हैं कि उनके पास धार्मिक वैधता है, जो पूरी तरह गलत है। इस्लाम किसी की हत्या की अनुमति नहीं देता, लेकिन उनकी विचारधारा बन गई है। ओवैसी ने कहा कि भारत और अल्जीरिया ने नवम्बर 2024 में एक रक्षा समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। मुझे यकीन है कि इससे हमारे रिश्ते मजबूत होंगे। उम्मीद है कि हमारे प्रधानमंत्री बहुत जल्द अल्जीरिया आएंगे और अल्जीरिया के राष्ट्रपति भारत आएंगे। ओवैसी ने बताया कि भारत ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में 7 मई की रात आपरेशन सिंदूर के तहत लश्कर और जैश के आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। ओवैसी ने कहा कि जो कोई भी हथियार उठाएगा, वो आतंकवादी है। आतंकवाद पूरी दुनिया का मसला है। किसी भी आतंकवादी को कहीं कोई जगह नहीं दी जा सकती। ओवैसी वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीजेपी सांसद बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इनके अलावा निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, सतनाम सिंह संधू, गुलाम नबी आजाद और पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन शृंगला भी इसमें शामिल हैं। यह प्रतिनिधिमंडल सऊदी अरब, कुवैत, बहरीन और अल्जीरिया जैसे देशों के दौरे पर था।

## ट्रम्प जल्द करेंगे नासा प्रमुख के नाम की घोषणा: व्हाइट हाउस

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प जल्द ही नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के नए प्रमुख के नाम की घोषणा करेंगे। यह जानकारी व्हाइट हाउस दी है। इससे पहले ट्रम्प ने टेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को नासा के प्रमुख के रूप में नामित किया था, जो प्रसिद्ध उद्यमी एलन मस्क के करीबी सहयोगी हैं। एजेंस फ्रांस-प्रेस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ने कहा कि यह जरूरी है कि नासा का अगला प्रमुख ऐसा व्यक्ति हो जो राष्ट्रपति ट्रम्प के अमे. रिका फर्स्ट एजेंडे के साथ पूरी तरह से ठीक बैठता हो। राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा जल्द ही इसके बारे में घोषणा की जाएगी। इससे पहले अमेरिकी मीडिया ने सूत्रों का हवाला से अपनी रिपोर्ट में बताया था कि ट्रम्प इसाकमैन के नामांकन को वापस लेना चाहते हैं।



**नई दिल्ली। अदालत के ध्वस्तीकरण के आदेश के बाद भारी सुरक्षा तैनाती के बीच जंगपुरा के मद्रासी कैंप में झुग्गी बस्तियों को ध्वस्त करते बुलडोजर।**

## रूस में पुल ढहने से सात की मौत, 69 घायल

**मास्को।** रूस के ब्रांस्क क्षेत्र में पुल ढहने की घटना में घायल हुए लोगों की संख्या बढ़कर 69 हो गई है, जिनमें तीन बच्चे शामिल हैं। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है। क्षेत्र के गवर्नर अलेक्जेंडर बोगोमाज़ ने यह जानकारी दी है।

उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि विगोनिचस्की जिले में पीड़ितों के बारे में जानकारी। इस घंटे तक पीड़ितों की संख्या 69 है, जिसमें तीन बच्चे शामिल हैं। पीड़ितों में से तीन की हालत गंभीर है, जिसमें एक बच्चा भी शामिल है। 44 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। 22 लोगों का अस्पताल से बाहर इलाज किया जा रहा है। इससे पहले उन्होंने कहा था कि ब्रांस्क क्षेत्र के विगोनिचस्की जिले में एक पुल ढह गया है। इस हादसे में सात लोगों की मौत हुई है और 30 लोग घायल हुए हैं। मास्को रेलवे की रिपोर्ट के अनुसार क्लिमोव-मास्को मार्ग पर यात्री ट्रेन नंबर 86 के लोकोमोटिव और डिब्बे परिवहन संचालन में अवैध हस्तक्षेप के कारण यह हादसा हुआ।

## म्यांमार ने की अस्थायी युद्धविराम बढ़ाने की घोषणा

**यांगून।** म्यांमार के रक्षा सेवाओं के कमांडर-इन-चीफ के कार्यालय ने शनिवार को अस्थाई युद्धविराम को 30 जून तक बढ़ाने की घोषणा की।

सरकारी स्वामित्व वाले दैनिक 'द मिरर' ने रविवार को यह जानकारी दी। रिपोर्ट में कहा गया है कि एक जून से शुरू होने वाले इस विस्तार का उद्देश्य भूकंप प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास प्रयासों का समर्थन करना, देश और उसके लोगों के हितों की सेवा करना और शांति एवं स्थिरता को बढ़ावा देना है। इससे पहले म्यांमार सशस्त्र बलों ने 7.9 तीव्रता के भूकंप के बाद बचाव और राहत कार्य में मदद के लिए छह से 31 मई तक अस्थायी युद्धविराम की घोषणा की थी। रिपोर्ट केव अनुसार, युद्धविराम के दौरान जातीय सशस्त्र संगठनों और अन्य सशस्त्र समूहों से आग्रह किया गया है कि वे जनता द्वारा उपयोग किए जाने वाले संचार मार्गों को बाधित या उनपर हमला न करें, नागरिकों के जीवन और संपत्ति को नुकसान न पहुंचाएं या नष्ट न करें, सुरक्षा कर्मियों और उनके शि. विरों पर हमला न करें, सैन्य कमांड को निशाना न बनाएं, शांति को कमजोर करने वाले बलों की भर्ती या लामबंदी न करें और क्षेत्रों का विस्तार न करें। रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि ऐसी कोई कार्रवाई होती है तो म्यांमार सशस्त्र बल जनता की सुरक्षा के लिए आवश्यक प्रतिक्रियात्मक कदम उठाएंगे।

## कामिल इदरीस ने ली सूडान के पीएम पद की शपथ

■ जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से पीएम का पद खाली था

**खार्तूम।** कामिल इदरीस ने सूडान के नए प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ले ली है। इदरीश ने सत्तारूढ़ संक्रमणकालीन संप्रभु परिषद के प्रमुख अब्देल फत्ताह अल-बुरहान के समक्ष शपथ ली। परिषद ने एक बयान में कहा कि शपथ ग्रहण समारोह के बाद बुरहान और परिषद अन्य सदस्यों ने इदरीस से मुलाकात की और सरकार की प्राथमिकताओं पर चर्चा की, जिसमें अर्थव्यवस्था को स्थिर करना, नागरिक आजीविका की रक्षा करना और राज्यों में व्यवस्था बहाल करना शामिल है। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री के रूप में इदरीस की नियुक्ति 19 मई को बुरहान द्वारा जारी एक संवैधानिक डिक्री के माध्यम से औपचारिक रूप से की गई थी। बुरहान सूडानी सशस्त्र बलों के कमांडर के रूप में भी कार्य करते हैं। इस निर्णय का संयुक्त राष्ट्र, अफ्रीकी संघ आयोग एवं विकास पर अंतर-सरकारी प्राधिकरण (आईजीएडी) ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर 2021 में बुरहान के नेतृत्व में सैन्य तख्तापलट करने और जनवरी 2022 में अब्दुल्ला हमदोक के इस्तीफे के बाद से प्रधानमंत्री का पद खाली था। हमदोक और अन्य नागरिक नेताओं को कुछ समय के लिए हिरासत में लिया गया था। इसके कुछ बाद उन्होंने पद छोड़ दिया था और कहा था कि सूडान एक 'खतरनाक मोड़' पर है क्योंकि सैन्य शासन के खिलाफ बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय कानून में डॉक्टरेट की डिग्री रखने वाले इदरीस ने पहले विश्व बौद्धिक संपदा संगठन के महानिद. ेशक और पौधों की नई किस्मों के संरक्षण के लिए अंतर्राष्ट्रीय संघ के महासचिव के रूप में कार्य किया है।

## ईरान एटम बम बनाने के बेहद करीब पहुंचा

### मिलिट्री ग्रेड यूरेनियम का स्टाक बढ़ाया, यूएस की निगरानी एजेंसी का दावा

**तेहरान/न्यूयार्क।** ईरान एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब पहुंच गया है। संयुक्त राष्ट्र की एटमी निगरानी संस्था, अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी आईएईए ने एक गोपनीय रिपोर्ट में दावा किया है कि ईरान ने मिलिट्री ग्रेड यानी 60 प्रतिशत तक शुद्ध यूरेनियम का स्टाक बढ़ा दिया है। यह यूरेनियम एटमी हथियार बनाने के बेहद करीब माना जाता है।

एजेंसी ने ईरान से सहयोग बढ़ाने और अपनी नीति में बदलाव की अपील की है। यह रिपोर्ट ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच एटमी समझौते को फिर से शुरू करने की कोशिशें चल रही हैं। इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है। वहीं इजरायल ने कहा कि आईएईए की रिपोर्ट दिखाती है कि ईरान एटमी हथियार बनाने की पूरी तैयारी कर चुका है। इजरायल ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से इसे तुरंत



■ इसे लेकर दोनों पक्षों के बीच बातचीत हो रही है, लेकिन अभी कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है

रोकने की अपील की है। अगर ईरान एटमी हथियार बना लेता है तो वह ऐसा करने वाला 10वां देश होगा। दुनिया में सबसे ज्यादा एटमी हथियार रूस के पास हैं। आईएईए (अंतर्राष्ट्रीय एटमी ऊर्जा एजेंसी) ने कहा है कि 17 मई तक ईरान के पास 60 प्रतिशत शुद्धता वाला करीब 408.6 किलो यूरेनियम था। यह मात्रा फरवरी की तुलना में 50 प्रतिशत ज्यादा है। यूरेनियम को जब ज्यादा शुद्ध किया जाता है, तो वह हथियार बनाने के लायक बन जाता है। 90 प्रतिशत शुद्ध यूरेनियम को हथियार-ग्रेड यानी एटमी बम बनाने लायक माना जाता है। 60 प्रतिशत पर पहुंच जाने का मतलब यह है कि ईरान अब उस स्तर से सिर्फ एक कदम पीछे है। आईएईए ने यह भी बताया कि अगर ईरान 60 प्रतिशत वाले करीब 42 किलो यूरेनियम को और ज्यादा शुद्ध कर दे, तो उससे एक एटमी बम बनाया जा सकता है। फिलहाल ईरान के पास कुल मिलाकर 9247.6 किलो समृद्ध यूरेनियम है। हालांकि ईरान का कहना है कि उसका एटमी कार्यक्रम बम बनाने के लिए नहीं बल्कि शांतिपूर्ण उद्देश्यों, जैसे बिजली बनाने या चिकित्सा के लिए है। ईरान के विदेश मंत्रालय और एटमी ऊर्जा संगठन ने इस रिपोर्ट को गलत और पक्षपातपूर्ण बताया।

## युद्ध विराम वार्ता को कमजोर कर रहा हमास: इजरायल

**यरूशलम।** इजरायल ने बंधकों की रिहाई के लिए अमेरिका की मध्यस्थता में तैयार किए गए नए प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है, लेकिन हमास इसे अस्वीकार करके वार्ता को बाधित कर रहा है।

यह जानकारी इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने दी। नेतन्याहू के कार्यालय ने हमास पर रूपरेखा को अस्वीकार करके प्रगति को बाधित करने का आरोप लगाया है। अमे. रिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ का हवाला देते हुए बयान में कहा गया कि हमास की प्रतिक्रिया अस्वीकार्य है और स्थिति को पीछे ले जाती है। इजरायल हमारे बंधकों की वापसी और हमास की हार के लिए अपनी

■ हमने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है: हमास

कार्रवाई जारी रखेगा। हमास ने हालांकि कहा कि उसने अमेरिका समर्थित योजना पर 'सकारात्मक' प्रतिक्रिया दी है, लेकिन लंबे समय तक युद्ध विराम की मांग सहित इसमें संशोधन की मांग भी की है। विटकॉफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर हमास के जवाब को 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया और समूह से आगे की वार्ता का मार्ग प्रशस्त करने के लिए रूपरेखा को अपनाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यही एकमात्र तरीका है जिससे हम आने वाले दिनों में 60-दिवसीय युद्ध विराम समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह समझौता शेष बंधकों में से आधे की रिहाई की सुविधा प्रदान करेगा, जिसमें मृत व्यक्ति भी शामिल हैं और स्थायी युद्ध विराम पर बातचीत का द्वार खोलेगा। अमे. रिका द्वारा समर्थित प्रस्ताव में लड़ाई में 60-दिवसीय विराम, गाजा में अभी भी बंद 58 बंधकों में से 28 की रिहाई, 1200 से अधिक फलस्तीनी कैदियों का आदान-प्रदान और एन्क्लेव में मानवीय सहायता में वृद्धि शामिल है। उधर, हमास के वरिष्ठ अधिक. ारी बासम नैम ने इस दावे को खारिज कर दिया कि समूह ने प्रस्ताव को ठुकरा दिया है।

## शांति के बजाय हम पर दबाव बढ़ा रहा फ्रांस: रूस

**मॉस्को/पेरिस।** रूस ने कहा है कि फ्रांस शांति की कोशिश नहीं कर रहा है बल्कि उसके ऊपर दबाव बढ़ा रहा है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने रूसी पत्रकार पावेल ज़ारुबिन से कहा कि फ्रांस शांति की राह पर नहीं है। फ्रांस रूस पर दबाव बढ़ाने की राह पर है। उन्होंने कहा कि यह खेदजनक है कि फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों वास्तविक स्थिति को नहीं समझ पाए और उनका मानना था कि दबाव उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। उन्होंने कहा कि केवल इस बात पर खेद व्यक्त किया जा सकता है कि फ्रांसीसी राष्ट्र के प्रमुख वास्तविक स्थिति को नहीं समझते हैं। इमैनुएल मैक्रों ने बार-बार रूस विरोधी बयान और प्रस्ताव दिए हैं।